www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 23 अगस्त, 2025 | वर्ष-18 | अंक-138 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के बहाने यूपी ... 02

■ न डरुंगी, न थकूंगी एवं न ही कभी हार मानूंगी
■ फर्जी सीबीआई गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने ... 03

■ अल्पसंख्यक बच्चियों तक को बनाया जा रहा निशाना
■ राजनीतिक बयानबाजी से सीरिया में फिर बिगड़... 07

परफेक्ट होना जरूरी नहीं, गलतियां भी ठीक हैं : अनन्या 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मु से मिले शुभांशु शुक्ला



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शुभांशु ने अपना अनुभव साझा किया। राष्ट्रपति ने उन्हें आने वाले गगनयान मिशन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### दिल्ली के स्कूल को फिर मिली धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल को शुक्रवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद खाली करा लिया गया। दिल्ली फायर सेवा को सुबह 7.05 बजे इस धमकी की सूचना मिली। पुलिस, बम स्क्वॉड व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने द्वारका के सेक्टर-7 के स्कूल के अंदर तलाशी ली।

### ऑनलाइन गेमिंग में ईडी की बड़ी कार्रवाई



**बंगलूरू।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र पप्पी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर कई जगहों पर छापेमारी की। पप्पी चित्रदुर्ग विस सीट से विधायक हैं। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई। सूत्रों के मुताबिक, विधायक और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े एक मामले में छापेमारी की गई।

### विधायक आरिफ को अदालत से राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक कॉलेज की संबद्धता हासिल करने के मामले में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया।

### आंध्र में ओएनजीसी पाइपलाइन से गैस रिसाव

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में तेल और प्राकृतिक गैस निगम की पाइपलाइन से गैस रिसाव होने की वजह से गांव के लोग खौफजदा हो गए। बाद में इस रिसाव को कंट्रोल कर लिया गया। गैस रिसाव तड़के लगभग 1:30 बजे हुआ, जिससे आग लग गई। काकीनाडा जिले के तल्लारेवु मंडल में दरयालटिप्पा के पास समुद्र में गैस पाइप लाइन से तेज आग की लपटें निकल रही थीं। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंचे। ओएनजीसी अधिकारियों ने साढ़े तीन बजे कृष्णा गोदावरी (केजी) बेसिन रिग से गैस की सप्लाई बंद कर दी, जिसके बाद आग बुझा दी गई।

## एसआईआर पर शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा

# 11 दस्तावेज संग आधार भी करें मान्य

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान शीर्ष

**शीर्ष अदालत ने सभी राजनीतिक दलों को बनाया पक्षकार**

अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है।

अदालत ने कहा कि आवेदन में फार्म 6 के साथ आवेदक आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज जमा कर सकता है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि बिहार की सभी 12 राजनीतिक



मतदाता सूची से हटाए लोग ऑनलाइन तरीके से कर सकते हैं आवेदन : **सुप्रीम कोर्ट**

दलों को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी करने चाहिए कि वे लोगों की मदद करें, उन्हें जागरूक करें, ताकि लोग मतदाता सूची से नाम कटने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन कर सकें। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं। शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिए अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं।



यह फैसला लोकतंत्र पर हुए एक कठोर हमले से देश को बचाने वाला है और चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को पूरी तरह उजागर कर दिया है अब अदालत ने राजनीतिक दलों को भी इस पूरी प्रक्रिया में शामिल करने का रास्ता खोल दिया है : **जयराम रमेश,कांग्रेस नेता**

### *आठ सितंबर को होगी अगली सुनवाई*

*अदालत ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को अगली सुनवाई पर स्टेटस रिपोर्ट जमा करनी होगी, जिसमें उन्हें बताना होगा कि उन्होंने कितने लोगों की ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद की। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए। चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने अदालत से आग्रह किया कि चुनाव आयोग को यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है। द्विवेदी ने कहा कि राजनीतिक दल शोर मचा रहे हैं, लेकिन स्थिति उतनी खराब नहीं है। हम पर विश्वास रखें और हमें कुछ और समय दें। हम आपको दिखा देंगे कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है।*

## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# आजाद होंगे आवारा कुत्ते

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित व आक्रमक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने आदेश दिया कि कुत्तों को सार्वजनिक स्थान में खाना न दिया जाए और नगर निगम इसके लिए अलग जगह बनाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह आदेश दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा। साथ ही याचिका में शामिल व्यक्ति 25 हजार और एनजीओ 2 लाख रुपए कोर्ट में जमा कराएं। कोर्ट ने आगे कहा है कि सिर्फ निर्धारित जगहों पर ही कुत्तों की फीडिंग की जाएगी। इसके अलावा, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई इन नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया, तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को फीडिंग करने

**दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा आदेश**



नसबंदी व टीकाकरण कर आवारा कुत्तों को छोड़ें, सिर्फ खूंखार-रेबीज संक्रमित कैद में रहें : **सुप्रीम कोर्ट**

की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ,जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने 14 अगस्त को पशु प्रेमियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर पॉलिसी बननी चाहिए। हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। देश के बाकी हाईकोर्ट में जहां भी मामले लंबित हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किया जाए। अगली सुनवाई आठ हफ्ते बाद अक्टूबर के लिए लिस्ट कर दी है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट का आदेश केवल दिल्ली-एनसीआर तक सीमित था, लेकिन अब इसे पूरे भारत में लागू करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर फिक्र जाहिर करते हुए एमसीडी और न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) को तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आवारा कुत्तों को पकड़ने और हटाने का निर्देश दिया था।

**खूंखार कुत्तों को परिभाषित करने की जरूरत : मेनका गांधी**



भाजपा नेता मेनका गांधी ने कहा कि मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। जहां तक बात खूंखार कुत्तों की है। अदालत ने इसकी पहचान नहीं बताई है। इसे परिभाषित करने की जरूरत है। आगे हम कोशिश करेंगे कि फैसला आ जाए कि खूंखार क्या है।

# संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश और मुकदमा विचारणीय है। मस्जिद समिति ने पिछले साल 19 नवंबर को सिविल जज की ओर से मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था, जो उसी दिन हुआ था। समिति ने दावा किया कि पिछले वर्ष 24 नवंबर को किया गया दूसरा सर्वेक्षण अवैध था, क्योंकि सिविल न्यायालय ने कभी इसका आदेश नहीं दिया था। हिंदू पक्ष की ओर से पेश हुए



■ शीर्ष अदालत ने हिंदू याचिकाकर्ताओं को किया नोटिस जारी
■ सुनवाई सोमवार तक स्थगित

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित मुद्दा ही नहीं उठता। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि संभल मस्जिद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित एक स्मारक है, इसलिए यह अधिनियम के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि वादी केवल स्मारक तक पहुंच की मांग कर रहे हैं। जैन ने आगे दलील दी कि कोर्ट की एक अन्य पीठ ने शुक्रवार को एक आदेश पारित किया है कि एएसआई की ओर से संरक्षित एक स्मारक प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट नहीं आता।

## गयाजी में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला,कहा

# लाल आतंक से जकड़ा हुआ था बिहार

■ 13 हजार करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पटना,**22 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बिहार दौरे पर रहे। मोदी ने राजद-कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। बिहार के लोगों को पुराने दिन याद दिलाते हुए कहा कि याद करें, लालटेन राज में बिहार की क्या दुर्दशा थी। लालटेन राज में यह क्षेत्र लाल आतंक से जकड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस को जनता के पैसे का मतलब रहा है खुद की तिजोरी भरना। कांग्रेस-राजद की सरकारों में सालों साल तक परियोजनाएं पूरी नहीं होती थी। योजनाओं को लटकाकर पैसे कमाते थे। गयाजी में जनसभा में मोदी के अलावा राज्यपाल, मुख्यमंत्री, दोनों डिप्टी सीएम समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने गयाजी में लगभग 13 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। साथ ही दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोदी ने कहा कि गया के लोगों



राजद-कांग्रेस को जनता के पैसे का मतलब रहा खुद की तिजोरी भरना : **मोदी**



गरीबों-पिछड़ों को वोट अधिकार से वंचित करने के विचार, संवैधानिक संस्थाओं का नियंत्रित करने और बिहार को गरीब और अपराध से त्रस्त बनाने वाली डबल इंजन की सरकार का करें पिंडदान : **लालू यादव**

की मांग थी कि गया का नाम गयाजी हो। बिहार सरकार ने नाम गयाजी कर दिया, इसके लिए यहां की सरकार बधाई की पात्र है। मोदी ने कहा कि यह चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। जब-जब देश को चुनौती मिली है, बिहार ढाल बनकर खड़ा हुआ है। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, तब बिहार की धरती से आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी।

### वोट चोरों को बर्दाश्त नहीं करेगा बिहार : राहुल



**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरों को बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। राज्य में अब वोट चोरी नहीं होने दी जाएगी और इस बार जनता का मूड और नतीजा एक सा होगा। अब पूरे देश को नरेंद्र मोदी की सच्चाई पता चल जाएगी। कांग्रेस नेता ने मुंगेर जिले के हेमजापुर में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

# संसद भवन की सुरक्षा में फिर लगी सेंध



■ दीवार फांदकर परिसर में पहुंचा व्यक्ति, सुरक्षा कर्मियों ने दबोचा

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। संसद भवन की सुरक्षा में शुक्रवार को सेंध का मामला सामने आया। एक व्यक्ति दीवार कूदकर संसद भवन में घुस गया और गरुड़ द्वारा तक पहुंच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत दबोच लिया।

आरोपी सुबह 6.30 बजे रेलभवन के पास पेड़ की मदद से दीवार पर चढ़ा और कूदकर अंदर घुसा। हालांकि, घटना के समय संसद में कोई सांसद मौजूद नहीं था। संसद का मानसून सत्र गुरुवार को खत्म हो गया था और राज्यसभा और लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। एक साल पहले 16 अगस्त 2024 को भी एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया था। वहां तैनात सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। 16 अगस्त 2024 को भी एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया था। उसे सुरक्षाबलों ने पकड़ लिया था। 16 अगस्त 2024 को भी एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया था। उसे सुरक्षाबलों ने पकड़ लिया था। एक मानसिक बीमार युवक संसद में घुसा था संसद भवन की सुरक्षा में 16 अगस्त 2024 को बड़ी चूक सामने आई थी। दोपहर करीब 2:45 बजे एक युवक इम्तियाज खान मार्ग की तरफ से दीवार फांदकर संसद एनेक्सी भवन के कैंपस में कूद गया था।

**नए संसद भवन में 2023 में भी हुई थी घटना**

13 दिसंबर 2023 को संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर नए संसद भवन की विजिटर्स गैलरी से बैठे 2 युवकों ने अपने जूतों से छिपा पीला स्प्रे भवन में फैला दिया था। यह लोग 5 लेयर की सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में घुसे थे और हंगामा किया था।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। वह सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप को लेकर कोलंबो स्थित सीआईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने गए थे, जहां उनको गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार



**सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप**

किया गया। 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

**2022 से सितंबर 2024 तक राष्ट्रपति रहे विक्रमसिंघे**

रानिल विक्रमसिंघे जुलाई 2022 से सितंबर 2024 तक राष्ट्रपति रहे थे। इस अनुभवी राजनेता ने छह बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया। विक्रमसिंघे ने 2024 के अंत तक शेष कार्यकाल के लिए गोटबाया राजपक्षे की जगह राष्ट्रपति पद संभाला था।

# उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का निधन



**प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख**

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में जन्मे ब्रिटेन के प्रमुख उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का गुरुवार शाम लंदन में निधन हो गया। कुछ ही दिन पहले बीमारी के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। पॉल की उम्र 94 साल थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पॉल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पॉल ब्रिटेन की कपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक थे। पॉल के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, स्वराज पॉल के निधन से अत्यंत दु:खी हूं। ब्रिटेन में उद्योग, परोपकार और जनसेवा में उनके योगदान और भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए उनके अटूट समर्थन को सदैव याद रखा जाएगा। मुझे हमारी अनेक मुलाकातें याद आती हैं। मोदी ने उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की।

## कार्रवाई *जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के मददगारों पर हुई कार्रवाई*

# दो सरकारी कर्मचारियों पर गिरी बर्खास्तगी की गाज

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 22 अगस्त (देशबन्धु)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों का आतंकवादियों से संबंध है। दोनों मददगारों पर राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत कार्रवाई की गई है। बर्खास्त हुए कर्मियों में कुपवाड़ा के करनाह निवासी शिक्षक खुर्शीद अहमद राथर और केरन निवासी सहायक पशुपालक सियाद अहमद खान शामिल हैं।**

पुलिस रिकार्ड में खुर्शीद अहमद को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी ओवर ग्राउंड वर्कर के रूप में लिस्ट किया गया था। शिक्षा विभाग में नियुक्त होने और सरकार की तरफ से सम्मानजनक सैलरी मिलने के बावजूद उसने देश के भरोसे को तोड़ा और गुप्त रूप से लश्कर से जुड़ने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर के दूरदराज के जिलों के बच्चों को शिक्षा देने के अपने कर्तव्यों को पूरा करने के बजाय, वह राज्य को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आतंकवादी गतिविधियों में एक्टिव हो गया। इसी के साथ वह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों का सक्रिय माध्यम बन गया। खुर्शीद अहमद की गतिविधियां केवल निष्क्रिय या आकस्मिक नहीं थीं। बल्कि उसने एक आतंकवादी नेटवर्क के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में जानबूझकर और खतरनाक भूमिका निभाई। उसने क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश की।



■ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया बर्खास्त
■ राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत की गई कार्रवाई

### लश्कर-ए-तैयबा के लिए कर रहे थे काम

आरोपों के अनुसार, खुर्शीद और सियाद आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों को इन दोनों के खिलाफ सबूत मिले हैं। खुर्शीद अहमद राथर को साल 2003 में स्कूल शिक्षा विभाग में रहबर-ए-तालीम के पद पर नियुक्त किया गया था। साल 2008 में उसे शिक्षक के रूप में स्थायी किया गया। वह अब तक सरकारी प्राथमिक विद्यालय मैन्डपोरा नवा गबरा कुपवाड़ा में तैनात था।

# देश

**उवाच** “ मोदी द्वारा बिहार को दिए हजारों करोड़ रुपए की सौगात से एनडीए नेताओं में उत्साह है, प्रधानमंत्री मोदी हर बार बिहार को हजारों करोड़ रुपए की सौगात समर्पित करके जाते हैं। पूरी तत्परता और बिहार को विकसित राज्य बनाने की सोच के साथ प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं: **चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.5 | 26.5 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे पर आरजेडी का तंज, कहा

# नीतीश की राजनीति का पिंडदान करने गया आए हैं मोदी

**पटना,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज़ हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गयाजी और बेगूसराय दौरे को लेकर विपक्षी दलों खासकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने तीखा हमला बोला है। पीएम मोदी जहां एक ओर करीब 13,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है, वहीं दूसरी ओर आरजेडी ने इस दौरे को 'राजनीतिक पिंडदान' करार दिया है।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने X (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि 'गयाजी पिंडदान के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गयाजी आए हैं तो बिहार को स्पेशल स्टेटस न देने, गरीबों-पिछड़ों को वोट अधिकार से वंचित करने के विचार, संवैधानिक संस्थाओं का नियंत्रित करने और बिहार को गरीब और अपराध से त्रस्त बनाने वाली डबल इंजन की सरकार का पिंडदान करें।'



'गयाजी पिंडदान के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गयाजी आ रहे हैं तो बिहार को स्पेशल स्टेटस न देने, गरीबों-पिछड़ों को वोट अधिकार से वंचित करने के विचार, संवैधानिक संस्थाओं का नियंत्रित करने और बिहार को गरीब और अपराध से त्रस्त बनाने वाली डबल इंजन की सरकार का पिंडदान करें : **लालू प्रसाद यादव**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। साथ ही बिहारवासियों के लिए लगातार सौगातों की बरसात भी कर रहे है। ऐसे में शुक्रवार को पीएम मोदी बोधगया में जनसभा को संबोधित किया। इसके साथ ही राज्य में लगभग 13 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई नेता मौजूद रहे।

आरजेडी जहां पीएम मोदी के हर कदम को चुनावी स्टंट बता रही है, वहीं एनडीए इसे विकास यात्रा का हिस्सा बता रही है। यह दौरा न केवल विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए है, बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीन को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा भी है।

## बिहार की तस्वीर बदली, 2030 तक 1 करोड़ युवाओं को रोजगार: नीतीश

**गया,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के दौरे पर हैं और गयाजी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उनसे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता से बात की और अपनी सरकार के कामों और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की तस्वीर पिछले दो दशकों में पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले राज्य की हालत बेहद खराब थी, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र में विकास का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि जब 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार सत्ता में आई, एनडीए सरकार, जिसमें भाजपा और जेडी(यू) शामिल थे, हमने तुरंत काम करना शुरू कर दिया। पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया था। लेकिन, जब से हमारी सरकार आई है, हमने पूरे बिहार में एक-एक करके परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है। हम बिहार के विकास के लिए हर दिशा में काम कर रहे हैं, और हर जगह प्रगति देखी जा सकती है।



बिहार की तस्वीर पिछले दो दशकों में पूरी तरह बदल चुकी है। 2005 से पहले राज्य की हालत बेहद खराब थी, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र में विकास का काम हुआ है: **नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री**

नीतीश कुमार ने कहा कि पहले बिहार का कितना बुरा हाल था। लोग ठीक से कपड़े तक नहीं पहन पाते थे। हमारी सरकार ने महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए लगातार काम किया है। पहले विधवा पेंशन 400 रुपए मिलती थी, जिसे बढ़ाकर 1100 रुपए किया गया। बिजली हर घर तक 2011 में पहुंचाई गई और अब इस साल से बिजली मुफ्त देने का काम शुरू हो चुका है।

रोजगार और नौकरी के मुद्दे पर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020 में हमने वादा किया था कि 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे।

लालू यादव के पोस्ट पर भाजपा का पलटवार

## 'शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए': शांभवी

**पटना।** लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गया में नीतीश कुमार की राजनीति और उनकी पार्टी का पिंडदान करने आ रहे हैं। लोजपा (रामविलास) सांसद ने कहा कि पूर्व सीएम को शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होने कहा कि जब भी पीएम मोदी बिहार आते हैं तो ढेर सारी सौगात साथ लाते हैं।



बिहार के लोग बेसब्री से उनके आगमन का इंतजार करते हैं। पीएम मोदी ने बिहार को विकसित बनाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। शांभवी चौधरी ने दावा किया कि पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव जो काम नहीं कर पाए, वह काम बिहार में हो रहा है, तो उन्हें इसे स्वीकार करना चाहिए। लेकिन, वह भाषा की मर्यादा को भूल गए हैं। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन, विरोध करने का भी अपना एक तरीका होता है। नीचता पर नहीं उतरना चाहिए। ऐसी बात करने से हम लोगों की छवि खराब होती है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कोडरमा-वैशाली मेमू ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, बौद्ध तीर्थ स्थानों पर पर्यटन को मिलेगा लाभ

**गया।** क्षेत्रीय रेल संपर्क और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गया जंक्शन से वीडियो लिंक के माध्यम से बहुप्रतीक्षित कोडरमा-वैशाली मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) पैसेंजर ट्रेन का उद्घाटन किया। डीडीयू मंडल के एडीआरएम (अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक) दिलीप कुमार ने मेमू मिलने से क्षेत्र को विशेष लाभ होने की बात कही। यह नई ट्रेन सेवा कोडरमा, नवादा, नालंदा, राजगीर, बोधगया और वैशाली जैसे प्रमुख स्थलों को जोड़कर बौद्ध सर्किट तक पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी। यह रेल मार्ग न केवल बिहार और झारखंड को जोड़ता है, बल्कि इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, साथ ही दोनों राज्यों में छात्रों, श्रमिकों और चिकित्सा सेवाओं की तलाश करने वाले लोगों के लिए संपर्क में सुधार होगा। इस शुभारंभ के महत्व को बताते हुए, डीडीयू मंडल के एडीआरएम (अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक) दिलीप कुमार ने कहा, 'यह मेमू ट्रेन मूल रूप से बिहार के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली एक तेज सेवा है।

## सार संक्षेप

### पक्ष-विपक्ष दोनों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की: सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा में पक्ष और विपक्ष दोनों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की है। श्री सोरेन ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सदन की भावना है कि इसके लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजा जाए। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता का भाव है और उसे सदन में सदस्यों ने रखा है और इस पर सदन विचार करेगा। इससे पहले सदन में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, आजसू विधायक निर्मल महतो, जदयू विधायक सरयू राय ने भी शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की।

### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने राज्य में एसआईआर की मांग उठाई

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने राज्य में जल्द विशेष मतदाता पुनरीक्षण कराने की मांग की है। विधानसभा में पूरक मानसून सत्र की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस तरह राज्य में जनसांख्यिकीय बदलाव हुआ है, उसके बाद झारखंड में भी एसआईआर कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिहार में एसआईआर का विरोध कर रहे राजनीतिक दलों की मंशा पर सवाल उठाया। सोरेन ने कहा कि चुनाव आयोग ने कुल 65 लाख वोटर हटाए हैं, जिनमें से करीब 22 लाख ऐसे हैं, जिनकी मौत हो चुकी है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री के क्षेत्र में नकली खाद-बीज ने किया किसानों को बर्बाद : उमंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य में नकली खाद-बीज का मसला उठाया। उन्होंने कहा है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में भी नकली खाद बीज की बिक्री हुई और उसने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि नकली खाद-बीज ने मध्यप्रदेश के किसानों की मेहनत और सपनों को बर्बाद कर दिया है। विडंबना यह है कि यह तबाही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के ही जिले विदिशा में हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कृषि मंत्री अपने ही घर की जमीन और किसानों की फसल सुरक्षित नहीं रख पाए तो पूरे देश के किसानों की रक्षा कैसे करेंगे। आज प्रदेशभर में किसान नकली खाद-बीज माफियाओं के शिकार हो रहे हैं, फसलें चौपट हो रही हैं और सरकार माफियाओं के साथ खड़ी है।

पीएम मोदी ने कोलकाता में मेट्रो को दिखाई हरी झंडी, बोले

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क

**कोलकाता,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में विभिन्न मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा, सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो सेवा और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई और फिर मेट्रो में यात्रा की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो परियोजनाओं में शामिल श्रमिकों और स्कूली छात्रों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह और शांतनु ठाकुर ने उनका अभिनंदन किया।



आज एक बार फिर मुझे पश्चिम बंगाल के विकास को गति देने का अवसर मिला है। अभी मैं नोआपारा से बिमानबंदर तक कोलकाता मेट्रो का आनद लेकर आया हूं : **नरेंद्र मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक बार फिर मुझे पश्चिम बंगाल के विकास को गति देने का अवसर मिला है। अभी मैं नोआपारा से बिमानबंदर तक कोलकाता मेट्रो का आनंद लेकर आया हूं। इस दौरान बहुत सारे साथियों से मुझे बातचीत करने का अवसर भी मिला। हर किसी को खुशी है कि कोलकाता का पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाकई अब आधुनिक हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज यहां 6 लेन के एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का भी शिलान्यास किया गया है। हजारों-करोड़ रुपए के इन सभी प्रोजेक्ट्स के लिए कोलकातावासियों को और पूरे पश्चिम बंगाल के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। ये कनेक्टिविटी कोलकाता और पश्चिम बंगाल के बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत करेगी। कोलकाता जैसे हमारे शहर भारत के इतिहास और हमारे भविष्य, दोनों की समृद्ध पहचान हैं। आज जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है।

## झारखंड की जेलों में उम्रकैद काट रहे 51 कैदी होंगे रिहा : हेमंत

**रांची,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड की विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में लिया गया। बैठक में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों की रिहाई से संबंधित मामलों का रिव्यू किया गया। एक-एक कैदी की फाइल पर मंथन के बाद 51 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। रिहाई का निर्णय लेते हुए न्यायालयों के निर्णय, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार किया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा किए जा रहे कैदियों की फैमिली बैकग्राउंड और सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरिफिकेशन करें और उनके जीवन जीवनयापन के लिए आय के साधन सृजित हों, इसकी योजना बनाएं। उन्होंने सभी को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ने और उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन आदि योजनाओं का लाभ दिलाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हो रहे कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।



- आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों की रिहाई से संबंधित मामलों का रिव्यू किया गया

## राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' भागलपुर पहुंची, कहा- भाजपा संविधान मिटाने में लगी है



**भागलपुर,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार शाम अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के क्रम में भागलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग वोट चोरी कर लोकतंत्र खत्म करने की कोशिश कर रही है और संविधान को मिटाना चाहती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा की सरकार युवाओं के लिए सारे रास्ते बंद कर रही है। जब परीक्षा ली जाती है तो प्रश्नपत्र लीक हो जाता है। अगर परीक्षा पास भी कर लें तो प्रदेश में नौकरी ही नहीं मिलती। नोटबंदी, अग्निवीर, किसानों के लिए गलत कानून की चर्चा करते हुए कहा कि किसानों, गरीबों को मिटाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के सभी नागरिकों को संविधान निर्माताओं ने एक वोट का अधिकार दिया, लेकिन भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर इसे छीन रही है और संविधान पर आक्रमण कर रही है।

भाजपा की सरकार युवाओं के लिए सारे रास्ते बंद कर रही


## इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के बहाने यूपी की चौसर सजाने में जुटे अखिलेश



**लखनऊ,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के बहाने उत्तर प्रदेश की राजनीति की चौसर बिछाने में जुट गए हैं। वे राष्ट्रीय राजनीति में विपक्ष के तौर पर अपनी जगह बनाने के साथ-साथ यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत विकल्प बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव विपक्षी नेताओं को लामबंद कर रहे हैं। अखिलेश यादव भी उनका साथ दे रहे हैं। वह 2027 के पहले यूपी में हर स्तर से अपनी जमीन को मजबूत करने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी सपा मुखिया अखिलेश के बिहार जाने से इंडिया गठबंधन और वोट चोरी के खिलाफ चल रहे अभियान को भी नई ताकत मिलेगी। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक राजीव श्रीवास्तव बताते हैं कि सपा मुखिया अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन के साथ अपनी पार्टी को 2027 से पहले मजबूत करने में जुटे हुए हैं।

## अमित शाह का परिवारवाद पर हमला, एमके स्टालिन और सोनिया गांधी को घेरा

चेन्नई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने एक प्रतिष्ठित तमिल नेता, सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति जैसे प्रतिष्ठित पद के लिए मनोनीत किया है। अमित शाह ने कहा कि पहलगाम में, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों की दुखद जान ले ली। मोदी ने देश को दृढ़ता से आश्वस्त किया कि आतंकियों और उनके कृत्यों को अंजाम देने वालों, दोनों को परिणाम भुगतने होंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। इसके अलावा, 'ऑपरेशन महादेव' ने पहलगाम में हुए जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार तीन आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया।



अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया

उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। पूरा विपक्ष एकजुट होकर इस विधेयक का विरोध कर रहा है। प्रस्तावित विधेयक में कहा गया है कि अगर किसी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को जेल होती है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना होगा। विपक्ष ने इस विधेयक पर सवाल उठाए। हालांकि, यह उल्लेखनीय है कि डीएमके के दो वरिष्ठ मंत्री लगभग आठ महीने जेल में रहे और इस दौरान उन्होंने अपने पदों से इस्तीफा नहीं दिया।

## बिहार में मसौदा मतदाता सूची पर 84 हजार से अधिक आवेदन, राजनीतिक दलों से अब तक सिर्फ दो आपत्तियां दर्ज

**पटना,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बताया कि बिहार में मतदाताओं से मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए 84,305 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि राजनीतिक दलों की ओर से सिर्फ 2 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

चुनाव आयोग ने बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि कुल 84,305 आवेदनों में से, 6,092 का निपटारा निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) ने कर दिया है। ईसीआई ने कहा कि सीपीआई (एमएल) लिबरेशन अब तक एकमात्र पार्टी है जिसने मसौदा मतदाता सूची के संबंध में दो शिकायतों के साथ आपत्तियां दर्ज कराई हैं। आयोग ने जोर देकर कहा कि बार-बार अपील के बावजूद, राजनीतिक दलों ने संशोधन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग नहीं लिया है।

बुलेटिन के अनुसार, एक अगस्त से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 2,63,257 नए मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है। आयोग ने मतदाताओं, दलों और उनके 1.6 लाख बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को त्रुटियों को चिन्हित करने के लिए एक महीने का समय दिया है। फिलहाल, दावे और आपत्तियों की समय सीमा समाप्त होने में सिर्फ 10 दिन बाकी हैं। 1 अगस्त को शुरू हुई दावे और आपत्तियों की यह विंडो 1 सितंबर तक खुली रहेगी।




प्राप्त आवेदनों में से, 6,092 का निपटारा किया गया

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि छूटे हुए कोई भी पात्र मतदाता 1 सितंबर तक आधार के साथ फॉर्म 6 दाखिल कर सकते हैं, जबकि अपात्र नामों को शामिल करने पर आपत्ति संबंधित विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता द्वारा फॉर्म 7 के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। मान्यता प्राप्त दलों के बीएलए भी मतदाताओं की ओर से फॉर्म 6 और 7 दाखिल कर सकते हैं।


# डीओपीटी ने केन्द्र में 14 आईएएस को सौंपी नई जिम्मेदारी

- **जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड कार्मिक (डीओपीटी) की कैबिनेट अपॉइंटमेंट कमेटी की ओर से 14 अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपने के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें अलका उपाध्याय और वी.एल कांताराव का भी नाम है। जो एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इस आदेश के बाद फिलहाल अलका उपाध्याय की एमपी वापसी की राह बंद हो गई है। अनुराग जैन के रिटायर होंने के बाद अलका इस पद के लिए दावेदारी कर रही थी।

- मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अलका उपाध्याय की चीफ सेक्रेट्री बनने की राह हुई बंद

आज जारी आदेश में अलका उपाध्याय को केंद्रीय सचिव पशुपालन और डेयरी विभाग से हटाकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अल्पसंख्य आयोग का सचिव पदस्थ किया गया है। इसी तरह एमपी कैडर के अफसर व केंद्रीय खान मंत्रालय के सचिव वी.एल कांताराव को डिपार्टमेंट ऑफ वाटर रिसोर्सेस रिवर डेवलपमेंट एंड गंगा रेजुविनेशन जल शक्ति मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। यह विभाग अभी संघ शासित प्रदेश के आईएएस देबाश्री मुखर्जी के पास था। जिन्हें अब स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रिन्योरशिप विभाग में सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। डीओपीटी द्वारा जारी आदेश में अलग-अलग राज्यों के जिन अन्य अफसरों के विभागों के दायित्वों में फेरबदल किया गया है। स्किल डेवलेपमेंट के सचिव बिहार कैडर 1991 बैच के आईएएस रजित पुन्हानी को अब खाद्य सुरक्षा विभाग के सीईओ का दायित्व संभालेंगे। केन्द्र शासित प्रदेश कैडर 92 बैच के विजय कुमार जो जलमार्ग प्राधिकरण, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के चेयरमैन थे उन्हें विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।




- अलका उपाध्याय को राष्ट्रीय अल्पसंख्य आयोग का सचिव पदस्थ किया गया

उडीसा कैडर, 1994 बैच की सुश्री रंजना चोपड़ा जो संस्कृति मंत्रालय में विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार थी उन्हें जनजातीय कार्य मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के 94 बैच के नरेश पाल गंगवार जो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अपर सचिव थे, उन्हें मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

दूरसंचार विभाग में ओएसडी 94 बैच के आईएएस नीरज वर्मा को इसी विभाग के साथ विधि एवं न्याय मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। पीएमओ में 84 बैच के अपर सचिव अतीश चंद्रा को प्रमोट करके विशेष सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। 94 बैच के, आईएएस पीयूष गोयल जो गृह मंत्रालय के नैटग्रिड में सीईओ थे उन्हें खान मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वे श्री वी. एल. कांता राव के स्थान पर नियुक्त किए गए हैं। इसी बैच के संजय गर्ग जो कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग अपर सचिव थे उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में ओएसडी नियुक ?त किया गया है। डीओपीटी के ओदश में आईएएस प्रमोद कुमार तिवारी, सुश्री रोली सिंह, सुश्री सुकृति लिखी, सुश्री त्रिशालजीत सेठी का भी नाम हैं जिन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है।

उल्टा पुल्टा

पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुई, पत्नी बाजार जाके जहर ले आई और खा लिया, लेकिन वो मरी नहीं बीमार हो गई...

पति गुस्से से बोला : कितनी बार बोला सामान देखकर लिया करो, पैसा भी गया और काम भी नहीं हुआ...

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता फिर जनता के बीच उतरीं, विकसित दिल्ली का संकल्प दोहराया, कहा

# न डरुंगी, न थकूंगी एवं न ही कभी हार मानूंगी

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता फिर अपने पुराने तेवर में लौट आईं। दो दिन के बाद सदमें से उबरीं मुख्यमंत्री सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल हुईं। उनका स्पष्ट कहना था कि न वह कभी डरेंगी, न थकेंगी और न हारेंगी। उनकी सबसे पहली घोषणा थी कि यमुनापार को दिल्ली के विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जाएगा। मुख्यमंत्री पिछले छह माह से 'विकसित दिल्ली' पर भी गंभीरता से कार्य कर रही हैं और उसके लिए दिन-रात परिश्रम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने यमुनापार स्थित गांधी नगर में एक विशेष कार्यक्रम में भागीदारी की।

**मुख्यमंत्री ने जनता के लिए संघर्ष करते रहने का प्रण दोहराया**

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार वह पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य थी। कार्यक्रम मे उन्होंने दिल्लीवालों को विश्वास दिलाया कि आपकी मुख्यमंत्री न डरेगी, न थकेगी, न हारेगी। उन्होंने स्पष्ट घोषणा की कि जब तक दिल्ली को उसके अधिकार नहीं मिल जाते, वह लगातार संघर्ष करती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि हमेशा संघर्ष करते रहना उनकी जिजिविषा है और वह इस प्रण पर हमेशा कायम रहेंगी। मुख्यमंत्री कार्यालय का कहना है कि सीएम रेखा गुप्ता अब फिर से दिल्ली के लोगों की समस्याओं और विकास को लेकर मेहनत में जुट गई हैं और उनके प्रतिदिन के कार्य पहले की तरह ही चलते रहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार गत बुधवार सुबह 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में श्रीमती रेखा गुप्ता पर एक युवक ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया था। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को अपनी देखरेख में रखा और सलाह दी कि वे कुछ दिन आराम करें ताकि उनकी पुरानी ऊर्जा लौट आए और वे इस घटना के सदमे से भी उबर आएं। लेकिन इस हमले के बाद शाम को ही मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ जनता के बीच रहूंगी।




जब तक दिल्ली को उसके अधिकार नहीं मिल जाते, तबतक लगातार संघर्ष करती रहूंगी : रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री

## अब दिल्ली के गांवों व यमुनापार में विकास योजनाएं होंगी तेज : मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी है कि दिल्ली के सैंकड़ों गांवों के अलावा पूरे यमुनापार में विकास कार्यों को तेज करने की दिशा में बनाए गए दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड व यमुनापार विकास बोर्ड को आधिकारिक रूप से और सशक्त कर दिया गया है। इन दोनों इनकी कार्यप्रणाली को तेज करने की दिशा में क्षेत्र के विधायकों को इस बोर्ड में जोड़ा गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को बोर्ड में रखा गया है, ताकि इन बोर्ड की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चलती रहे। बोर्ड चेयरमैनों को दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार इस मसले को लेकर एक आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड का चेयरमैन श्री राजकुमार चौहान को बनाया गया है। वह मंगोलपुरी से विधायक हैं। यमुनापार विकास बोर्ड का चेयरमैन श्री अरविंदर सिंह लवली को बनाया गया है।

# फर्जी सीबीआई गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने 2.5 करोड़ की लूट का मामला सुलझाया

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अधिकारी बनकर लोगों को लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनसे 1.25 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों में एक एनजीओ क्राइम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की सचिव, एक सदस्य और निदेशक शामिल हैं।

20 अगस्त को गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी मनप्रीत सिंह ने विवेक विहार थाने में एक लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि वह वित्त, प्रॉपर्टी डीलिंग, कमीशन और निर्माण के व्यवसाय से जुड़े हैं और पिछले 6-7 महीनों में अपने कारोबार से 2.5 करोड़ रुपए कमाए थे, जो विवेक विहार स्थित किराए के मकान में रखे हुए थे।

19 अगस्त को उन्होंने अपने दोस्त रविशंकर को 1.10 करोड़ रुपए नकद अपने गाजियाबाद स्थित घर लाने के लिए कहा। रविशंकर जैसे ही पैसे लेकर घर से बाहर निकले, चार अज्ञात व्यक्तियों (जिनमें एक महिला भी शामिल थी) ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हें रोक लिया। वे वॉकी-टॉकी और ब्यूरो लिखे पहचान पत्र दिखाकर रविशंकर को धमकाने लगे और जबरन रुपए से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद वे मनप्रीत के घर में घुस गए, वहां मौजूद कर्मचारी दीपक माहेश्वरी के साथ मारपीट की और शेष रकम भी लूट ली। कुल मिलाकर गिरोह करीब 2.5 करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया। दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। जांच के दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।




■ आरोपियों में एक एनजीओ क्राइम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की सचिव, एक सदस्य व निदेशक शामिल

### लूटपाट गिरोह का भंडाफोड़, चार को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की थाना नबी करीम टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू, शिकायतकर्ता का आधार कार्ड और लूटा गया बैग व सिक्के बरामद किए गए हैं। सभी आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल पाए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### तरेषना मंडा ने भरी सफलता की नई उड़ान



**नई दिल्ली।** डीडवाना के छोटे से गांव मंडा बासनी की छात्रा तरेषना मंडा ने सफलता की नई उड़ान भरी है। तरेषना ने अपनी मेहनत, लगन, समर्पण और हौसलों के बल पर पहले ही प्रयास में दिल्ली के प्रतिष्ठित आर्मी कॉलेज आफ मेडिकल साइंस में दाखिला प्राप्त किया है। तरेषना की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार का मान बढ़ा है, बल्कि डीडवाना का गौरव भी बढ़ा है। आपको बता दें कि तरेषना मंडा डीडवाना के छोटे से गांव मंडाबासनी की रहने वाली है। तरेषना के पिता सुखदेवा राम मंडा दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में बतोर राष्ट्रपति अंगरक्षक के रूप में कार्यरत है। तरेषना मंडा अध्ययनरत आर्मी पब्लिक स्कूल धोला कुंवा दिल्ली थी जहां उसने अपनी मेहनत और लगन से उच्च शिक्षा में कामयाबी हासिल की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद तरेषना ने मेडिकल सेक्टर के लिए तैयारी शुरू की। इसके लिए उसने बड़ी मेहनत लगन व एकाग्रता के साथ तैयारी शुरू की।

### सुंदरम फाइनेंस की पंजाबी बाग शाखा के 25 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली।** सुंदरम फाइनेंस की नई दिल्ली-पंजाबी बाग शाखा ने आज अपनी सेवा के 25 वर्ष पूरे कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, इस उपलक्ष पर एक बड़ा जश्न मनाया गया। यह जश्न केवल 25 वर्ष पूरे होने का नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ स्थायी साझेदारी, कर्मचारियों के समर्पण और उनके परिवारों के सहयोग को मान्यता देने का उत्सव भी था, जिन्होंने नई दिल्ली की इस शाखा की विरासत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुंदरम फाइनेंस के उत्तरी क्षेत्र प्रमुख सलीन नायर ने कहा कि सुंदरम फाइनेंस के इस लम्बे सफ़र का श्रेय - सच्चाई, निष्पक्षता और उस सेवा भाव को जाता है जिसकी डोर से हम अपने ग्राहकों के साथ बंधे हैं।

## फिलिस्तीन के समर्थन में विशाल विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। गजा के साथ समन्वय व्यक्त करने तथा क्षेत्र में इजरायल के क्रूर आक्रमण की निंदा करने के लिए राजधानी दिल्ली में एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में शामिल विभिन्न विचारधारों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा चेतावनी दी कि गाजा पर इजरायल का सैन्य या राजनीतिक नियंत्रण स्थापित करने का कोई भी प्रयास अधीनस्थ क्षेत्र में पहले से ही व्याप्त मानवीय तबाही को और गहरा कर देगा। दिल्ली और आसपास के राज्यों से सैकड़ों लोग धर्म, विचारधारा और सामाजिक पृष्ठभूमि की सीमाओं से ऊपर उठकर इस प्रदर्शन में शामिल हुए। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्रों, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक नेताओं और विशिष्ट नागरिक समाज कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस समन्वय सभा में लगभग सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों की भागीदारी ने एक शक्तिशाली संदेश दिया कि फिलिस्तीन के साथ एकजुटता केवल मुस्लिम समुदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के सभी शांति और न्यायप्रिय लोगों की साझा चिंता का विषय है। विरोध प्रदर्शन में वक्ताओं ने फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायल के क्रूर आक्रमण की कड़ी निंदा की और इसे नरसंहार से सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 से अब तक महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 100,000 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

**गाजा पर पूर्ण नियंत्रण की इजरायली योजना की निंदा, सरकार से कार्रवाई का आग्रह**



■ पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर में स्वच्छता सफाई अभियान चलाते निगम पार्षद संदीप कपूर व विधायक अनिल गोयल। छाया : अजय मेहता।

### दिल्ली एमसीडी व रेलवे का संयुक्त अभियान, पटरियों पर किया जा रहा छिड़काव : मेयर

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। रेलवे और एमसीडी इस साल भी मच्छरों के खिलाफ संयुक्त अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत एक खास ट्रेन को दिल्ली एनसीआर में चलाया जा रहा है, जिससे रेलवे ट्रैक के किनारे मच्छरों को पनपने से रोकने में मदद मिलेगी। दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। दिल्ली मेयर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि मच्छरों के लिए रेलवे और एमसीडी की पहल पर ये काम हो रहा है। हम हर साल इस काम को करते हैं। दरअसल, ट्रैक के दोनों साइड कई बार पानी जमा होने के कारण मच्छर पैदा हो जाते हैं और मैनुअली उन्हें साफ करना नामुमकिन सा होता है। इसलिए एक खास ट्रेन जिसमें तीन ट्रैक लगे हुए हैं, जिसमें एंटी लार्वा मेडिसिन रखी हुई है, उसका छिड़काव किया जा रहा है। ये ट्रेन दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग स्टेशन पर जाएगी और वहां पर दवाई का छिड़काव करेगी।

**मच्छरों के खिलाफ अभियान जारी**

मेयर राजा इकबाल सिंह ने स्ट्रीट डॉग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सबसे पहले मैं वेलकम करता हूं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत ही सराहनीय है। पहले से ही एमसीडी इस पर काम कर रही है। जितने भी ये स्ट्रीट डॉग हैं, उनको वैक्सीनेट करके हम छोड़ देते हैं। बाकी जो एग्रेसिव डॉग्स हैं, उनको लेकर दिल्ली की जनता की भी यह डिमांड थी कि उन्हें अपने पास रखकर ट्रीट किया जाए।

### भारत की लचीलापन यात्रा के हम ही सच्चे परिवर्तनकारी : स्मृति शरण




**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। ट्रिकल अप ने सरकारी विभागों, नागरिक समाज, कॉर्पोरेट जगत और विकास साझेदारों के सहयोग से इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आर्थिक समावेशन और लचीलापन के नए मार्ग विषय पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया। इस संवाद में वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों, दानदाता संस्थाओं, शिक्षाविदों और समुदाय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और गहन चर्चा की। उद्देश्य था गरीबी उन्मूलन और व्यापक स्तर पर टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन और समावेशी उपायों पर विचार-विमर्श। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रिकल अप के एशिया क्षेत्रीय निदेशक सुषांत वर्मा के स्वागत संबोधन से हुई।

### आईआईटी कानपुर के सी3आई हब स्टार्टअप्स ने पांच नवीनतम उत्पाद किए प्रस्तुत

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के अंतर्गत स्थापित प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र सी3आई हब द्वारा आयोजित स्टार्टअप डेमो डे 2025 कनेक्ट 1.0 का शुभारंभ अत्यंत उत्साहजनक वातावरण में हुआ, जिसमें इसके साथ जुड़े स्टार्टअप्स ने पांच अत्याधुनिक और स्वदेशी तकनीकों पर आधारित उत्पादों का अनावरण किया। यह आयोजन भारत की रक्षा, निगरानी, साइबर सुरक्षा और गहन तकनीक डीप-टेक के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर सरकारी अधिकारियों, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों की व्यापक भागीदारी रही। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि सी3आई हब भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के नए संशोधित निर्देशों के बाद आवारा कुत्तों की समस्या पर उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के नए संशोधित निर्देश के मद्देनज़र आवारा कुत्तों की समस्या पर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई तथा एमसीडी द्वारा अब तक किए गए कार्यों और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर प्रतिबंध के मद्देनजर फीडिंग प्लेस बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फीडिंग प्लेस के लिए उपयुक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए और उन्हें चिन्हित कर सूची तैयार की जाए।

सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की आवारा कुत्तों की व्यापक स्तर पर नसबंदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु एक ठोस कार्ययोजना तुरंत तैयार की जाए। खूंखार एवं रेबीज़ से ग्रस्त कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखने के लिए योजना बनाई जाए। साथ ही कुत्तों की देखभाल और पुनर्वास कार्यों में पशु प्रेमियों और विभिन्न एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ययोजना को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए।



■ सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर प्रतिबंध के मद्देनजर फीडिंग प्लेस बनाने के दिए निर्देश

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 40/2025–2026 दिनांक 18.08.2025 क्र.सं. 01
निविदा संख्या 77259041RGC खुलने की तिथि 10.09.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा में, बयाना राशि को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांकः 22.08.2025 **2565/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

**File No. No. 1C-MG/Electronic Lock/NMG Wagon (Part-1)**

उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल, 01 एनएमजी गुड्स रेक पर 50 इनबिल्ट/फिक्स्ड ई–लॉक्स की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के 02 वर्षों के अनुबंध हेतु "रुचि की अभिव्यक्ति" आमंत्रित करता है अभिरुचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति को जमा करने की अंतिम तिथि 01.09.2025 को 15:00 बजे तक है। **2562/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली जं.–हरिद्वार–दिल्ली जं. के बीच संचालित रेलगाड़ी सं. 04413/04414 की संचालन अवधि को 21.11.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाड़ी अब इसी नंबर सं. 04413/04414 के साथ दिल्ली जं.–शामली–दिल्ली जं. के बीच संशोधित समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी। इसका विवरण निम्नानुसार है :–

**रेलगाड़ी सं. 04413/04414 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. विशेष रेलगाड़ी की समय-सारणी**

| रेलगाड़ी सं. 04413 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04414 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 10:00 | -- |
| 16:39 | 16:40 | दिल्ली शाहदरा | 09:30 | 09:31 |
| 16:46 | 16:47 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 09:02 | 09:03 |
| 16:52 | 16:53 | नोली | 08:54 | 08:55 |
| 17:12 | 17:13 | खेकड़ा | 08:29 | 08:30 |
| 17:29 | 17:30 | बाग़पत रोड | 08:12 | 08:13 |
| 17:47 | 17:48 | बड़ौत | 07:49 | 07:50 |
| 17:57 | 17:58 | कासिमपुर खेड़ी | 07:31 | 07:32 |
| 18:13 | 18:14 | कांधला | 07:12 | 07:13 |
| 19:00 | -- | शामली | -- | 07:00 |

*नोटः- ट्रेन मौजूदा संरचना के साथ चलेगी।*

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2570/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तैयारी** *दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की लोकसभा व जिला ऑब्जर्वरों की बैठक, कहा*

# वोट चोरी के खिलाफ दिल्ली में भी निकाली जाएगी वोटर अधिकार यात्रा

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (देशबन्धु)। संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में लोकसभा एवं जिला ऑब्जर्वरों की बैठक हुई जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठकों और राहुल गांधी द्वारा बिहार में एसआईआर और वोट चोरी के खिलाफ निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा की प्रतिकात्मक यात्रा दिल्ली के जिलों में निकालने के संबध में विस्तृत चर्चा हुई।**

बैठक में मौजूद दिल्ली के सभी वरिष्ठ नेताओं ने एकमत में राहुल गांधी का लोकतंत्र और संविधान को बचाने की देशहित में निकाली जा रही एसआईआर और वोट चोरी के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा के लिए धन्यवाद किया।

**कांग्रेस ने भाजपा व चुनाव आयोग पर लगाया वोट चोरी करने का आरोप**

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, प्रदेश कांग्रेस प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, पूर्व विधायक हसन अहमद और सुरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष मदन खोरवाल, इन्द्रजीत सिंह, आदेश भारद्वाज, राजेश चौहान, हर्ष चौधरी, राजकुमार चौहान, धर्मपाल चंदेला, दिनेश कुमार, मिर्जा जावेद अली, एडवोकेट, लोकसभा और जिला ऑब्जर्वरों जितेन्द्र कुमार कोचर, सी.पी. मित्तल, एडवोकेट सुनील कुमार, कमलकांत शर्मा, लक्ष्मण रावत, मौहम्मद उस्मान, जगजीवन शर्मा, अशोक बसौया, राजेन्द्र तंवर, ईश्वर बागड़ी, आभा चौधरी, नीतू वर्मा, जेबा खान, जे.पी. पंवार, कैप्टन खविन्दर सिंह, मंगेश त्यागी, सतेन्द्र शर्मा, हरनाम सिंह, शांति स्वरुप, तरुण त्यागी, कमल अरोड़ा, रघुरेन्द्र पठानिया, अरसान मलिक, नफीस मलिक, फरीद शाह मुख्य रुप मौजूद थे।

यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी का सबूतों के साथ खुलासा करके चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत को उजागर किया है कि कैसे भाजपा देश के नागरिक के वोट के अधिकार को चोरी करके अनैतिक रुप से देश और राज्यों की सत्ता पर काबिज हुई है।




राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए निकाल रहे हैं वोटर अधिकार यात्रा : देवेन्द्र यादव, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

देवेन्द्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी की एसआईआर और वोट चोरी के खिलाफ यात्रा से प्रेरणा लेकर दिल्ली कांग्रेस ने बाबरपुर जिला में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को तिरंगा साईकिल यात्रा निकाली गई और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत वाले दिन 17 अगस्त को करावल नगर जिला में वोटर अधिकार यात्रा की प्रतीकात्मक पैदल यात्रा निकाली। तिरंगा साईकिल यात्रा और प्रतीकात्मक पैदल यात्रा में जिला कांग्रेस कमेटियों भारी संख्या में जिला पदाधिकारियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित, ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक, अग्रिम संगठनों, सेल एवं विभागों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने मौजूद सभी जिला अध्यक्षों, लोकसभा और जिला ऑब्जर्वरों की प्रशंसा भी क्योंकि 14 अगस्त को वोट चोरी के खिलाफ सभी जिलों में कैंडल लाईट मार्च को सफलता पूर्वक निकाल कर तानाशाह भाजपा को एक संदेश दिया कि वोट चोरी का षडयंत्र अब देश के सामने आ चुका है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

उबर के साथ यह साझेदारी नमो भारत कॉरिडोर के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल यात्रियों को एक सुविधाजनक और एकीकृत यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है जिससे इस क्षेत्र में वाहनों की भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी : **शलभ गोयल, एनसीआरटीसी प्रबंध निदेशक।**

जीडीए अधिकारियों ने किया रामायण थीम व डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क का निरीक्षण

## गाजियाबाद शहर को मिलेगा एक नया पर्यटन स्थल : अतुल वत्स

■ प्राधिकरण सचिव और प्रभारी मुख्य अभियंता ने देखा कार्यों की प्रगति



**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। विकास प्राधिकरण की राजधानी दिल्ली सीमा से लगी कोयल एन्कलेव योजना में लगभग साढ़े 22 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले रामायण थीम पार्क के निर्माण के कड़ी में आरंभ हुए निर्माण कार्य का शुक्रवार को प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह और प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन ने निरीक्षण किया। इसके साथ साथ राजेंद्र नगर में करीब 40 एकड़ में विकसित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क का भी निरीक्षण किया और ये जानने का प्रयास किया कि पार्क में सुधार के किस किस तरह के कदम उठाए जा सकते है। इसके लिए जन समान्य से संवाद भी स्थापित किया गया।

यहां बता दे कि डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क को सुनियोजित तरीके से विकसित किए जाने के लिए जन प्रतिनिधियों के द्वारा अनुरोध किया जा रहा था। जिसके लिए प्राधिकरण तैयार कर रहा है। कोयल एन्क्लेव में बनने वाले रामायण थींम पार्क के संचालक और अनुरक्षण की जिम्मेदारी 10 वर्षों तक चयनित एजेंसी को दी गई है। इस पार्क का निर्माण 22700 वर्ग मीटर में किया जा रहा है।

हाल ही में रामायण थीम पार्क के देखभाल, रखरखाव और संचालन के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। जिसमें चार एजेंसियों में से तीन एजेंसियों द्वारा प्राधिकरण के सभागार कक्षा में अपना-अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया था। इसके बाद रामायण थीम पार्क के रखरखाव और संचालन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है। इसके तहत 10 वर्ष तक पार्क की जिम्मेदारी एजेंसी को दी गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि दिल्ली सीमा के नजदीक गाजियाबाद में बनने वाला रामायण थीम पार्क में एनसीआर के लोगों को सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से लोगों को सांस्कृतिक विरासत के दर्शन भी कराए जाएंगे। गाजियाबाद में बनाए जाने वाले रामायण थीम पार्क में रामायण के प्रमुख पात्रों की 15 मूर्तियां सहित कुल 45 कलात्मक प्रतिष्ठान स्थापित कराए जाएंगे। इसके अलावा थीम पार्क में 5D मोशन चेयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन कराया जाएगा। बनाए जाने वाले इस रामायण थीम पार्क से गाजियाबाद शहर को एक नया पर्यटन स्थल मिलेगा। जिससे गाजियाबाद की एनसीआर सहित अन्य जिलों में अपनी अलग पहचान बनेगी।

## मोदीनगर व मुरादनगर में चला जीडीए का बुलडोजर



■ 49 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को मोदीनगर व मुरादनगर चला जीडीए का बुलडोजर चला। वहां 49 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्त की गई।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ब्रजवीर सिंह उर्फ बबलू पुनिया रामपाल सिंह राजस्व ग्राम-बिसोखर, तहसील मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-18, 17, 04 व 01, पर लगभग 15000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, देवेन्द्र, नितिन कुमार, रविन्द्र, सचिन आदि द्वारा राजस्व ग्राम-भिक्कनपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-471, 472, 473, पर लगभग 6000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, नरेन्द्र, रविन्द्र राजस्व ग्राम-भिक्कनपुर मुरादनगर गाजियाबाद के खसरा सं-407 व 408, पर लगभग 10000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में एवं हेमलता पत्नी नरेन्द्र गर्ग एवं योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा आदि द्वारा राजस्व ग्राम-भिक्कनपुर, दुहाई, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-475 पर लगभग 18000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में सड़क, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्रवाई के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति प्राप्त किए गए किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जाएगा। अनाधिकृत रूप से किए गए निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## सार संक्षेप

### आईएमएस-डीआईए में टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित



**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित आईएमएस-डिज़ाइन एंड इनोवेशन एकेडमी में छात्रों की रचनात्मकता एवं प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य, फैशन वॉक, अभिनय, कविता-पाठ के साथ-साथ रैपिड डिजाइन जैसी गतिविधियों में अपनी अनूठी प्रतिभा से रुबरू कराया। वहीं प्रतिस्पर्धा के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर के साथ संस्थान के संकाय सदस्यों ने किया। इस अवसर पर आईएमएस-डीआईए की सीएमडी शिल्पी गुप्ता ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं छात्रों को अपनी छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं।

### झमाझम बारिश से मिली राहत, क्षतिग्रस्त सड़कें व जलभराव बनी मुसीबत



**खोड़ा।** बारिश होने से जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल रही है वहीं खोड़ा की कई सड़कें क्षतिग्रस्त होने और सड़को पर जलभराव कीचड़ बिजली कटौती से मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। दीपक विहार सर्विस रोड के सामने लेबर चौक पर जलभराव की वजह से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खोड़ा क्षेत्र के अंतर्गत गत दो वर्षों से सड़को की मरम्मत कार्य न होने की वजह से प्रमुख मार्ग की कई सी सी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश होने पर नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर बरसाती पानी के साथ सड़कों पर तैरने लगता है। टूटी सड़कों पर जगह जगह गड्ढे होने की वजह से राहगीरों को अनुमान नहीं लगता कि सड़क पर गड्ढा कहा है। जिससे साइकिल और दुपहिया वाहनों के गिरने की संभावना बढ़ जाती है।

### फ्लैट से चोरी कर भागा नौकर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की हाइराइज सोसाइटी के फ्लैट में करीब 90 लाख की चोरी हुई थी। ये घटना 16 अगस्त की है। पुलिस ने इस मामले में घर के नौकर को गिरफ्तार किया। उसका नाम कृष्ण कुमार पांडे निवासी भोजपुर बिहार उम्र करीब 22 साल है। इसके पास से चोरी किए गए 8 आयाताकर सोने के 100-100 ग्राम के सिक्के बरामद किए गए। इसकी कीमत करीब 84 लाख रुपए है। इसके अलावा 5 लाख 71 हजार रुपए कैश बरामद किया गया। इसके पास से एक अवैध चाकू भी मिला है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सतीश सिन्हा सेक्टर-137 पैरामाउंट सोसाइटी में रहते है। सतीश पेशे से कारोबारी है। दो साल पहले घर में काम करने के लिए सतीश ने अपने ही गांव के जानने वाले कृष्ण कुमार को यहां बुला लिया। वह उनके भरोसे का था। दो साल से घर पर रहकर काम करता था। कई बार उसी के भरोसे घर छोड़कर गए।

## भाजपाईयों ने कांग्रेस का दामन थामा, जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कई भाजपाईयों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मार्केट गाजियाबाद पर भाजपा की विचारधारा को त्याग कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई और सभी का फूलमाला, पहनकर सदस्यता ग्रहण करवाई गई इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



सभी नवनिर्वाचित सदस्य संभव समाधियां के नेतृत्व में सतीश त्यागी, मोहित शर्मा, मनीष कुमार, रिंकू सिंह, रघुवीर, संभव चढ़ा, बिजेंदर पांडे, मोनू कुमार, अनुराग कुमार, सुरेंद्र पाल, जगदीश सिंह, संदीप कुमार, अमनदीप, उस्मान उर्फ गुड्डू, नितिन, कपिल बृजेश पांडे आदि संभव समाधियां ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की विचारधारा की जरूरत है इसलिए हम भाजपा की नफरत के विचारधारा का त्याग कर राहुल गांधी जी के प्रेम और भाईचारे की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और सभी का स्वागत किया गया कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए गए राहुल गांधी जिंदाबाद राहुल प्रियंका जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी की तरफ से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता सुरेंद्र शर्मा जी हरपाल सिंह अश्वनी त्यागी, उदय सिंह पाल आबिद अली आदि सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर सभी का स्वागत किया।

## जीएसटी स्लैब में बदलाव से लोगों को मिलेगी राहत : कुच्छल

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा के चेयरमैन नरेश कुच्छल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी कर प्रणाली में भारी बदलाव किये जाने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। साथ ही कहा कि इससे उत्तरप्रदेश के ढाई करोड़ व्यापारियों को सीधा लाभ होगा।

उन्होंने बताया कि जीएसटी की दरें कम होने और इनका स्लैब 4 से घटाकर 2 करने के कारण अधिकांश चीजें सस्ती हो जाएंगी। इससे भारत के 7 करोड़ व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा और देश की 140 करोड़ जनता को महंगाई से राहत मिलेगी।

कुच्छल ने बताया कि महंगाई को नियंत्रित करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह एक सार्थक कदम है। इस कानून के अंतर्गत 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों को समाप्त कर दिया गया है। अब केवल विलासता व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुओं को 40 प्रतिशत के विशेष स्लैब में रखा गया है। उन्होंने कहा कि एसबीआई रिसर्च रिपॉट के अनुसार केन्द्र के जीएसटी सुधार प्रस्ताव से प्रतिवर्ष 85 हजार करोड़ रुपए का बोझ बढ़ा सकता है। परन्तु दरें कम होने से 2 लाख करोड़ रुपए का उपभोग भी बढ़ेगा क्योंकि जीएसटी का टैक्स कम होने पर लोग ज्यादा खर्च करेंगे। उद्योगों में नई-नई वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। फलस्वरूप बाजारों में नई-नई वस्तुएं आएंगी। इससे मजदूर, किसान से लेकर व्यापारी, उद्यमी तक अपनी मनमर्जी के हिसाब से चीजें खरीद सकेंगे। विवाह, शादी, जन्मदिन एवं सामाजिक सभी समारोह में अब प्रत्येक व्यक्ति खुलकर खर्च कर सकेगा। इससे सभी सामाजिक गतिविधियों में इजाफा होगा। टैक्सों की दरें कम होने से हमारे देश में निवेश बढ़ने की भी संभावना है।

## नोएडा में गुलशन मॉल पर 10 लाख का जुर्माना



■ बल्क वेस्ट का सही ढंग से नहीं कर रहे थे निवारण

■ यूज हो रही थी प्रतिबंधित प्लास्टिक

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण द्वारा बल्क वेस्ट निकालने वाले सोसाइटी और मॉल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को प्राधिकरण की जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर-129 स्थित गुलशन मॉल का निरीक्षण किया। यहां बल्क वेस्ट के निवारण को लेकर काफी कमियां मिली। ऐसे में प्राधिकरण की टीम ने गुलशन मॉल प्रबंधन पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण अधिकारी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिला कि यहां बल्क वेस्ट का सेग्रीगेशन, भंडारण और निवारण करने में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा है। कचरा अनाधिकृत कबाड़ियों को दिया जा रहा है। ये लोग कचरा सड़क पर फेंक रहे है। नोएडा में सिंगल यूज प्लॉस्टिक बैन है। इसके बाद भी मॉल के अंदर दुकानदार प्रतिबंधित प्लॉस्टिक का प्रयोग करते पाए गए। ऐसे में प्राधिकरण ने गुलशन मॉल पर 10 लाख का जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। अन्यथा लीज डीड की शर्तों के अनुसार एक्शन लिया जाएगा।

## गेल की नई पहल एआई तरंग से बढ़ेगी तकनीकी क्षमता

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) साक्षरता और क्षमता विकास को बढ़ावा देने के लिए 'गेल एआई तरंग' नामक नई पहल की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, नोएडा में गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), आयुष गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन) सहित वरिष्ठ अधिकारी और नए शामिल हुए कर्मचारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि एआई कार्यकुशलता, निर्णय लेने और नवाचार को और बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए बदलाव को अपनाना ही बेहतर है। आयुष गुप्ता ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि तकनीक का सही इस्तेमाल कर वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं और इस पहल से उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा। शुभारंभ के बाद एक विशेष सत्र आयोजित किया गया जिसमें एआई की संभावनाओं पर जानकारी दी गई और इस कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार से समझाया गया। गेल एआई तरंग की शुरुआत के साथ ही कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है ताकि भविष्य के लिए तैयार और तकनीकी रूप से सक्षम कार्यबल तैयार हो सके।

## नोएडा ई-बस एसपीवी गठन के लिए दोनों प्राधिकरणों को भेजा रिमाइंडर

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड कंपनी के नाम से 500 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। लिमिटेड कंपनी के संचालन के लिए एसपीवी का गठन प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। जिसमें चार डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। ये डायरेक्टर तीनों प्राधिकरण के सीईओ और एनटीसी को शामिल किया गया है और सब्सक्राइबर तीनों प्राधिकरण के एसीईओ होंगे। एसपीवी में तीनों प्राधिकरण के किन एसीईओ शामिल किया जाए इसके लिए नोडल होने के नाते प्राधिकरण ने अन्य दोनों प्राधिकरण (ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण) से पत्राचार किया है। इससे पहले भी एक बार पत्र भेजकर प्राधिकरण ने एसपीवी के लिए एसीईओ के नाम मांगे थे। अब दोबारा से रिमाइंडर जारी किया जा रहा है।

**सब्सक्राइबर के लिए एसीईओ के नाम करने है तय, 500 बस के लिए तय होंगे रूट**

सड़क पर बस स्टैंड बनाने का सर्वे भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए सात एजेंसियों को पत्र भेजा गया था। इसमें से एक कंपनी सेक्टर-82 और 90 का टर्मिनल का सर्वे करेगी। वहीं, कंपनी बस स्टैंड और रूटों को फाइनल करेगी। प्राधिकरण एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि उन रुटों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां से पब्लके ट्रांसपोर्ट न के बराबर है। लास्ट माइल कनेक्टविटी को ध्यान में रखकर ही रुट को फाइनल किया जाएगा।

**300 बस नोएडा में चलेंगी**

300 बस नोएडा, 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी।

दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी। बसो के संचालन के लिए नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 प्रतिशत, 26 प्रतिशत और 26 प्रतिशत के इक्विटी योगदान होगा।

**सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी**

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस, फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट, इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस आपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।

## यूपी ट्रेड शो में नोएडा के होंगे 15 स्टॉल

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटरनोएडा के एक्सपोसेंटर में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में नोएडा प्राधिकरण की अहम भागीदारी होगी। इस पर 15 से ज्यादा स्टॉल नोएडा इंडस्ट्री के लगाए जाएंगे। जिसमें वे अपन उत्पाद प्रस्तुत करेंगे और निवेश हासिल करेंगे। इसके लिए तैयारी की जा रही है। इंडस्ट्री की लिस्ट भी आ चुकी है। खास ये है कि इन इंडस्ट्री की ओर बनाए जाने वाले उत्पाद आत्मनिर्भर भारत को दर्शाएंगे। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण का भी अपना एक स्टॉल लगेगा। जिसमें नोएडा की विकास गाथा के साथ निवेशकों के लिए प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सहुलियत को बताया जाएगा। नोएडा के लिए इस इवेंट में फिलहाल 1000 वर्गमीटर का एरिया बुक किया गया है। इसी में इंडस्ट्री और प्राधिकरण का अपना स्टाल लगेगा। इसी तरह ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को भी एरिया रिजर्व किया गया है। इसको लेकर हाल ही में नोएडा प्राधिकरण में एक बैठक भी की गई थी। जिसमें इवेंट को लेकर क्या तैयारियां की जा रही है। इस पर जानकारी दी गई थी। एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि 15 कारोबारियों की लिस्ट आ गई है। इन सभी के स्टॉल यहां लगेंगे।

## एनसीआरटीसी ने की उबर के साथ साझेदारी

नमो भारत कॉरिडोर पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी होगी सुदृढ़




**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। यात्री सुविधा को बेहतर बनाने एवं निर्बाध गतिशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ऐप-आधारित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सेवा उपलब्ध कराने के लिए उबर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस साझेदारी के तहत, उबर के अंतर्गत चलने वाली कैब, ऑटो और दोपहिया वाहनों सहित अन्य सेवाएं, न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सभी परिचालित नमो भारत स्टेशनों पर उपलब्ध होंगी। कॉरिडोर के अतिरिक्त खंडों के परिचालित होने के बाद ये सेवाएं सभी 25 स्टेशनों तक विस्तरित हो जाएंगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए, नमो भारत स्टेशनों पर विशिष्ट पिक-अप/ड्रॉप-ऑफ पॉइंट्स निर्धारित किए गए हैं और उनकी ओर मार्गदर्शन के लिए साइनेजेज भी लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में, उबर नमो भारत यात्रियों के लिए विशेष छूट भी प्रदान कर सकता है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने कहा कि उबर के साथ यह साझेदारी नमो भारत कॉरिडोर के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल यात्रियों को एक सुविधाजनक और एकीकृत यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है जिससे इस क्षेत्र में वाहनों की भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

उबर इंडिया और साउथ एशिया के सप्लाई हेड, मनीष बिंद्रानी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम भारत की सबसे महत्वाकांक्षी परिवहन परियोजनाओं में से एक के लिए योगदान दे रहे हैं। एकीकृत लास्ट-माइल मोबिलिटी प्रदान कर हम साझा परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके माध्यम से हम निजी वाहनों पर निर्भरता को कम कर, शहरों में पर्यावरण और यातायात की भीड़भाड़ के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

## पंपिंग सेट से पानी की निकासी करके टूटे नाले का निर्माण कार्य शुरू

**खोड़ा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। अनिल विहार स्थित अटल चौक मोड़ पर नाले के टूटने से किसी बड़े हादसे की संभावना बनी हुई थी। अटल चौक मोड़ तिराहे पर बड़ी संख्या में लोगो का आवागमन होता है। निजी ट्रैक्टर द्वारा मोड पर नाले में फंसने की वजह से नाली भर भराकर टूट गई। नाली के टूटने के दौरान साइड से सड़क दो फिट तक टूट गई। नाली और सड़क के टूटने की वजह से दुकानदारों द्वारा लगाए गए लोहे के रैंप भी चूर चूर हो गए थे। स्थानीय दुकानदार विपिन ने बताया कि हजारों की संख्या में सुबह शाम वाहनों का आवागमन होता है। कई बाइक सवार चोटिल हो चुके है। दिन में आवागमन के दौरान टूटी नाली दूर से दिखाई पड़ती है। वाहन चालक साइड से बचकर निकल जाते है। परन्तु रात्रि में हादसे का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा होने के कारण दिखाई नहीं पड़ता और लोग नाली में गिर जाते है। पिछले सप्ताह दो बाइक सवार नाली में गिरकर चोटिल हो गए। दुकानदारों ने दौड़कर बाइक को बाहर निकाला। अटल चौक मोड़ पर बड़ी नाली में गलियों की कई नालियों के पानी की निकासी भी इसी गहरी नाली से होती है। मामले की शिकायत स्थानीय सभासद से की गई थी। स्थानीय दुकानदारों ने नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से जल्द नाली का निर्माण करवाए जाने की मांग की थी। नपा अधिकारियों द्वारा शिकायत और **देशबन्धु समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान** लेते हुए शुक्रवार को पंपिंग सेट से नाले की पानी की निकासी करवाकर निर्माण कार्य शुरू किए गया।



उवाच

यह हमारे उद्यमियों, कारीगरों और उद्योगों के लिए निर्यात का द्वार है। सरकार सभी हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह आयोजन प्रभावशाली साबित हो और हमें ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर करे : **आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन।**

# ग्रेनो में साफ-सुथरे तालाब बन रहे गांवों की पहचान

- **ग्रेनो प्राधिकरण की निजी भागीदारी संग मुहिम रंग ला रही**
- **प्राधिकरण व पोन्ड मैन की साझे सहयोग से डाबरा व जैतपुर के तालाबों की बदली सूरत**





**तालाब न सिर्फ भूजल स्तर को मेनटेन रखते हैं, बल्कि उसमें रहने वाले जलीय जंतुओं का जीवन सुरक्षित रहता है। साफ-सुथरे तालाबों से गांवों की खूबसूरती भी बढ़ जाती है। लोग इनके चारों ओर सुबह-शाम सैर भी कर सकते हैं। प्राधिकरण खुद से गैर सरकारी संगठनों और निजी भागीदारी से तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। ग्रेटर नोएडा के सामाजिक व अन्य गैर सरकारी संगठनों से अपील है कि तालाबों के जीर्णोद्धार में भागीदारी निभाएं और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में सहयोग करें : श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। तालाब न सिर्फ आसपास के एरिया में जल स्तर बनाए रखने के लिए अहम स्रोत है बल्कि इससे गांव की खूबसूरती भी बढ़ जाती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इसी सोच के साथ गांवों में स्थित तालाबों के जीर्णोद्धार की पहल की है। प्राधिकरण खुद से तथा निजी भागीदारी से गांवों में स्थित तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए सतत प्रयास कर रहा है। इसकी बानगी डबरा और जैतपुर के तालाब के रूप में दिख रही है। यह दोनों ही तालाब पहले कूड़े से अटे पड़े थे।

प्राधिकरण और पॉन्ड मैन रामवीर तंवर की टीम ने मिलकर साफ सफाई की। पौधरोपण भी किया गया। डबरा गांव के तालाब के चारों ओर पीपल, नीम, बरगद, नींबू आदि प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में तालाब के चारों ओर हरियाली भी खूब दिखेगी। इस पहल से तालाबों की सूरत बदल गई है। इन तालाबों में अब साफ पानी दिख रहा है। परियोजना विभाग की तरफ से बताया गया है कि ग्रेटर नोएडा के 281 तालाबों में से प्राधिकरण अब तक 194 तालाबों की साफ सफाई करा चुका है, जिसमें से 41 तालाबों की सफाई निजी भागीदारी से की गई है। आने वाले दिनों में शेष तालाबों की भी सफाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुछ तालाबों पर अतिक्रमण है, जिसे प्राधिकरण पुलिस- प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका भी जीर्णोद्धार करने की तैयारी कर रहा है।

# उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में किया जाएगा स्थापित : राकेश सचान



**उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो -2025 की तैयारी को लेकर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की बैठक, जिले के सभी अधिकारी रहे मौजूद**

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के सफल आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र, उत्तर प्रदेश सरकार, राकेश सचान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक इंडिया एक्सपोमार्ट में हुई।

यूपीआईटीएस 2025, जो उत्तर प्रदेश सरकार एवं इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, 25 से 29 सितम्बर 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर में आयोजित होगा। 'अल्टिमेट सोर्सिंग बिगिन्स हियर' की थीम पर आधारित यह ट्रेड शो विस्तृत प्रदर्शनी श्रेणियां, केंद्रित बी2बी मीटिंग्स, अंतरराष्ट्रीय खरीदार प्रतिनिधिमंडल, ओडीओपी शोकेस और एक्सपोर्ट प्रमोशन जोन प्रस्तुत करेगा। बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस 2025 को विश्व पटल पर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और सांस्कृतिक ताकतों का भव्य प्रदर्शन बनाने के लिए योजना बनाना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए, जिसके लिए एमएसएमई, ओडीओपी उत्पाद, खादी, हथकरघा एवं वस्त्र, रेशम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा और पारंपरिक शिल्प जैसे क्षेत्रों को मजबूत मंच प्रदान किया जा रहा है।

आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन ने कहा कि यह हमारे उद्यमियों, कारीगरों और उद्योगों के लिए निर्यात का द्वार है। सरकार सभी हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह आयोजन प्रभावशाली साबित हो और हमें ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर करे। बैठक में आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ. राकेश कुमार, चेयरमैन, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, डॉ. लोकेश एम, सीईओ, नोएडा, राकेश कुमार सिंह, सीईओ, यीडा, मेधा रूपम, जिलाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, डॉ. राजीव एन मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था), गौतमबुद्ध नगर सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था का भाजपा ग्रेनो मंडल ने किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी, ग्रेटर नोएडा मंडल की टीम अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था), डॉ. राजीव नारायण मिश्र से उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त डॉ. मिश्र का मंडल की टीम ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही, स्मृति-चिह्न स्वरूप उन्हें श्रीरामलला की प्रतिमा भी भेंट की गई। टीम द्वारा उनका आत्मीय स्वागत बड़े ही गरिमामय ढंग से किया गया। वे अनुशासन और समर्पण की साक्षात् प्रतिमूर्ति हैं तथा बहुआयामी प्रतिभा से परिपूर्ण अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। भाजपा ग्रेटर नोएडा मंडल परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की मंगलकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी भगवत प्रसाद शर्मा, जयवीर भाटी, मोहित पंडित, विनोद कसाना, सोनू शर्मा, हनी पंडित, सुनील पंडित तुगलपुरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जीबीयू आज मनाएगा 18वां स्थापना दिवस



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय प्रदेश का एक मात्र विश्वविद्यालय है जिसके कुलाधिपति उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ है। इस विश्वविद्यालय का कुलाधिपति प्रदेश का बनने वाला मुख्यमंत्री होता है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह ने इस अवसर पर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि 17 वर्षों की यह यात्रा केवल समय का पड़ाव नहीं है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और समाज सेवा के प्रति निरंतर समर्पण का प्रमाण है। आने वाले समय में हम शिक्षा को वैश्विक स्तर पर नई दिशा देने और विद्यार्थियों को विश्व-स्तरीय अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण होगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।

## सेक्टर जू-3 की टूटी चारदीवारी महीनों से अधर में, निवासियों ने जताई नाराजगी



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जू-3 के सी ब्लॉक निवासी लंबे समय से टूटी चारदीवारी की समस्या से जूझ रहे हैं। आरडब्ल्यूए जू-3 और टीम की ओर से मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन. जी. रवि कुमार को पत्र लिखकर इस गंभीर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। निवासियों ने शिकायत में बताया कि सी ब्लॉक की चारदीवारी ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य के चलते पहली ही बारिश में गिर गई थी। गेट के पास की दीवार भी कभी भी ढह सकती है। वर्ष 2024 की बरसात में दीवार झुक गई थी, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आखिरकार 7 जुलाई 2025 को भारी बारिश में दीवार पूरी तरह गिर गई। निवासियों का कहना है कि 9 जुलाई 2025 को प्राधिकरण के अधिकारियों ने गिर चुकी दीवार का निरीक्षण किया था, लेकिन 40 दिन बीत जाने के बाद भी काम अधर में लटका हुआ है। स्थिति यह है कि दीवार के निर्माण में अगर यही सुस्ती रही तो कई सालों तक इसे दोबारा खड़ा करना मुश्किल होगा।

आरडब्ल्यूए ने कहा कि चारदीवारी की मौजूदा तस्वीरें यह साबित करती हैं कि ठेकेदार ने गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना सिर्फ औपचारिकता निभाई। इससे न सिर्फ सुरक्षा का संकट है बल्कि बारिश में और भी नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने मांग की है कि प्राधिकरण तुरंत इस मामले पर संज्ञान ले और दीवार का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द पूरा कराए, ताकि सी ब्लॉक के निवासियों को राहत मिल सके।

# ईस्टर्न पेरिफेरल पर भीषण हादसा तीन की मौत, तीन घायल

- **कार को काटकर घायलों को पुलिस ने निकाला बाहर**
- **घायलों के लिए पुलिस ने किया रक्तदान**



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। ईस्टर्न पेरिफेरल हाईवे पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हरिद्वार से फरीदाबाद लौट रही वैगनार कार ग्रेटर नोएडा के अकबरपुर टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार ट्रक में पीछे से जा घुसी।

हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला थाना दादरी इलाके का है। पुलिस के मुताबिक कार एक ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और लोग अंदर फंस गए। दादरी पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा की मदद से कार को काटकर घायलों को बाहर निकाला। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में गौरव पुत्र रूप चन्द्र (ग्राम सुरवारी, थाना कोशीकलां, मथुरा), लोकेश पुत्र लक्ष्मी नारायण (कार चालक, निवासी हनुमान नगर, थाना खेड़ीपुर, फरीदाबाद), गौतम पुत्र जगवीर (ग्राम जवां, थाना छांयसा, फरीदाबाद, उम्र करीब 31 वर्ष) की मौत हो गई है। जबकि ललित पुत्र महेन्द्र (ग्राम कोडला, थाना होडल, पलवल), हरविंदर पुत्र नरेन्द्र (ग्राम जवां, थाना छांयसा, फरीदाबाद), कुलदीप पुत्र ईश्वर (ग्राम जवां, थाना छांयसा, फरीदाबाद) घायल हुए है, जिनका उपचार जारी है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद दादरी थाने से लेकर कई चौकियों के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि घायलों की जान बचाने के लिए देर रात पुलिसकर्मियों ने अस्पताल में खुद ब्लड डोनेट किया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक और कार दोनों को कब्जे में ले लिया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।

## सीआईएससीई राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन




**विजेता टीम को किया गया सम्मानित**

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट जोसेफ स्कूल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय सीआईएससीई राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन हुआ, जिसमें 12 राज्यों की 36 टीमों और लगभग 700 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

समापन समारोह मे विद्यालय के छात्रों प्रेरणादायक नृत्य ने वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि अनादी बरुआ, पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर एवं राष्ट्रीय चयनकर्ता, जिन्होंने भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व छठे अंतरराष्ट्रीय नेहरू गोल्ड कप में किया था, ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि कर्नल डॉक्टर एस.पी. मलिक,(विशिष्ट सेवा मेडल) शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से वाजिद अली, पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर एवं महासचिव, गौतमबुद्ध नगर फुटबॉल एसोसिएशन, शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर जिप्सन पलाटी और स्कूल मैनेजर फादर एंड्रयू कोरिया पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के सेमीफाइनल में अंडर-14 में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र (2 टीमें), उत्तराखंड, केरल। अंडर-17 महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार-झारखंड, तमिलनाडु-पुदुचेरी। अंडर-19 में पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, नॉर्थ इंडिया पहुंची। फाइनल मुकाबला में अंडर-14 में विजेता- महाराष्ट्र, प्रथम उपविजेता-उत्तराखंड द्वितीय उपविजेता- उत्तर प्रदेश। अंडर-17 में विजेता महाराष्ट्र, प्रथम उपविजेता बिहार-झारखंड, द्वितीय उपविजेता तमिलनाडु-पुदुचेरी रहा। अंडर-19 में फाइनल मुकाबले समाचार लिखे जाने तक जारी थे। इस दौरान सभी विजेता और प्रतिभागी टीमों को सम्मानित किया गया।

## खोया पाया

मैं, मनु चौहान, पुत्र संजय चौहान, संत हिवार गली नंबर 2, कांकेर खेड़ा, मेरठ। मेरी पॉलिटेक्निक डिप्लोमा की मार्कशीट नई दिल्ली में खो गई है। मेरी मार्कशीट नामांकन संख्या IS E21113735500037 है।

## रक्तदान शिविर में सेना के लिए जुटाया रक्त



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रांसफ्यूजन सेंटर फोर्सेज, नई दिल्ली और यूथ सोशल रेस्पोंसिबिलिटी क्लब, जीएल बजाज के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। यह पहल भारतीय सेना के साथ संस्थान की लगातार तीसरी वर्षगांठ है, जो समाज सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। शिवर का उद्घाटन डायरेक्टर डॉ. सपना राकेश ने किया। डॉ. सपना राकेश ने कहा कि भारतीय सेना के सहयोग से यह पहल केवल रक्तदान नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का प्रतीक है। हमारे विद्यार्थी और फैकल्टी इस महान कार्य से जुड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दे रहे हैं। इस शिविर में विद्यार्थियों से लेकर फैकल्टी तक सभी दानदाताओं ने रक्तदान महादान है कि भावना को जीवंत किया। इस वर्ष कुल 124 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो करुणा, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल है। वाईएसआर क्लब के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं, विद्यार्थियों, फैकल्टी और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि एक छोटा-सा प्रयास भी किसी के जीवन की बड़ी उम्मीद बन सकता है।

## मारपीट के आरोप में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री समेत आठ नामजद



**जेवर,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव दयानतपुर में हथियारों के बल पर मारपीट करने के आरोप में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री समेत आठ नामजद व दस अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर दो तमंचा बरामद किए हैं।

दयानतपुर गांव के रहने वाले गौरव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह को वह गांव में रबूपुरा रोड पर स्थित अपने कार्यालय में बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव करौली बांगर के रहने वाले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री धर्मेंद्र भाटी व उसका भाई जग्गू भाटी तथा उनके गांव के रहने वाले धर्म भाटी, सौरभ, गौरव उर्फ गौरी, गौरव, अन्नू व नारावली फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला करन सिंह अपने दस अज्ञात साथियों के साथ अवैध असलाह व धारदार हथियार लेकर कार व बाइक द्वारा पीड़ित के कार्यालय पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपितों ने पीड़ित के कार्यालय में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दी। तभी गौरव व करन सिंह ने तमंचा निकाल कर तथा गौरव उर्फ गौरी ने अवैध पिस्टल निकालकर धमकी देते हुए करन सिंह ने तमंचा से फायर कर दिया। जिससे पीड़ित बाल बाल बच गया। शोर सुनकर पीड़ित का चचेरा भाई अमन मौके पर पहुंच गया। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके ऊपर भी फायरिंग की।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने निर्धारित किया है लक्ष्य : अनिल राजभर

- **उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मिशन इंडस्ट्री कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित**
- **आठ वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी**




**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत गौतम बुद्ध नगर जिले में एचआर मीट रोजगार मिशन इंडस्ट्री कनेक्ट 2025 का पहला कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में एक होटल में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, उत्तर प्रदेश, अनिल राजभर, मंत्री मनोहर लाल मन्नू पुरी श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश और प्रमुख सचिव श्रम एवं रोजगार एम.के. सुन्दरम शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रम एवं संयोजन उत्तर प्रदेश अनिल भर राजभर ने कहा कि आज तारीख में उत्तर प्रदेश में सबसे कम बेरोजगारी है, रोजगार के संसाधन बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर विभिन्न योजनाएं ला रहे हैं ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके।

उन्होंने कहा कि आठ वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां देने का काम किया है। मिशन रोजगार के गठन के बाद पहला कार्यक्रम है। आठ साल में 14 लाख लोगों को लोगों को सेवायोजन किया है, 26 लाख से अधिक बेरोजगारों को कैरियर काउंसलिंग की है, 3 करोड़ से ज्यादा नौजवानों को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया। युवा उद्यमी कार्यक्रम के तहत 3 करोड़ लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा है। 3 प्रतिशत से नीचे दर पर बेरोजगारी पर खड़े हैं, हमें और बहुत कुछ करना है। प्रतिवर्ष 25 से 30 हजार बेरोजगारों को देश के बाहर के रोजगार से जोड़ना है, देश के अंदर 3 लाख बेरोजगारों को निजी क्षेत्र से जोड़ेंगे।

प्रमुख सचिव एम.के. एस सुन्दरम ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण, प्रशिक्षित और स्थानीय प्रतिभा की उपलब्धता के साथ जोड़ना है। कार्यक्रम में औद्योगिक संस्थान, शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# प्रतिभावान बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए सम्मान समारोह आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। राम-ईश इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय कार्य समिति का गठन किया गया। जिसके अंतर्गतअलंकरण समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम-ईश इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ. आर.सी. शर्मा प्रबंध निर्देशिका प्रतिभा शर्मा, अध्यक्ष सुदेश शर्मा तथा सभी विभागों के प्रमुख भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शिखा सिंह ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नवनिर्माण निर्वाचित स्कूल काउंसिल के सदस्य को शपथ दिलाई गई और कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा दसवीं के प्रतिभाशाली छात्र भूमि गर्ग तथा अनन्या चौहान को व्यक्तिगत रूप से 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए 72,400 की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 16 अन्य छात्रों को भी 36,200 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।





**राम-ईश संस्थान में अलंकरण व पुरस्कार समारोह आयोजित**

नर्सरी से लेकर पांचवीं तक और छठीं से लेकर आठवीं तक और नवीं से लेकर ग्यारहवीं तक के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3000 से लेकर 10000 तक की उच्चतम छात्रवृत्ति राम-ईश संस्थान द्वारा प्रदान की गई। खेल क्षेत्र में राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय पर विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए ताइ क्वांडो, बैडमिंटन, एयर पिस्टल क्रिकेट आदि क्षेत्रों में आठ बच्चों को संस्थान द्वारा 1,45000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

# अभिमत

**अमेरिकी पत्रकार जेम्स रेस्टन के अनुसार, ट्रूमैन स्थानीय राजनीतिक विचारों से प्रभावित थे। स्थानीय राजनीतिक विचारों के समर्थक चाहते थे कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली 31 अगस्त, 1945 को फिलिस्तीन में 1 लाख यहूदियों के बड़े पैमाने पर प्रवासन की अनुमति दें। तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव अर्नेस्ट बेविन ने अफसोस जताया कि 'फिलिस्तीन मुद्दा संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानीय चुनावों का विषय बन गया है।'**

## गज़ा में फिर बमबारी के कारण शांति की संभावनाएं क्षीण



वाप्पला बालाचंद्रन

**इजरायल ने 1967 में पूर्वी यरुशलेम, वेस्ट बैंक और गज़ा पर जबरन कब्जा कर संयुक्त राष्ट्र की इस योजना का उल्लंघन किया। तब से अरब भूमि पर इज़रायल अवैध यहूदी बस्तियों का विकास कर रहा है और फिलिस्तीनियों को जबरन बेदखल कर रहा है तथा उन्हें शरणार्थी बता रहा है।**

हमास ने 19 अगस्त को कहा कि गज़ा सिटी पर योजनाबद्ध प्रमुख इज़रायली हमले से पहले वार्ता को नवीनीकृत करने के लिए 17 तारीख को कतर और मिस्र द्वारा प्रस्तुत नए युद्धविराम प्रस्ताव को उसने स्वीकार कर लिया है। ये प्रस्ताव ज्यादातर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ की योजना पर आधारित हैं जिन पर इज़रायल ने कथित तौर पर सहमति व्यक्त की थी। इसके परिणामस्वरूप कतर और मिस्र ने हमास पर प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डाला हालांकि हमास द्वारा शांति स्वीकार करने के एक दिन बाद ही 20 अगस्त को इजरायल ने गज़ा सिटी पर बमबारी की और ऐसा लगता है कि वह बड़े पैमाने पर आक्रमण की अपनी नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इजरायल के इस कदम से कतर-मिस्र शांति योजना का परिणाम अनिश्चित हो गया है।

प्रस्ताव में आजीवन कारावास की सजा काट रहे क्रमशः 140 कैदियों और 15 साल से अधिक की सजा काट रहे 60 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 10 जीवित इजरायली बंधकों की रिहाई और 18 मृतक इजरायली नागरिकों के शवों की वापसी का प्रस्ताव रखा गया है। इज़रायल सभी फिलिस्तीनी नाबालिगों और महिला कैदियों को भी रिहा करेगा। एक युद्धविराम प्रभावी रहेगा जिसके दौरान विटकॉफ प्रस्ताव में निर्दिष्ट नियमों के अनुसार इज़रायली सेना फिर से तैनात होगी और गज़ा आबादी को मानवीय सहायता दी जाएगी।

17 अगस्त को तेल अवीव में लगभग 4 लाख इज़रायलियों के बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के दौरान यह प्रगति हुई जिसे पूरे देश में जमीनी स्तर पर की गई लगभग 10 लाख लोगों की हड़ताल का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने कतर-मिस्र प्रस्ताव के बारे में सुना था लेकिन इतामार बेन-ग्वीर जैसे कट्टरपंथियों ने इस विचार का विरोध किया। हालांकि इज़रायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) के पूर्व प्रमुख और पूर्व रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज़ ने सिफारिश की कि नेतन्याहू प्रस्ताव स्वीकार करें।

दिसंबर, 2022 में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी द्वारा अल्ट्रा-नेशनलिस्ट और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ मिलकर काम करने के बाद फिलिस्तीनियों के साथ इज़रायल के संबंध खराब हो गए थे। उनके विरोधियों ने तब कहा था कि नेतन्याहू को कट्टरपंथी पार्टियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था क्योंकि उनके पूर्व उदारवादी सहयोगियों ने उनकी सरकार में भाग लेने से इनकार कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि वे रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोपों में मुकदमे का सामना कर रहे थे।

उनके वर्तमान सहयोगी यूनाइटेड टोरा ज्यूडिज़्म, शास, ओत्ज़मा येहुदित, धार्मिक विचारों वाली ज़ायोनी पार्टी और न्यू होप हैं जो मानते हैं कि 'इज़रायल की भूमि के सभी क्षेत्रों पर यहूदी लोगों का एक विशेष और निर्विवाद अधिकार है।' इसमें संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीन विभाजन योजना द्वारा फिलिस्तीनी अरबों को दिए गए भूमि के हिस्से शामिल हैं जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 29 नवंबर 1947 को संकल्प 181 (II) के रूप में अपनाया गया था जिसने तत्कालीन मौजूदा अरब फिलिस्तीनी राज्य के भीतर इज़रायल के नए यहूदी राज्य का निर्माण किया था।

नेतन्याहू और उनके अतिराष्ट्रवादी समर्थक इस तथ्य को अनदेखा करते हैं कि यहूदी राष्ट्र को केवल ब्रिटिश मदद से पहले और बाद में अमेरिकियों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता था। वह भी विशेष रूप से इसलिए, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन संयुक्त राष्ट्र द्वारा फिलिस्तीन विभाजन के लिए सहमत हुए थे। ऐसा इसलिए है क्योंकि आधुनिक ज़ायोनीवाद के जनक थियोडोर हर्ज़ेल 1898 में जर्मनी के सम्राट कैसर विल्हेम द्वितीय और 1901 में ओटोमन सुल्तान के साथ यहूदियों को 'मातृभूमि' देने के लिए प्रस्ताव के लिए समर्थन प्राप्त करने में असमर्थ रहे थे। हैरी एस ट्रूमैन लाइब्रेरी एंड म्यूज़ियम में उपलब्ध कागजातों से संकेत मिलते हैं कि वे (यहूदी) 1903 में अंग्रेजों द्वारा पेश किये गए प्रस्ताव के तहत युगांडा, साइप्रस या अर्जेंटीना को स्वीकार करने के लिए भी तैयार थे।

इस मामले में रूसी यहूदी मूल के ब्रिटिश शोध वैज्ञानिक चैम वीज़मैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वीजमैन बाद में इज़रायल के पहले राष्ट्रपति भी बने। वीज़मैन ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान एसीटोन आपूर्ति के साथ ब्रिटिश सरकार की मदद की थी। उनके अनुरोध पर ही 1917 में बालफोर घोषणा जारी की गई थी जबकि फिलिस्तीन में यहूदी आबादी 6 लाख में से केवल 18 हजार (3 प्रतिशत) थी।

2 नवंबर, 1917 को ब्रिटिश विदेश सचिव सर आर्थर बालफोर ने 'यहूदी लोगों के लिए एक राष्ट्रीय घर की फिलिस्तीन में स्थापना' के लिए ब्रिटिश सरकार की 'यहूदी ज़ायोनी आकांक्षाओं के साथ सहानुभूति की घोषणा' से लॉर्ड लियोनेल वाल्टर रोथचाइल्ड को अवगत कराया, बशर्ते कि 'ऐसा कुछ भी नहीं किया जाएगा जो फिलिस्तीन में मौजूदा गैर-यहूदी समुदायों के नागरिक और धार्मिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सके।'

लैरी कोलिन्स और डोमिनिक लैपियरे ने अंतरराष्ट्रीय बेस्ट-सेलर किताब 'ओ जेरूसलम' में लिखा है कि 1925 में चैम वीज़मैन ने कहा था- 'फिलिस्तीन रोडेशिया नहीं है और 6 लाख अरब वहां रहते हैं जिन्हें अपने घरों के बिल्कुल वही अधिकार हैं जैसा कि हमारे राष्ट्रीय घर के लिए हैं।' 1947 के बाद के नेतन्याहू जैसे नेताओं ने इसे नज़रंदाज़ कर दिया जिसके कारण बारहों मास चलने वाली इजरायल-फिलिस्तीनी समस्या को जन्म मिला।

ट्रूमैन कागजात ऐसे भी संकेत देते हैं कि अरब विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ब्रिटेन ने स्पष्ट किया कि 'राष्ट्रीय घर' का मतलब 'यहूदी राष्ट्रीय राज्य' नहीं था। कागजात कहते हैं कि इटली, फ्रांस और अमेरिका ने सेव्रेस की संधि (1920) और लॉज़ेन की संधि (1923) पर सहमत होकर बालफोर घोषणा को ओटोमन साम्राज्य के भाग्य पर ब्रिटिश नीति के अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया।

जब 1922 तक प्रवासन के कारण यहूदी संख्या बढ़कर 83,790 हुई तो अरबों ने विरोध किया। इस पर तत्कालीन औपनिवेशिक सचिव विंस्टन चर्चिल ने आश्वासन दिया था कि फिलिस्तीन को यहूदी राज्य में बदलने का कोई इरादा नहीं था। 1939 तक यहूदियों की संख्या 4.45 लाख के ऊपर पहुंच गई जो फिलिस्तीन की आबादी का एक तिहाई था।

5 अप्रैल, 1945 को अमेरिकी राष्ट्रपति एफडी रूजवेल्ट ने सऊदी अरब के राजा इब्न सऊद को पत्र लिखकर आश्वासन दिया था कि 'अमेरिका द्वारा फिलिस्तीन में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जो अरब लोगों के लिए शत्रुतापूर्ण साबित हो सकती है।' हालांकि उनके उत्तराधिकारी ट्रूमैन ने घरेलू राजनीतिक विचारों के कारण इस नीति को बदल दिया।

अमेरिकी पत्रकार जेम्स रेस्टन के अनुसार, ट्रूमैन स्थानीय राजनीतिक विचारों से प्रभावित थे। स्थानीय राजनीतिक विचारों के समर्थक चाहते थे कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली 31 अगस्त, 1945 को फिलिस्तीन में 1 लाख यहूदियों के बड़े पैमाने पर प्रवासन की अनुमति दें। तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव अर्नेस्ट बेविन ने अफसोस जताया कि 'फिलिस्तीन मुद्दा संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानीय चुनावों का विषय बन गया है।'

हालांकि फिलिस्तीन का समाधान खोजने के लिए एंग्लो-अमेरिकन कमेटी ऑफ इंक्वायरी में भाग लेने के लिए भी ट्रूमैन राजी हुए। समिति ने अपनी 'यूनाइटेड स्टेट्स सरकार और यूनाइटेड किंगडम में महामहिम की सरकार को रिपोर्ट' (20 अप्रैल, 1946) में अन्य बातों के साथ-साथ कहा- 'अरब पर यहूदी हावी नहीं होंगे और अरब भी यहूदियों पर हावी नहीं होंगे, फिलिस्तीन न तो यहूदी राज्य होगा और न ही अरब राज्य; अंतरराष्ट्रीय गारंटी के तहत अंततः स्थापित होने वाली सरकार का रूप, ईसाई जगत की पवित्र भूमि और मुस्लिम और यहूदी धर्मों के हितों की पूरी तरह से रक्षा और संरक्षण करेगा।'

2 अप्रैल, 1947 को ब्रिटेन ने फिलिस्तीन के भविष्य का मामला संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूनाईटेड नेशन्स जनरल असेंबली) को स्थानांतरित कर दिया। महासभा ने समाधान के लिए भारत सहित 11 सदस्यों की एक विशेष समिति नियुक्त की। समिति ने 1 सितंबर, 1947 को दो विकल्पों की सिफारिश की थी- बहुमत की सिफारिश फिलिस्तीन को अरब और यहूदी क्षेत्रों में विभाजित करना था, जिसमें यरूशलेम अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखना था जबकि भारत व अन्य अल्पसंख्यक गुट द्वारा प्रस्तावित योजना में फिलिस्तीन का एक संघीय राज्य बनाया जाना था जिसमें दो स्वायत्त राज्य शामिल थे।

अमेरिकी विदेश विभाग ने विभाजन को महत्व न देते हुए अल्पसंख्यक योजना को प्राथमिकता दी जिसे राष्ट्रपति ट्रूमैन ने खारिज कर दिया और संकल्प 181 (II) पारित किया जिससे तत्कालीन मौजूदा अरब फिलिस्तीनी राज्य के भीतर इजरायल का नया यहूदी राज्य बन गया।

बाद में इजरायल ने 1967 में पूर्वी यरुशलेम, वेस्ट बैंक और गज़ा पर जबरन कब्जा कर संयुक्त राष्ट्र की इस योजना का उल्लंघन किया। तब से अरब भूमि पर इज़रायल अवैध यहूदी बस्तियों का विकास कर रहा है और फिलिस्तीनियों को जबरन बेदखल कर रहा है तथा उन्हें शरणार्थी बता रहा है।

**(लेखक कैबिनेट सचिवालय के पूर्व विशेष सचिव हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

### बीता सप्ताह

**17 अगस्त**
- जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद आई बाढ़ से अब तक 70 लोगों की मौत हो गई।
- छग हाईकोर्ट ने 15 साल पुराने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए तीन आरोपियों को बरी कर दिया।
- यू ट्यूबर शशि मलहोत्र के खिलाफ हरियाणा पुलिस जांच टीम ने हिसार अदालत में 2500 पेज की चार्ज शीट दाखिल की।
- ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री आई पेरियासामी से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की।

**18 अगस्त**
- भाजपा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया।
- अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से भारत पहुंचने पर नई दिल्ली में शानदार स्वागत हुआ।
- जम्मू कश्मीर के कठुआ में तीन स्थानों पर बादल फटने से 7 लोगों की मौत हो गई।
- बीजिंग चीन में तिंगरी काउंटी में मानव रहित डिलवरी वाहनों की शुरूआत हुई।

**19 अगस्त**
- छग के बीजापुर में नक्सलियों के आईईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद हो गया।
- छग के पं. रविशंकर विश्वविद्यालय को नैक ने ए प्लस ग्रेड दिया।
- चीन के विदेशमंत्री वांग मी भारत के दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वागत किया।
- कश्मीर में 12 सालों में 2863 कुदरती हादसों में 552 लोगों की जान गई।

**20 अगस्त**
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि अब सभी 22 भाषाओं में लोकसभा कार्यवाही का होगा अनुवाद।
- केन्द्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बताया कि बनारस लोकोमेटिव वर्कस वाराणसी ने रेलवे ट्रेक्स के बीच भारत के पहले 70 मीटर लंबे सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया।
- चीन के विदेश मंत्री वांग ची ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।
- इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया।

**21 अगस्त**
- लोकसभा में एक धियक पारित हुआ जिसमें 30 दिन जेल में रहने पर छोड़ना पड़ेगा पीएम-सीएम या कोई भी मंत्री पद।
- उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग की ओर से सीपी राधाकृष्ण ने भरा नामांकन।
- छग में मंत्री मंडल का विस्तान किया। तीन नए मंत्रियों ने राजभवन में शपथ ली। राजेश अग्रवाल, गजेन्द्र यादव और गुरू खुशवंत सिंह साहेब।
- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। हमलावर पकड़ा गया।

**22 अगस्त**
- केन्द्र सरकार ने जीएसटी स्लेब में बदलाव करते हुए 12 और 28 फीसदी वाला टैक्स खत्म करने का फैसला लिया।
- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन क तरफ बी सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन दाखिल किया।
- इसरो ने घोषणा किया कि मानव रहित मिशन गगनयान इसी साल लांच होगा।
- पाके पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कोई ने दी जमानत।
- असम के मुख्यमंत्री ने लिया फैसला 18 साल से उपर के लोगों का नहीं बनेगा आधार कार्ड।

## जब 'सरदार सरोवर' को 'नवागाम बांध' कहा जाता था!

■ राजेन्द्र जोशी

नर्मदा बचाओ आंदोलन' के चालीस सालों से पहले भी नर्मदा के 'सरदार सरोवर बांध' का विरोध हुआ था। गांधीवादी और सर्वोदय कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के धार ज़िले के 'ग्राम भारती आश्रम, टवलाई' में जनवरी 1977 में 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' की नींव रखी थी। इस समिति के गठन में गुजरात के रमेश भाई देसाई की अग्रणी भूमिका थी जो गुजरात के 'उकाई' और 'माही-कडाना' बांधों के विस्थापितों की बदहाली से परिचित थे और देशभर में बड़े बांधों के खिलाफ अलख जगा रहे थे। यह समिति कालांतर में महाराष्ट्र की 'नर्मदा धरणग्रस्त समिति' और गुजरात की 'नर्मदा बांध असरग्रस्त समिति' के साथ मिलकर 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' के नाम से देश-दुनिया में जानी-पहचानी गई।

'ग्राम भारती आश्रम, टवलाई' में देशभर से आने वालों की कोई कमी नहीं थी। आज देश के बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में चल रहे सामाजिक व्यवस्था, व्यापार प्रबंधन, स्वालंबन, स्वदेशी जैसे पाठ्यक्रमों की यह आश्रम जीवित इकाई हुआ करता था। सत्तर के दशक तक आश्रम में कई तरह के उत्पादक कार्य, जैसे - गुड़, साबुन, सूत-कताई और खादी के कपड़े बनाने, घानी से तेल निकालने के कार्य होते थे। आश्रम परिसर में मध्यप्रदेश का संभवत: पहला गोबर-गैस प्लांट लगा था जिसे देखने भी कई लोग आते थे।

**जब 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' का कार्य क्षेत्र बढ़ने लगा और लगने लगा कि आमजनों को बात समझ में आने लगी है तो और भी कई साथी जुड़ते गये। सन् 1981 में 'नवागम बांध' के विरोध में दो बुजुर्ग बैजनाथ महोदय (इंदौर) और पंडित विश्वनाथ शर्मा (मांडव) भी आए। महोदयजी मध्यभारत सरकार में काशीनाथ त्रिवेदी के साथ मंत्री रह चुके थे तो पंडित विश्वनाथ शर्मा धार स्टेट के इंजीनियर होने के साथ मांडव इतिहास के जीवित विश्वकोश थे।**

रमेश देसाई ने अपने आने का उद्देश्य शाम की प्रार्थना के बाद बताया। उन्होंने नर्मदा नदी पर 'नवागाम बांध' (सरदार सरोवर) बनने ओर उससे निमाड़ में होने वाली सम्भावित डूब के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि निमाड़ के लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने का कार्य किया जाए तो हजारों किसानों व नर्मदा किनारे रहने वालों को बचाया जा सकता है। उन्हें सचेत कर दिया जाए तो वे अपने हक़ की जमीनों, अचल सम्पत्ति के लिए आगे आयेंगे। रमेश देसाई का मानना था कि आश्रम परिवार क्षेत्र की समस्याओं व समाधान से परिचित होने के कारण आम लोगों को नजदीकी से प्रभावित कर सकता है।

अपने प्रवास के दौरान रमेश भाई ने बड़वानी के नज़दीक, नर्मदा किनारे, राजघाट स्थित गांधी समाधि पर भी समय बिताया और जाने से पहले भविष्य में अपनी ओर से सहयोग की बात कही। उनके जाने के बाद आश्रम परिवार की बैठक बुलाई गई जिसमें यह बात आई कि हम अभी तक सामाजिक जागरूकता, कुरीतियों को दूर करने, छुआछूत का दंश मिटाने, स्वालंबन, स्वदेशी और गांधी के विचारों पर कार्य करते आए हैं। हम यदि नर्मदा बांध से सम्बंधित कार्य हाथ में लेते हैं, तो कार्यक्षेत्र विस्तृत- सम्पूर्ण धार, (अविभाजित) खरगोन व (अविभाजित) झाबुआ ज़िला होगा। यह तय किया गया कि बांध से ग्रामीण ज़्यादा प्रभावित होंगे इसलिए हमारा कार्यक्षेत्र गांव और ग्रामीण रहेंगे। अंतिम निष्कर्ष यह हुआ कि हमें समाज के लिये यह कार्य करना होगा जिसके लिये एक पृथक समिति बनाई जाएगी।

कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व औपचारिक रूप से समिति का गठन किया गया जिसे 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' नाम दिया गया। इस समिति में संस्था प्रमुख काशीनाथ त्रिवेदी, फूलचंद पटेल, रामलाल पटवार, मांगीलाल जोशी और कार्यालयीन कार्य हेतु प्रभाकर मांडलिक शामिल किये गये। प्रारम्भिक कार्य हेतु परिचय क्षेत्र वाले गांवों का चयन कर वहां के परिचितों को पत्र भेजे गये- कुछ डाक से तो कुछ बसों के माध्यम से। सन् 1977 की 12 फ़रवरी को राजघाट (बडवानी) की गांधी-समाधि पर बापू के श्राद्ध दिवस पर संकल्प के साथ कार्य प्रारम्भ किया गया।

समिति तो गठित हो गई, लेकिन सबसे बड़ा सवाल था, गांव-गांव में जनसम्पर्क कैसे किया जाये? उस समय न तो कोई वाहन सुविधा थी और न ही टेलिफ़ोन। प्रस्तावित 'सरदार सरोवर बांध' के विपरीत परिणामों की जानकारी भी सीमित थी। तब काशीनाथ त्रिवेदी ने 'भूदान आंदोलन,' झाबुआ में अकाल पीड़ितों के लिये कार्य, बागी-आत्मसमर्पण, 'सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन' आदि में सक्रिय रहे, तीनों ज़िलों के ग्रामों से परिचित, 70 के दशक में सरकारी स्तर पर गठित ज़िला स्तरीय 'बीस सूत्रीय समिति' के सदस्य रहे मांगीलाल जोशी को यह ज़िम्मेदारी दी। जोशी जी के पास अतिरिक्त सुविधा यह थी कि वे सायकल चलाना जानते थे और 'स्वाधीनता सेनानी' होने के नाते उन्हें 'मप्र राज्य परिवहन निगम' की बसों में एक सहयोगी के साथ नि:शुल्क यात्रा पास मिला हुआ था।

मांगीलाल जोशी जहां तक सरकारी बस जाती, वहां पहुंचकर नज़दीकी गांव जाने के लिये सायकल का इस्तेमाल करते, गांव पहुंचकर आने का उद्देश्य बताते, साथ ही एक-दो गांवों की संयुक्त बैठक का आयोजन करने की सहमति लेते। तय दिनांक को आयोजित बैठक को काशीनाथ त्रिवेदी संबोधित करते। उन दिनों न तो कुर्सी-टेबल होती, न माइक, लेकिन उसके बावजूद ग्रामीण बात सुनते ओर अपनी रखते। प्रभाकर मांडलिक आश्रम में वित्तीय कार्य देखने के साथ पत्राचार का कार्य भी देखते थे इसलिये उन्हें समिति से संबंधित पत्राचार और लेखा की जिम्मेदारी दी गई थी।

'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' द्वारा गांव-गांव में जनजागरण अभियान के चलते बोरलाय के अंबाराम मुकाती, बगूद के शोभाराम जाट व निसरपुर के पारसमल करनावट भी समिति से जुड़ गये। बाद में खरगोन के रमाकान्त खोड़े और इंदौर के ओमप्रकाश रावल भी आए, लेकिन वे कार्यक्रमों में ही आ पाते थे, पूर्ण-कालिक समय नहीं दे सकते थे। समिति के पास सबसे बड़ी कमी थी कार्यकर्ताओं की, इसलिए आश्रम परिवार के पदाधिकारियों के पढ़ने वाले बच्चों से स्वैच्छिक समयदान का आग्रह किया गया। बैठक वाले गांव में लोगों के साथ मिलकर बिछायत करवानी होती थी, जिसमें दरी, खाद की थैलियों से बनी पल्ली उपयोग करते थे। इन बैठकों में कोठडा, छोटी-टवलाई, महापुरा, पटवार, बड़ा- बड़दा, गांगली, पीपलदा, गढ़ी, कोटेश्वर, कुकरा, राजघाट, बड़वानी, ककराना जैसे कई गांवों के लोग शामिल होते थे।

नर्मदा नदी को पवित्र और पूज्य मानने वाले ग्रामीण इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे कि मातेश्वरी (नर्मदा नदी) को कोई कैसे बांध सकता है। इतनी बड़ी नदी पर बांध कैसे बनेगा और बनेगा भी तो इतनी दूर से हमारे इलाके में पानी कैसे आ पायेगा? तब उन्हें गांव के खेत में पहुंचाई जाने वाली नाली (लांगी) के उदाहरण से बताया जाता था कि चलते पानी को रोकने से क्या होता है। जिज्ञासा अनेक थी, समाधान-कारक उत्तर कम थे। फिर भी गांव-गांव अलख जगती रही, लोग जुड़ते गये। तब आज की तरह सोशल-मीडिया जैसे संचार-साधन नहीं थे, न ही बैठक में आने वालों के पास निजी वाहन। सभी अपनी-अपनी सुविधानुसार आते थे।

जब 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' का कार्य क्षेत्र बढ़ने लगा और लगने लगा कि आमजनों को बात समझ में आने लगी है तो और भी कई साथी जुड़ते गये। सन् 1981 में 'नवागम बांध' के विरोध में दो बुजुर्ग बैजनाथ महोदय (इंदौर) और पंडित विश्वनाथ शर्मा (मांडव) भी आए। महोदयजी मध्यभारत सरकार में काशीनाथ त्रिवेदी के साथ मंत्री रह चुके थे तो पंडित विश्वनाथ शर्मा धार स्टेट के इंजीनियर होने के साथ मांडव इतिहास के जीवित विश्वकोश थे। इनका साथ कुछ दिनों का रहा, लेकिन इन्हें देखकर युवाओं में भी जोश जागा। दूसरी ओर उम्रदराज होते सर्वोदयी और गांधीवादी कार्यकर्ताओं को लगातार यात्रा में परेशानी आने लगी, फिर भी समय-समय पर कार्यक्रम होते रहे। इस सबके बीच इंदौर के 'चेतना मंडल' ने 'नवागम बांध' के बैक-वॉटर से आने वाली डूब का नक्शा प्रकाशित किया। इस नक्शे ने लोगों को काफ़ी जागरूक किया।

इसी बीच सरकार को लगा कि मुट्ठी भर सर्वोदयी और गांधीवादी कार्यकर्ता बड़ा जनाधार बना रहे हैं तो उन्होंने इसे रोकने के लिये 'ग्राम भारती आश्रम, टवलई' द्वारा संचालित स्कूल का अनुदान जारी रखने में अड़ंगे डालना प्रारम्भ कर दिया। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं का हौसला नहीं टूटा, लेकिन उम्र साथ नहीं दे रही थी इसलिये इसकी गतिविधियां कम होने लगीं। फिर भी 1984 तक सभी सक्रिय रहे। बाद के सालों में स्वास्थ्य अनुसार सक्रियता रही, लेकिन तब तक नई पीढ़ी आ चुकी थी। सन् 1988-89 तक 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' के नाम से पहचाना जाने वाला 'नवगाम बांध' का विरोध 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' में बदल गया, साथ ही 'नर्मदा घाटी नवनिर्माण समिति' से जुड़े सदस्यों के कार्य व नाम गुमनामी में चले गये।

**(लेखक वरिष्ठक पत्रकार हैं।)**

## बांध विरोध के चालीस साल

■ रेहमत

नर्मदा घाटी की तीन पीढ़ियों ने सामाजिक न्यालय और पर्यावरण संरक्षण की एक लौ को बड़ी शिद्दत से जलाए रखा है। करीब 40 बरस में मशाल बन चुके 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' का सफर छोटा नहीं है। 'सरदार सरोवर बाँध' की मुखालिफत से शुरु हुई इस लड़ाई के पहले पर्यावरण शब्द नया था, हालांकि इसे लेकर 'मूलशी बांध विरोध,' 'चिपको आंदोलन,' 'सेव सायलेंट वेली' और 'मिट्टी बचाओ अभियान' जैसे आंदोलन अपनी छाप छोड़ चुके थे। 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' ने 'सरदार सरोवर' से प्रभावित होने वाले निमाड-मालवा के आदिवासी-किसानों के पुनर्वास और वित्तीय मामलों के साथ प्रभावितों की रोजी-रोटी, उपजाऊ खेती और जंगलों के विनाश का मामला भी उठाया था। आंदोलन की सक्रियता के कारण विकास परियोजनाओं को पर्यावरणीय नजरिए से भी देखा-परखा जाने लगा।

आंदोलन के प्रभाव क्षेत्र में लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग हुए और उन्होंपने विस्थादपन के अलावा अन्य मामलों को भी उठाया। यह सिलसिला अभी भी जारी है। 'सरदार सरोवर' के संघर्ष से प्रेरणा लेकर नर्मदा घाटी के ही 'बरगी,' 'भीमगढ़,' 'इंदिरा सागर,' 'औंकारेश्वहर,' 'महेश्वगर,' 'अपर वेदा,' 'लोअर गोई,' 'मान,' 'जोबट' आदि बांधों के प्रभावित अपने अधिकारों के लिए खड़े होते गए और 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' का हिस्सा बने। ऐसे संघर्ष देश के अन्यन हिस्सों में भी दिखाई दिए। यह एक आंदोलन के जनांदोलन बनने का उदाहरण है।

**'नर्मदा बचाओ आंदोलन' अपने चार दशकों के सफर में सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, सही जल-प्रबंधन, आदिवासी-किसानों-महिलाओं के सशक्तिकरण और मानवाधिकारों की लड़ाई का एक जीवंत प्रतीक बना है। दुनिया में कम लोग हैं जो सरकारी दमनचक्र और उपेक्षा के बावजूद टूटे नहीं और संघर्ष की जलती मशाल अपनी अगली पीढ़ियों को सौंपते रहे।**

'नर्मदा बचाओ आंदोलन' का केन्द्रो पश्चिमी मध्यप्रदेश, उत्तरी महाराष्ट्र और पूर्वी गुजरात का पहाड़ी आदिवासी इलाका और मैदानी निमाड़ इलाके का ग्रामीण अंचल रहा है। इन इलाकों में आमतौर पर महिलाओं की भागीदारी कम दिखाई देती है, लेकिन आंदोलन ने वैचारिक और रणनैतिक वजहों से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। नतीजे में सार्वजनिक कार्यक्रमों में आधी से अधिक संख्याम में महिलाएं दिखाई देती रहीं। महिलाओं की यह भागीदारी केवल सार्वजनिक प्रदर्शनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वे निर्णय प्रक्रिया में भी हिस्सा लेती थीं। आंदोलन के माध्यम से हुआ महिला सशक्तिकरण घरेलू मामलों से लेकर गांव-समाज में भी दिखाई दिया।

प्रभावितों की लड़ाई केवल नागरिकों के हकों की उपेक्षा करने वाली सरकारों के विरोध तक सीमित नहीं थी। 'सरदार सरोवर परियोजना' के लिए 45 करोड़ डॉलर का कर्ज देने पर विश्व बैंक को भी नर्मदा घाटी में विनाश का जिम्मेदार ठहराया गया और अंततः उसे पीछे हटना पड़ा। पर्यावरण और पुनर्वास संबंधी चिंताओं के कारण विश्व बैंक द्वारा 'सरदार सरोवर परियोजना' की आर्थिक मदद रोकना एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना और आंदोलन की जीत थी। तब तक कोई ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिला था जिसमें विश्व बैंक ने कभी किसी परियोजना से अपना हाथ खींचा हो।

जो चिंताएं भारत की बांध परियोजना में देखी गईं, वे ही दुनिया की अन्य बांध परियोजनाओं में भी थीं। इसलिए आंदोलन ने सम-विचारी समूहों के साथ मिलकर विश्व बैंक को बाध्य किया कि वह अपनी मौजूदा कर्ज नीति में बदलाव करे, ताकि दुनिया में कहीं भी सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विनाश को रोका जा सके। विश्व बैंक को इसके लिए राजी होना पड़ा और 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़रवेशन ऑफ नेचर' (आईयूसीएन) के साथ मिलकर बड़े बांधों के सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभावों की समीक्षा हेतु 'विश्व बांध आयोग' का गठन करना पड़ा। इसमें आंदोलन की ओर से मेधा पाटकर को आयुक्त के रुप में शामिल किया गया। दक्षिण अफ्रीका के जल-संसाधन मंत्री कादर अस्माल की अध्यक्षता वाले 'विश्व बांध आयोग' की रिपोर्ट के बाद विश्व बैंक को अपनी कर्ज नीति में बदलाव करना पड़ा और उसने कई सालों तक बांध परियोजनाओं को कर्ज देना बंद रखा।

आंदोलन ने ऐसी सरकारें देखी हैं जिन्होंने प्रभावितों के जीवन, रोजी-रोटी और अधिकारों की लड़ाई को खारिज किया था। कुछ सरकारों ने आंदोलनकारियों के खिलाफ दमनचक्र भी चलाया, लेकिन जिन सरकारों ने उपेक्षा नहीं की, वे भी प्रभावितों को उनके अधिकार देने में अनिच्छुक ही रहीं। प्रभावित किसानों को अपने ही राज्य में 'जमीन के बदले जमीन' देने की बंधनकारी नीति के बावजूद मध्य प्रदेश की सरकारों ने जमीन देना कभी स्वीकार नहीं किया। मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों को आसानी से जमीन, पानी और बिजली उपलब्ध करवाने वाली सरकार सुप्रीम कोर्ट में शपथ-पत्र देती थी कि विस्थापितों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद आंदोलन करीब 20 हजार परिवारों को जमीन दिलवाने में सफल रहा। इनमें बड़ी संख्या भूमिहीन परिवारों की है। यह छोटी उपलब्धि नहीं है।

कुछ हजार परिवारों को और भी जमीन मिल सकती थी यदि आंदोलन की एक रणनीतिक चूक न होती। सर्वोच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2001 के अपने आदेश में पुनर्वास नीति को बरकरार रखा था। इस कारण मध्य प्रदेश सरकार के लिए भी खेती की जमीन देकर पुनर्वास करने की बाध्यता थी। सरकार तो किसी भी कीमत पर प्रभावितों को जमीन देने के पक्ष में नहीं थी इसलिए जमीन के बदले 5 लाख 58 हजार रुपए अनुदान का विकल्प दिया। अनुदान राशि एकमुश्त न देकर 2 किश्तों में भुगतान की गई और अनुदान की पहली किश्त यानी आधी अनुदान राशि से पूरी 5 एकड़ जमीन खरीदकर रजिस्ट्री करवाने की शर्त रखी गई। अनुदान भुगतान का यह तरीका व्यवहारिक नहीं था। संपत्ति की रजिस्ट्री उधारी में नहीं होती।

इस अतार्किक शर्त का फायदा शातिर अधिकारियों और दलालों के गठजोड़ ने उठाया। गठजोड़ ने करीब 3 हजार से अधिक आदिवासियों और किसानों की फर्जी रजिस्ट्री करवाते हुए खूब चांदी काटी और प्रभावितों को जमीन से वंचित कर दिया। कुछ सालों तक चले इस फर्जीवाड़े में आंदोलन की भूमिका पूर्ववत नगद अनुदान के विरोध की रही। आंदोलन की इस भूमिका ने फर्जीवाड़ा आसान कर दिया, क्योंकि तब फर्जीवाड़े में शामिल गिरोह को आंदोलन की निगरानी का डर भी नहीं बचा था। 5 लाख 58 हजार रुपए की अनुदान राशि से तब 5 एकड़ जमीन मिलना संभव था। उस समय आंदोलन यदि अनुदान राशि से जमीन खरीदने में प्रभावितों की मदद करता तो फर्जीवाड़े पर भी लगाम लगती और कुछ अधिक प्रभावितों को जमीन मिल पाती। हालांकि आंदोलन के प्रयासों से फर्जीवाड़े की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्रवण शंकर झा की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया गया था, लेकिन फर्जीवाड़े में शामिल किसी अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी इलाके में एक तो स्कूल ही नहीं थे और जो थे वे भी कागजों पर चलते थे। इन स्कूलों को शुरु करवाने के लिए आंदोलन ने काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में आंदोलन ने निर्णय लिया कि उसे ही संघर्ष के साथ शिक्षा का मोर्चा भी खोलना पड़ेगा। इस प्रकार 'पढ़ाई-लड़ाई साथ-साथ के उद्देश्य को लेकर 'जीवन-शालाओं' की शुरुआत हुई। इन 'जीवन-शालाओं' ने न सिर्फ उस इलाके की पहली पीढ़ी को शिक्षित किया, बल्कि उनसे निकले कई छात्र-छात्राएं आज शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर और राज्य स्तर के खिलाड़ी हैं।

'नर्मदा बचाओ आंदोलन' अपने चार दशकों के सफर में सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, सही जल-प्रबंधन, आदिवासी-किसानों-महिलाओं के सशक्तिकरण और मानवाधिकारों की लड़ाई का एक जीवंत प्रतीक बना है। दुनिया में कम लोग हैं जो सरकारी दमनचक्र और उपेक्षा के बावजूद टूटे नहीं और संघर्ष की जलती मशाल अपनी अगली पीढ़ियों को सौंपते रहे। नर्मदा घाटी के साधारण से ग्रामीण किसान-आदिवासी, मछुआरों, खेतीहर मजदूरों आदि ने इस आंदोलन को एक बांध से कहीं आगे ले जाकर विशाल परियोजनाओं के प्रभावों और उनकी समीक्षा तक पहुंचा दिया। इन साधारण लोगों का असाधारण, अदम्य साहस और उनके द्वारा जलाई मशाल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

**(लेखक बड़वानी स्थित 'मंथन अध्ययन केंद्र' से जुड़े हैं।)**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## ब्राजील के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करे अमेरिका : लूला दा सिल्वा

**साओ पाउलो,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फटकार लगाई है। सिल्वा ने ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें ब्राजील के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सिन्हुआ के मुताबिक, गुरुवार को साओ पाउलो राज्य के सोरोकाबा शहर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमें यह जानना होगा कि लोगों की जरूरतें कैसे पूरी की जाएं। इसके लिए लोगों की देखभाल करनी होती है, न कि शासन। वह ब्राजील की देखभाल करना चाहते हैं। लोगों की रक्षा ही किसी भी देश की संप्रभुता का सार है। लूला ने कहा कि हम विनम्र हैं और किसी के चिल्लाने से नहीं डरते।

मानवाधिकार संगठन ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा व उत्पीड़न पर जताई गंभीर चिंता, कहा

# अल्पसंख्यक बच्चियों तक को बनाया जा रहा निशाना

■ **उत्पीड़न का मूल कारण है पाकिस्तान का विवादास्पद ईशनिंदा कानून**




**इस्लामाबाद,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। एक प्रमुख अल्पसंख्यक अधिकार समूह ने पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और उत्पीड़न पर गंभीर चिंता जताई है।


समूह ने चेतावनी दी है कि देश में व्याप्त धार्मिक असहिष्णुता के कारण ईसाई, हिंदू, अहमदिया, सिख और अन्य लोगों को उपेक्षा, टारगेट अटैक और सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। वॉशिंगटन स्थित सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ऑर्गनाइज्ड हेट (सीएसओएच) की एक ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने कहा कि पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति 'बेहद खराब' होती जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धार्मिक स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के बावजूद,

**धार्मिक स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के बावजूद, पाकिस्तान में अल्पसंख्यक लगातार खतरे में रहते हैं और न्याय की उम्मीद कम ही है : वीओपीएम**

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक लगातार खतरे में रहते हैं और न्याय की उम्मीद कम ही है।

वीओपीएम ने जोर देकर कहा कि इस उत्पीड़न का मूल कारण पाकिस्तान का विवादास्पद ईशनिंदा कानून है, जिसका बड़े स्तर पर धमकाने, व्यक्तिगत विवादों को निपटाने या धन उगाहने के लिए दुरुपयोग किया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि आरोप, चाहे वे सच्चे हों या मनगढ़ंत, यह अक्सर देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भीड़ को भड़काने के लिए पर्याप्त होते हैं। मानवाधिकार संस्था द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय, हिंदुओं को हिंसा और जबरन धर्मांतरण का सामना करना पड़ रहा है। 2019 में, सिंध में हिंदू शिक्षक नोतन लाल पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर जेल भेजा गया। हिंदुओं की दुकानों को लूट लिया गया, एक स्कूल में तोड़फोड़ की गई और एक मंदिर पर हमला किया गया। हालांकि नोतन लाल को 2024 में बरी कर दिया गया, लेकिन उनका मामला इस बात की याद दिलाता है कि आरोप कितनी जल्दी सांप्रदायिक हिंसा भड़का सकते हैं।

## सिख श्रद्धालुओं की यात्रा के दौरान पाकिस्तान की 'भारत विरोधी नैरेटिव' फैलाने की योजना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां भारतीय सिख श्रद्धालुओं की आगामी पाकिस्तान यात्रा के दौरान रणनीतिक रूप से 'भारत विरोधी नैरेटिव' को आगे बढ़ाने की योजना बना रही हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 'खालसा वॉक्स' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया चर्चाओं में यह बात सामने आई कि 2 अगस्त को लाहौर के होटल गुलबर्ग में एक अंतर-एजेंसी बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा एजेंसियों, इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा एजेंसियों ने गुरुद्वारों में भारत-विरोधी बैनर और नारे लगाने का सुझाव दिया था, लेकिन ईटीपीबी और पीएसजीपीसी ने इसका कड़ा विरोध किया। रिपोर्ट में कहा गया कि ईटीपीबी के एक अतिरिक्त सचिव ने चेतावनी दी कि यदि धार्मिक यात्राओं का राजनीतिकरण हुआ तो भारत ऐसे दौरे अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर सकता है, जिससे पहले से वित्तीय संकट झेल रहे बोर्ड को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अभिव्यक्ति की आजादी सिर्फ भ्रम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वैश्विक स्तर पर अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर किया जाने वाला दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आजादी शब्द महज एक विडंबना बनकर रह गया है। ब्रिटेन स्थित मीडिया पोर्टल मिल्ली क्रॉनिकल की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि युवा ब्लॉगर और कवयित्री असमा बतूल का मामला इसका ताज़ा उदाहरण है। उनका 'गुनाह' सिर्फ इतना था कि उन्होंने अपनी कविता में महिलाओं के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न और शोषण को उजागर किया। बहस छेड़ने के बजाय, उनकी पंक्तियों ने स्थानीय मौलवियों को भड़का दिया, जिन्होंने इसे 'ईशनिंदा' करार दिया। कुछ ही दिनों में बतूल को कठोर क़ानूनों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उग्र भीड़ ने उनके घर पर हमला कर दिया। सरकार ने उन्हें सुरक्षा देने के बजाय कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक दिए और कवि की कलम को जेल का कारण बना दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि पीओके में असहमति की आवाजों को दबाना कोई नया चलन नहीं है। नीलम घाटी में पत्रकार हयात अवान और कार्यकर्ताओं वासी ख्वाजा व अजहर मुगल को सिर्फ इस कारण हिरासत में ले लिया गया कि उन्होंने लड़कियों के लिए सेना द्वारा चलाए जा रहे हथियार प्रशिक्षण कार्यक्रम पर सवाल उठाए थे।

## सुडोकू 7012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 23 अगस्त , 2025 भादो कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ - आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी।

मिथुन - नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है।

सिंह - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा।

कन्या - शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला - आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा।

धनु - शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

मकर - खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। भागीदारों के साथ मतभेद होगा।

कुंभ - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी। सार्वजनिक मान- सम्मान में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी।

मीन - घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी की आक्रामकता पर संयम रखने की जरुरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# राजनीतिक बयानबाजी से सीरिया में फिर बिगड़ सकते हैं हालात : संरा



■ **संरा ने अपराधियों की संबद्धता की परवाह किए बिना जवाबदेही के महत्व पर दिया जोर**

**संयुक्त राष्ट्र,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया के राजनीतिक हालात फिर बिगड़ने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने अनिश्चित सुरक्षा स्थिति के बीच इसकी चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक मासिक ब्रीफिंग में उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को हुए युद्धविराम पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। हालांकि ये स्थिति फिलहाल हिंसा में तब्दील नहीं हुई है। स्वेदा के सीमांत क्षेत्रों में छिटपुट झड़पों की खबर है।

पेडरसन ने फिक्र जाहिर करते हुए कहा कि एक महीने से अपेक्षाकृत सैन्य कार्रवाई नहीं हुई है, जो बिगड़ते राजनीतिक माहौल पर पर्दा तो डालती है, हालांकि राजनीतिक रूप से भड़काऊ बयानबाजी का दौर जारी है। उन्होंने आगे कहा कि इसकी एक अहम वजह तनाव के दौरान स्वेदा के अंदर हुई हिंसा और कुछ भयावह फुटेज का सामने आना है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पेडरसन ने अपराधियों की संबद्धता की परवाह किए बिना जवाबदेही के महत्व पर जोर दिया। अंतरिम सीरियाई अधिकारियों ने एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी के गठन की घोषणा की है, जिसे स्वेदा में हुए दुर्व्यवहारों की जांच का काम सौंपा गया है।

## गाजा में भोजन संकट के बीच ट्रकों से पहुंची मदद



**तेल अवीव।** गाजा में बढ़ते भोजन संकट के बीच गुरुवार को 220 से अधिक ट्रकों की मदद पहुंचाई गई है। इजरायल के कोऑर्डिनेटर ऑफ गवर्नमेंट एक्टिविटीज (सीओजीएटी) ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। इजरायल के कोऑर्डिनेटर ऑफ गवर्नमेंट एक्टिविटीज के अनुसार, गुरुवार को 220 से अधिक ट्रकों ने गाजा पट्टी में केरेम शालोम और जिकिम क्रॉसिंग के माध्यम से मानवीय सहायता पहुंचाई। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने 370 से ज्यादा राहत सामग्री से भरे ट्रक इकट्ठा किए हैं, ताकि उन्हें जरूरतमंदों में बांटा जा सके। सीओजीएटी ने बताया कि सैकड़ों ट्रकों में भरी राहत सामग्री अभी भी गाजा बॉर्डर पर खड़ी है, जिसे उठाए जाने का इंतजार है। आईडीएफ के अनुसार, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, सिंगापुर और इंडोनेशिया ने हवाई मार्ग से 155 पैलेट्स (लगभग चार ट्रकों के बराबर) सहायता सामग्री गाजा में उतारी है, जिसमें प्रत्येक पैलेट में सैकड़ों किलोग्राम खाद्य सामग्री शामिल थी। पिछले कुछ हफ्तों से रोजाना इसी तरह की सहायता आपूर्ति की खबरें आ रही हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा के लगभग 20 लाख लोगों को युद्ध के बीच पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन 600 ट्रकों की सहायता वितरित करने की आवश्यकता है।

## अंगोला में चीन विरोधी प्रदर्शन, हजारों चीनी नागरिक देश छोड़कर भागे



■ **चीनी दूतावास ने जारी की आपातकालीन चेतावनी**

**लुआंडा,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश अंगोला में ईंधन की बढ़ती कीमतों के खिलाफ टैक्सी चालकों द्वारा शुरू किया गया स्थानीय विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले चुका है, जो अब चीन विरोधी अशांति में बदल गया है। डेली मॉनिटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस हिंसा ने देश की राजनीतिक और आर्थिक नींव को झकझोर दिया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि हिंसा के दौरान 90 से अधिक खुदरा दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया और कई चीनी संचालित फैक्ट्रियों को बंद करना पड़ा। इस दौरान कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और 1,200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिंसा के डर से हजारों चीनी नागरिकों ने देश छोड़ दिया, जिससे उड़ानों में भारी भीड़ देखी गई और चीनी दूतावासों द्वारा आपातकालीन चेतावनियां जारी की गईं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह विरोध केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि यह चीन की अंगोला में बढ़ती भूमिका और देश में बढ़ती असमानता के खिलाफ गहरी नाराजगी को भी दर्शाता है। चीन की उपस्थिति ने स्थानीय लोगों के बीच असंतोष को जन्म दिया है, क्योंकि चीनी निवेश ने बुनियादी ढांचे से लेकर खुदरा व्यापार और विनिर्माण तक के क्षेत्रों को घेर लिया है। ईकोडिमा, अंगोला के वाणिज्य संघ के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि सात प्रमुख चीनी खुदरा दुकानें लूटी गईं और एक चीनी ब्रांड की 72 बिक्री इकाइयों पर हमला हुआ।

## ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना पड़ी भारी, पूर्व एनएसए के घर एफबीआई का छापा



**वॉशिंगटन,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन के मैरीलैंड स्थित आवास पर एफबीआई (एफबीआई) एजेंटों ने शुक्रवार सुबह छापा मारा। यह कार्रवाई उस समय हुई है जब हाल ही में बोल्टन ने भारत पर रूसी तेल आयात को लेकर भारी शुल्क लगाने के ट्रंप प्रशासन के फैसले की कड़ी आलोचना की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, एफबीआई एजेंट सुबह 7 बजे बोल्टन के बेथेस्डा स्थित घर पहुंचे। जांच का आदेश एफबीआई निदेशक कश पटेल ने दिया था। छापे की शुरुआत के दौरान पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संक्षिप्त संदेश लिखा, 'कानून से ऊपर कोई नहींः एफबीआई एजेंट मिशन पर हैं।' बताया गया है कि यह मामला संवेदनशील और गोपनीय दस्तावेजों से जुड़ा है, जिसकी जांच कई वर्ष पहले शुरू हुई थी। हालांकि, बाइडेन प्रशासन ने इसे 'राजनीतिक कारणों' से बंद कर दिया था।

**चिंताजनक** एचआरसीबीएम ने यूनुस सरकार पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ मामला को दबाने का लगाया आरोप, कहा

# यौन हिंसा के खतरनाक दौर का सामना कर रहा बांग्लादेश

**ढाका,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश यौन हिंसा के एक खतरनाक दौर का सामना कर रहा है। देश में विशेष रूप से हिंदू, ईसाई, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है, जो मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत महामारी जैसी स्थिति में पहुंच गया है। बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के लिए मानवाधिकार कांग्रेस (एचआरसीबीएम) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलीश केंद्र (एएसके) की रिपोर्टों का हवाला देते हुए, एचआरसीबीएम ने बताया कि 2025 की पहली तिमाही के दौरान तीन महीने से भी कम समय में आधिकारिक तौर पर बलात्कार के 342 मामले दर्ज किए गए।

■ **बांग्लादेश में सामूहिक बलात्कार की घटनाओं में तेजी से हो रही वृद्धि**

इन मामलों में से 87 प्रतिशत में पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां थीं। इनमें से 40 पीड़ित शिशु अवस्था से लेकर छह वर्ष की आयु के बीच के बच्चे थे, जबकि सामूहिक बलात्कार की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग हैं। अधिकार संस्था के अनुसार, ये भयावह आंकड़े तो बस एक छोटा सा हिस्सा हैं, और वास्तविक संख्या हजारों में है, जो चुप्पी, भय और राज्य की निष्क्रियता के कारण छिपी हुई है।

बांग्लादेश में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के ज्यादातर मामले सामाजिक कलंक, बदले की कार्रवाई के डर और न्याय




व्यवस्था में अविश्वास के कारण दर्ज नहीं हो पाते। अल्पसंख्यक महिलाओं और लड़कियों के मामले में तो यह खामोशी और भी गहरी है। कानून प्रवर्तन और निचली अदालतों में धार्मिक पूर्वाग्रह के आरोप परिवारों को न्याय पाने से रोकते हैं, जिससे अपराध दर्ज नहीं होते और सजा नहीं मिलती।

एचआरसीबीएम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि कई मामलों में, देश भर में महिलाओं और लड़कियों के शव मिले हैं जिनके सिर तक गायब हैं और उनकी पहचान करना असंभव हो गया है। इससे अपराधियों की क्रूरता का पता चलता है। यूनुस शासन के तहत बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों के बारे में बताते हुए, मानवाधिकार संस्था ने कहा कि निराधार आरोपों और बढ़ते जनाक्रोश के बावजूद, एक प्रमुख हिंदू नेता और बांग्लादेश सम्मिलितो सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास नवंबर से जेल में बंद हैं।

**देश भर में महिलाओं व लड़कियों के शव मिले हैं जिनके सिर तक गायब हैं : एचआरसीबीएम**

मानवाधिकार संस्था ने कहा कि उनकी जमानत याचिका, जो अब बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय खंड में लंबित है।

## वर्ग पहेली 7012




**बायें से दायें:-**

१. चरम सीमा
३. अनियंत्रित
५. निवेदक (उर्दू)
६. झण्डा, ध्वज
७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)
९. दुर्गा
१०. 'हाईकमिश्नरं'
१२. पक्का, मजबूत, जो कभी न टूटे
१३. विस्मय
१४. अयोग्य, नाकाबिल(उर्दू)
१६.अन्यथा (उर्दू)
१८. पीड़ित, उत्सुक
२०. महत्ता
२१. अज्ञानता
२३. सेंधमारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ
२. सूनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)
३. अविश्वनीयता, लेन-देन में खोटापन (उर्दू)
४. गीत गाने वाली
५. अविभाजित, अखण्ड
८. टर्राना, बहुत ज्यादा बातें करना
१०. प्रकाश, रोशनी
११. लड़ाकू
१२. कमी, कसर
१३. बल्कि, किंतु
१४. मूर्ख, अविवेकी
१५. पूजा करने या कराने वाला
१७. रसेदार, आम, गन्ना, गेंहू
१८. सहारा, भरोसा, टेक
१९. रात्रि, रात
२२. अंधकार

## वर्ग पहेली-7011



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

2012-स्लोवेनियाई राजधानी लुब्लियाना के पास एक गर्म हवा का गुब्बारा दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे।
2011-चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के उद्‌गम स्थल का पता लगाया और मार्ग की लंबाई का व्यापक उपग्रह अध्ययन पूरा किया था।
2001-पूनिया हत्याकान्ड जिसमें भारतीय राजनेता रेलू राम पूनिया और उनके परिवार के 7 सदस्यों की सामूहिक हत्या हुई थी।
2000-खाड़ी एयर फ्लाइट 072 मनामा, बहरीन के पास फारस की खाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमे 143 की मौत हुई थी।
1991-द वर्ल्ड वाइड वेब जनता के उपयोग के लिए लांच किया गया।
1990-अर्मेनिया ने सोवियत संघ से अपनी आजादी की घोषणा की थी।
1990 पश्चिम और पूर्वी जर्मनी ने घोषणा की कि वे 3 अक्टूबर को फिर से मिलेंगे।
1975-पोंटियाक में पोंटियाक सिल्वरडोम खोला गया।
1970 -मैक्सिकन अमेरिकी श्रम संघ के नेता सीज़र चावेज़ द्वारा आयोजित, सलाद बाउल स्ट्राइक, अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा कृषि कार्यकर्ता हड़ताल शुरू हुई थी।
1958-चीनी गृह युद्ध : दूसरा ताइवान स्ट्रेट संकट पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बमबारी के साथ शुरू हुआ था।
1947-युनान के राष्ट्रपति दिमित्रियो मैक्सिमोज ने अपना त्यागपत्र दिया था।
1946-ब्रिटिश सैन्य सरकार के अध्यादेश संख्या 46 में हनोवर और श्लेस्विग-होल्स्टीन के जर्मन लैंडर (राज्य) का गठन किया गया था।
1944-द्वितीय विश्व युद्ध : सहयोगियों द्वारा मार्सेल मुक्त किया गया था।

## दुनिया को जानें

### डब्ल्यूएचओ ने की वैक्सीन ट्रॉयल में गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता देने की अपील

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य जगत से अपील की है कि तपेदिक (टीबी) अनुसंधान और टीका परीक्षणों में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए। टीबी दुनिया की सबसे संक्रामक बीमारियों में से एक है, लेकिन इस संवेदनशील समूह को लंबे समय से शोध और नैदानिक परीक्षणों से बाहर रखा जाता रहा है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर साल करीब 2 लाख गर्भवती या प्रसव के बाद महिलाएं टीबी से प्रभावित होती हैं, फिर भी उनकी भागीदारी अनुसंधान में बेहद कम रहती है। इसके चलते साक्ष्यों में बड़ी कमी बनी रहती है और उन्हें जीवन रक्षक दवाओं और टीकों तक पहुंचने में देरी होती है। गर्भावस्था और प्रसव के बाद की अवस्था में टीबी का खतरा आम लोगों की तुलना में अधिक होता है, और यह स्थिति माताओं और शिशुओं दोनों के लिए गंभीर जटिलताओं और मृत्यु का जोखिम बढ़ा देती है। डब्ल्यूएचओ की एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस और यौन संचारित संक्रमण विभाग की निदेशक डॉ. टेरेजा कासेवा ने कहा कि टीबी अनुसंधान का लाभ टीबी से पीड़ित सभी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

# प्रादेशिकी

**भाजपा कार्यकर्ता डरने वाला नहीं : शर्मा**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के शुक्रवार को पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ सहित कई नेताओं को हिरासत में लिये जाने की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने निंदा की है। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है, जोर कितना बाजुये कातिल में है। उन्होंने कहा कि मान साहब, जी भर के ताकत लगा लो, साम, दाम, दंड, भेद, जो चाहो कर लो, पर भाजपा कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, मैं भाजपा पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। जनता की सेवा जारी रहेगी।


## पौंग डैम से लगातार छोड़ा जा रहा अत्यधिक पानी से नुकसान हो रहा : सुक्खू

### प्रभावित किसानों को मुआवजा देने व राहत पैकेज घोषित करे : मलेंद्र राजन

**शिमला, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** हिमाचल विधान सभा में शुक्रवार को पौंग डैम से इंदौरा व फतेहपुर विधान सभा क्षेत्रों में खेती को हो रहे नुकसान का मुद्दा गूंजा। इंदौरा के कांग्रेस विधायक मलेंद्र राजन ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन में यह मामला उठाया। उन्होंने सरकार से इस समस्या के स्थायी समाधान का आग्रह करते हुए प्रभावित किसानों को मुआवजा देने व राहत पैकेज घोषित करने की मांग सरकार से की। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पौंग डैम से लगातार छोड़े जा रहे अत्यधिक पानी से हो रहे नुकसान को हो रहा है।

उन्होंने कहा कि बीबीएमबी की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे सी कड़ी में संसारपुर टैरस में प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। उन्होंने साफ किया कि भविष्य में भी इसी तरह की लापरवाही पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौंग डैम से हर साल बारिश के दिनों में भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाता है। नतीजतन इंदौरा और फतेहपुर जैसे निचले क्षेत्रों में तबाही मच जाती है। उन्होंने कहा कि पानी भी हमारा, विस्थापन भी हमारा, फिर भी हक नहीं मिल रहा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पौंग से पानी छोड़े जाने से फतेहपुर में करीब 60 हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान हुआ है, जहां फसलें बह गईं और 23 परिवारों को रेस्क्यू किया गया। इंदौरा में 100 हेक्टेयर जमीन प्रभावित हुई है। उन्होंने बीबीएमबी को घेरते हुए कहा कि डैम सिक्योरिटी को लेकर राष्ट्रीय स्तर की गाइड लाइनों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उर्जा निदेशालय द्वारा बार.बार चेतावनी देने के बावजूद पालन नहीं हो रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हिमाचल के हकों पर आंखें मूंदे बैठी है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई सितंबर में तय है, जहां सरकार अपने अधिकारों के लिए निर्णायक कानूनी लड़ाई लड़ रही है।



पौंग डैम से हर साल बारिश के दिनों में भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाता है: सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**पौंग से पानी छोड़े जाने से 13 पंचायतें बुरी तरह प्रभावित : राजन**

विधायक मलेन्द्र राजन ने सदन में कहा कि पौंग से पानी छोड़े जाने से उनकी 13 पंचायतें बुरी तरह प्रभावित हैं। 100 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया गया है, 42 स्कूल बंद हैं, सड़कें व पुल टूट चुके हैं। धान की फसल तबाह हो गई है, कई गऊशालाएं बह चुकी हैं और नौ मकान ढह गए हैं। राजन ने मांग की कि बीबीएमबी से प्रभावितों को पूरा मुआवजा दिलवाया जाए, क्षेत्र का संयुक्त उच्च स्तरीय सर्वे हो और इसे विशेष आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए। इस दौरान सीएम ने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन पर सख्ती के लिए सरकार नए प्रावधान ला रही है ताकि प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर रोक लगाई जा सके।

## चुनाव नजदीक आते ही हरक बनेंगे कांग्रेस की मुसीबत: भट्ट

**देहरादून, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** पार्टी प्रदेश प्रभारी मौजूदगी में मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसदों की संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पंचायत चुनाव परिणामों, 27 के विधानसभा चुनाव और प्रदेश एवं जिला टीमों के गठन पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी सांसदों ने पंचायत चुनाव में शानदार जीत में सरकार और संगठन के समन्वय और आपदा प्रबंधन को लेकर जमकर प्रशंसा की।

दिल्ली में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, महारानी माला राज्यालक्ष्मी शाह और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें मुख्यत, वर्तमान पंचायत चुनाव में आए शानदार नतीजे, 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति, राज्य सरकार की उपलब्धियां, सांसदों की आगामी संगठन कार्यक्रम को लेकर सक्रियता, पार्टी के प्रदेश और जिला कार्यकारिणियां का गठन विषय शामिल रहे। बैठक के उपरांत, मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने कहा, 2027 के चुनाव की दृष्टि और सरकार एवं संगठन को लेकर सांसदों के विचार आए हैं। सरकार द्वारा भी राज्य में चलाए, जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों एवं मानसून सत्र की कार्यवाही की जानकारी साझा की गई। संगठन के आगामी कार्यक्रमों में किस तरह सांसदों की भूमिका और अधिक प्रभावी हो इसको लेकर उनके मंडलों में मंडलों, बूथों तक दौरों को लेकर भी चर्चा हुई।



- पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर वरिष्ठ नेताओं की बैठक, पंचायत नतीजों पर सरकार-संगठन की रणनीति को सराहा

हाल में जो पंचायत चुनाव संपन्न हुए हैं उसमें अभूतपूर्व जीत पर सभी सांसदों ने सरकार और संगठन के समन्वय को सराहा है। वहीं इस बैठक में नए संगठन का भी निर्माण को लेकर भी बातचीत हुई। जिसमें सभी 19 संगठनात्मक जिलों के प्रतिनिधित्व के साथ सभी समाजों महिला, एससी, एसटी, ओबीसी की भूमिका निर्धारण को लेकर भी चर्चा हुई। मीडिया द्वारा हरक सिंह की हैसियत वाली चुनौती को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जनता ने तो उनको पहले ही हैसियत दिखा दी है, उनकी स्थिति खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी बन गई है। जैसे-जैसे चुनाव समीप आएंगे हरक सिंह रावत खुद कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी मुसीबत बनने वाले हैं।एक प्रकरण में युवा मोर्चा पदाधिकारी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कानून अपना काम कर रहा है। आरोपी पदाधिकारी पुलिस की हिरासत में है, पार्टी द्वारा भी उसे सभी पदों से तत्काल निकाल दिया गया है।

### सार संक्षेप

**सैनी श्री गौशाला में सैनी वितरित करेंगे चारा अनुदान राशि के चेक**

**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को श्री गौशाला सिरसा में आयोजित गौशाला चारा अनुदान वितरण समारोह में जिले की 138 गौशालाओं को नौ करोड़ 83 लाख 25 हजार 450 रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरित करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं हरियाणा गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उपनिदेशक डा. सुखविंदर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला की 138 गौशालाओं को चारा अनुदान राशि के चेक वितरित किए जाएंगे।

**स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी : सलोनी पंवार**

**रुद्रप्रयाग।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरके फाउंडेशन ट्रस्ट ने संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में विशेष स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ट्रस्ट की अध्यक्ष सुश्री सलोनी पंवार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण मिल सके। इसके बाद, सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया।

**मंत्री बलजीत ने मलोट के विकास के लिए 12 करोड़ की राशि का किया ऐलान**

**चंडीगढ़।** पंजाब की कैबिनेट मंत्री डॉ बलजीत कौर ने शुक्रवार को मलोट के विकास के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की अनुदान राशि देने का ऐलान किया। डॉ बलजीत कौर ने बताया कि आगामी धान सत्र के लिए गांवों की अनाज मंडियों को विकसित करने के लिए 1.71 करोड़ रुपये की लागत से स्टील शेड बनाये जा रहे हैं। इसी तरह गांव थेड़ी के पंचायत घरों के नवीनीकरण के लिए 20 लाख रुपये जारी होने से अब तक कुल 26 लाख रुपये मिल चुके हैं।

## सड़कों के निर्माण और अपग्रेडेशन के लिए केंद्र सरकार से राशि प्राप्त हुईः विक्रमादित्य सिंह

**शिमला, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में जानकारी दी कि बीते तीन वर्षों में प्रदेश को सड़कों के निर्माण और अपग्रेडेशन के लिए केंद्र सरकार से 3960 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल का हक था, जो उसे मिला है और भविष्य में भी राज्य अपने अधिकारों की मांग करता रहेगा। विक्रमादित्य सिंह विधान सभा में भाजपा की रीना कश्यप द्वारा शून्य काल में उठाए गए सड़क के मुद्दे का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में हिमाचल की आवाज लगातार उठाई जा रही है और आगे भी प्रदेश के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम गति शक्ति पोर्टल के तहत राज्य को एक नया फॉर्मेट मिला है जिसमें रणनीतिक, औद्योगिक और पर्यटन महत्व की सड़कों को प्राथमिकता दी जा सकती है। हिमाचल सरकार ने इस पोर्टल के तहत पांच प्रमुख सड़कों को प्रस्तावित किया है जिनके लिए केंद्र से धनराशि मांगी गई है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों में ज्वालामुखी-देहरा-ज्वाली-राजा का तालाब-जसूर, कलूर-धनेटा-बड़सर-बरठीं-बच्छाल, सलापड़-हरनोरा-कसोल-तत्तापानी-सुन्नी-लूहरी, द्रमण-सिंहूता-चुवाड़ी-जोत-चंबा तथा शिमला-नालागढ़-कैनौली सड़क शामिल हैं। मंत्री ने उम्मीद जताई कि पहले चरण में इन सड़कों को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा सरकार भविष्य में छैला-नेरीपुल-ओच्छघाट और रोहड़ू-कोटखाई-चौपाल-सोलन को भी इस सूची में शामिल करेगी। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-4 के तहत 1500 किमी नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा जिससे दुर्गम इलाकों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के हो रहे हैं और केंद्र की योजनाओं में भी प्रदेश के हर क्षेत्र को समान भागीदारी दी जा रही है।



इससे पहले विधायक रीना कश्यप ने अपने क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए सोलनद्राजगढ़द्मीनस और रेणुकादृशिलाई सड़क को डबल लेन करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पच्छाद-रोहड़ू-कोटखाई-चौपाल-सोलन मार्ग पर सेब सीजन के दौरान प्रतिदिन 12000 गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब है कि 15 दिन में 13 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने सराहां-चंडीगढ़ सड़क की मरम्मत की भी मांग की।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीडीओ

### विकास भवन सभागार में जिला जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**देहरादून, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए ग्राम सभाओं में प्रमाणन कराया जाए तथा महिलाओं एवं स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल गुणवत्ता परीक्षण, प्रयोगशालाओं की उपलब्धता, जल स्रोतों की स्थिरता, और ग्राम स्तर पर आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 'हर घर जल' का प्रमाणीकरण वास्तविक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। यदि कहीं समस्या हो तो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम का प्रमाणीकरण समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।




बैठक में जल गुणवत्ता जांच, स्रोत स्थिरता (सोर्स सस्टेनेबिलिटी), वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण एवं ग्राम स्तर पर समुदाय की भागीदारी जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (वीडब्ल्यूएससी) को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

## चोकावाड़ा गांव में लगा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप



**नई दिल्ली, 22 अगस्त (देशबन्धु)** बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने गैस अथॉरिटी आफ इंडिया (गेल) गैस लिमिटेड द्वारा समर्थित जन आरोग्यम कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बस्तर के गांव चोकावाड़ा में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। दोनों के परस्पर सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 385 लोगों की विभिन्न जाँचें कीं। एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जाँच पर विशेष ध्यान दिया गया। रक्तचाप और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर की जाँच के साथ-साथ रक्त परीक्षण आंखों एवं नाक कान गला की जांच भी विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा किया गया। शिविर में दवाइयाँ, पोषण पूरक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाएँ निःशुल्क वितरित की गईं।

- बस्तर के कलैक्टर हरीश एस और गेल के शीर्ष अधिकारी भी रहे मौजूद

जगदलपुर के जिला कलेक्टर हरीश एस ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उनके अलावा जीजीएल की ओर से नीरज डीजीएम सीजीए और ओईसी ओर अविनाश जेरोम लकड़ा चीफ मैनेजर शिविर में उपस्थित थे। अनूप कुमार, निदेशक संचालन, बीएसजीएसएस, और जन आरोग्यम टीम ने शिविर में गतिविधियों का समन्वय किया। चौकावाड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि बीएसजीएसएस के अनूप कुमार द्वारा बस्तर के आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिए जो कुछ भी किया जा रहा है हम उसका स्वागत करते हैं।

उल्लेखनीय है कि बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) भारत सरकार की नवरत्न और दूसरी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ मिलकर देश भर में वर्षों से लगातार गरीबों और आम लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहा है।

## कांग्रेस पार्टी की गुटों का टकराव, अस्थिरता का संकेत : पठानिया

**शिमला, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री एवं प्रवक्ता राकेश पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के गुटों का टकराव यह सीधा-सीधा संदेश एवं संकेत दे रहा है की सरकार एवं संगठन दोनों अस्थिर है। कांग्रेस पार्टी एक अभियान शुरू करने जा रही थी जिसके लिए वह कांग्रेस मुख्यालय में एकत्र हुए थे, पर एक झलक तो ऐसी निकाल कर आई जैसे उनके अभियान का नाम 'चोर मचाओ शोर' है।

राकेश पठानिया ने कहा कि जनता को भी लगता होगा कि आखिरकार, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोग इतनी हताशा में हैं कि हमेशा सिर्फ चोर, चोर, चोर करते रहते हैं। राफेल के समय उन्होंने चौकीदार को चोर कहा, अब वोट की चोरी की बात कर रहे हैं। जिसके स्वभाव में जो होता है, वह शब्द बार-बार उसी का प्रयोग करता है। उत्तर प्रदेश में दो लड़के थे, बिहार में भी दो लड़के हैं। ये जेल यात्रा, बेल यात्रा सब कुछ करने के बाद अब चोरी की यात्रा कर रहे हैं लेकिन इस सबसे कुछ नहीं होने वाला है, जनता सब जानती है। एक चारा चोर और दूसरा पूरे भारत के संसाधनों की चोरी करने वाले परिवार मिलकर संवैधानिक संस्थाओं को चोर घोषित करने की कोशिश कर रहे हैं, यह आपत्तिजनक है। कुछ दिन पूर्व चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें हर मुद्दे का पॉइंट-टू-पॉइंट जवाब दिया गया। आयोग ने बताया कि बिहार में 20 वर्ष पहले एसआईआर हुआ था और 2003 के बाद पुन: हो रहा है।

- मुख्यमंत्री का वोट हमीरपुर में होता है और कुछ समय बाद शिमला नगर निगम आ जाता

## भ्रष्टाचार को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : निदेशक विजिलेंस

**हल्द्वानी, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) निदेशक डॉ वी मुरुगेशन आज हल्द्वानी पहुंचे। जहां उन्होंने कुमाऊं मंडल सतर्कता विभाग ने हल्द्वानी कार्यालय में भ्रष्टाचार निवारण को लेकर विशेष समीक्षा बैठक की। इस दौरान विजिलेंस निदेशक डॉ वी मुरुगेशन ने कहा भ्रष्टाचार को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा अब विजिलेंस भी ट्रैप से पहले मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई करेगी। विजिलेंस निदेशक डॉ वी मुरुगेशन ने कहा मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' मिशन के अंतर्गत टोल फ्री नंबर 1064 पर आई 124 शिकायतों की प्रकरणों में ट्रैप की कार्यवाही की गई। जहां इस वर्ष कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिनमें दो राजपत्रित अधिकारी और छह कर्मचारी शामिल थे। विभाग ने जनता से अपील की है कि किसी भी भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के लिए 24 घंटे टोल फ्री नंबर 1064 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निदेशक विजिलेंस वी मुरुगेशन ने कहा अब सीबीआई के तर्ज पर विजिलेंस भी काम करने जा रही है। उन्होंने बताया पहले रिश्वतखोरों को पकड़ने के बाद मुकदमा दर्ज होता था, लेकिन अब विजिलेंस शिकायत मिलने के बाद पहले रिश्वतखोरों पर मुकदमा दर्ज करेगी।



- अब विजिलेंस भी ट्रैप से पहले मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई करेगी
- 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' मिशन के अंतर्गत टोल फ्री नंबर 1064 पर आई 124 शिकायतें

## क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड में करोड़ों की अनियमितता का आरोप

### वर्ष 2022 में बीसीसीआई से मिले 10 करोड़ का एसोसिएशन ने नहीं दिया हिसाब

■ अमरनाथ तिवारी

**नैनीताल, 22 अगस्त (देशबन्धु)।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड में हुई करोड़ों रुपए की अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिका पर नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि क्रिकेट एसोसिएशन को याचिका की कॉपी दें। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने आगामी सोमवार 25 अगस्त की तिथि नियत की है।

दरअसल, देहरादून निवासी बुद्धि चंद रमोला ने नैनीताल हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड में क्रिकेट कराने के लिए धन का दुरुपयोग किया गया है, जो सुविधा खिलाड़ी को मिलनी चाहिए थी, वो उसे नहीं मिली। एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के पेट केलों से भर दिया। केलों का जो बिल दिखाया गया, वो भी लाखों का था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि एसोसिएशन ने उनके खाने के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला किया है। जबकि उस हिसाब से खेल हुए ही नहीं। इसलिए इसकी जांच कराई जाए। अभी तक करोड़ों रुपए का दुरुपयोग एसोसिएशन की ओर से किया गया है। उसकी ऑडिट रिपोर्ट भी आ चुकी है। याचिका में ये भी कहा गया है कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड को साल 2015 में बीसीसीआई यानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मान्यता मिल गई थी। बीसीसीआई तब से एसोसिएशन को फंड देता आ रहा है।




- मामले को लेकर हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई
- शिकायतकर्ता ने कोर्ट से उठाई जांच की मांग

**सीएयू उत्तराखंड में क्रिकेट की गतिविधियों को संचालित करने वाली आधिकारिक संस्था**

उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के नाम से जाना जाता है। जो उत्तराखंड में क्रिकेट की गतिविधियों को संचालित करने वाली आधिकारिक संस्था है। यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से संबद्ध है और राज्य में क्रिकेट के विकास, आयोजन और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड की स्थापना साल 2000 में हुई थी, जब उत्तराखंड एक अलग राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश से अलग हुआ। शुरुआत में यह उत्तराखंड क्रिकेट के लिए एक स्वतंत्र संगठन के रूप में काम करता था। बाद में इसे बीसीसीआई से पूर्ण मान्यता मिली। इसका मकसद राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना और राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करना है। उत्तराखंड की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें बीसीसीआई की ओर से आयोजित रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और अन्य घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेती हैं। एसोसिएशन स्थानीय स्तर पर जिला और राज्य स्तरीय टूर्नामेंट भी आयोजित करता है। ताकि, युवा खिलाड़ियों को अवसर मिले। एसोसिएशन ने देहरादून और हल्द्वानी जैसे शहरों में क्रिकेट स्टेडियम एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया है।

**सुडोकू 7012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |

# प्रादेशिकी

## नए प्रतिमान स्थापित कर रहा महायोगी गोरखनाथ विवि : प्रो. रेड्डी

**गोरखपुर।** महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्रा रेड्डी ने आज कहा कि विश्वविद्यालय पूरे देश में आयुर्वेद, नर्सिंग, पैरामेडिकल और आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रो रेड्डीने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह और ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पावन स्मृति में सप्त दिवसीय व्याख्यानमाला का उद्घाटन अवसर पर शुक्रवार को कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना के विचार बिंदु नाथपंथ के मनीषियों द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार शिक्षा का अलख जगाकर समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों का मर्दन कर सामाजिक समरसता, सर्वधर्म समभाव का सूत्रपात किया उसके प्रति समाज सदैव ऋणी रहेगा। उन्होने कहा कि गोरक्षपीठ नाथपंथ का एक प्रधान केन्द्र है।

# बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं : योगी

### जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं में गौरव पथ, स्मार्ट क्लासरूम, ईवी स्टेशन व डिजिटल सेवाएं विकसित होंगी

- **निर्देश-नगर निगम कर बकाए की विसंगतियों पर अभियान चलाकर कराएं त्वरित समाधान**
- **लखनऊ-कानपुर रूट पर शीघ्र बढ़ेंगी 200 इलेक्ट्रिक बसें, अन्य नगरों में 650 बसें खरीदने की योजना**

**लखनऊ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव



भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढाँचे भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप, लखनऊ और गोरखपुर स्थित एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से समीपवर्ती जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को जोड़ा जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए और वित्तीय संसाधनों का आवंटन नगर निकायों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के अनुसार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों को 4 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को विकसित-

## मतदान के अधिकार को समाप्त करने का प्रयास कर रही भाजपाः गौरव भाटी



**मेरठ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने खरखौदा ब्लॉक के कस्बा खरखौदा व ग्राम आड़ का दौरा कर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बैठक की वही ग्राम छतरी में किसानों द्वारा चलाए जा रहे भूमि अधिग्रहण धरने में पहुंच कर जिला कांग्रेस कमेटी का समर्थन दिया। बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरिओम त्यागी, खरखौदा ब्लॉक अध्यक्ष नवीन गुज्जर द्वारा किया गया। गौरव भाटी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा की कमियों को क्षेत्रवासियों के सम्मुख रखा उन्होंने कहा कि आज आपके मतदान के अधिकार को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, यदि आज आप नहीं जागे और सत्ता के षड्यंत्र को नहीं समझ पाए तो आपकी आने वाली पीढ़ियां अन्धकार मय जीवन जीने के लिए विवश होंगी। उन्होंने युवाओं से रुवोटऋचारी' के विरुद्ध लड़ाई में राहुल गांधी जी के साथ चलने का आह्वान किया। संगठन को मजबूत करने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरव भाटी व खरखौदा ब्लॉक अध्यक्ष नवीन गुर्जर ने खरखौदा मंडल कमेटी के गठन के लिए खरखौदा कांग्रेस कार्यालय पर सुरेंद्र शर्मा जी को मंडल अध्यक्ष खरखोदा, कमलेश तोमर को मंडल उपाध्यक्ष, दर्शनी देवी जी को मंडल सचिव, बॉबी प्रजापति को मंडल महासचिव नियुक्त किया जल्दी पूरी टीम का गठन कर बूथ लेवल पर संगठन को आने वाले कुछ दिनों में जमीन पर उतार दिया जाएगा वही खरखौदा के बाद ग्राम आड़ में त्ययब मेवाती के आवास पर हसीन मेवाती, आरिफ मेवाती,वाहिद मेवाती, रिहान कुरेशी, आरिफ अल्वी, वकील सलमानी, साजिद सलमानी, सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करी। वही अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे और कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से उदयवीर त्यागी, राकेश कुशवाहा, अरुण कौशिक, रविन्द्र प्रधान, शिवा सैनी, सोनू त्यागी, एस के शाहरुख, दयाचंद जाटव, तौसीफ मुंडाल, सुनीता मंडल, अफसा, अवनीश पवार, उवैस अंसारी, फैसल मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## साइबर अपराधियों पर सरकार की पैनी नजर

**लखनऊ।** योगी सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं टेक्नोलॉजी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी के तहत प्रदेश में फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही वजह है कि सीएम योगी के निर्देश पर फोरेंसिक साइंस को कानून प्रवर्तन में अनिवार्य किया गया है। योगी सरकार पिछले आठ वर्षों में आधुनिक फोरेंसिक लैब स्थापित करने, साइबर अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और पुलिस-फॉरेंसिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इसी के तहत नोएडा में शुक्रवार को साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के संस्थापक निदेशक डॉ. जी. के. गोस्वामी, एडिशनल सीपी अजय कुमार सहित उद्यमियों, बैंकिंग सेक्टर के प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए के सदस्यों, सोशल वर्कर्स और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

## ई-बस खरीद में 'मेड इन यूपी' को प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ई-बसों की खरीद में 'मेड इन यूपी' को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आगे से खरीदी जाने वाली बसें यथासंभव उत्तर प्रदेश में ही निर्मित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा। शुक्रवार को परिवहन विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बस स्टेशनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि हो और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को प्रोत्साहन देने और राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया गया कि रोडवेज 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्वस्तरीय टर्मिनल के रूप में विकसित कर रहा है। दूसरे चरण में 54 अतिरिक्त बस स्टेशनों का विकास प्रस्तावित है, जबकि 50 बस स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यूपीएसआरटीसी 8 शहरों में इलेक्ट्रिक डिपो भी स्थापित कर रहा है।

### सार संक्षेप

#### भूनी टोल प्लाजा पर वसूली शुरू

**मेरठ।** भूनी टोल प्लाजा के फास्टैग लेन हुए चालू कर दिया गया। वहीं टोल से गुजरने के दौरान सेना के जवानों को टोलकर्मियों ने सैल्यूट किया। भूनी टोल प्लाजा के फास्टैग लेन हुए चालू कर दिया गया। वहीं टोल से गुजरने के दौरान सेना के जवानों को टोलकर्मियों ने सैल्यूट किया मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे के भूनी टोल पर 3 दिन बाद गुरुवार रात टोल का संचालन शुरू हो गया। टोल की फास्ट-टैग वाली 5 लेनों पर गुरुवार को टोल वसूली शुरू हो गई। वहीं भूनी टोल प्लाजा चलाने वाली कंपनी धर्मसिंह पर एनएचएआई ने बड़ा एक्शन लेते हुए कंपनी के सिक्योरिटी के 3.70 करोड़ जमा रुपए जब्त कर लिए। कंपनी को एक साल के लिए डिबार कर दिया है बता दें कि 17 अगस्त को टोल प्लाजा पर जवान से मारपीट के मामले में एनएचएआई पहले ही इस कंपनी का ठेका निरस्त कर चुका है। वहीं फौजी को पीटने वाले आरोपियों की जमानत को भी अदालत ने खारिज कर दिया है।

#### जवान कपिल से मिलने पहुंचे संगीत सोम

**मेरठ।** भाजपा नेता और सरधना सीट से पूर्व विधायक संगीत सोम ने घायल फौजी कपिल से मुलाकात की है। शुक्रवार को संगीत सोम मेरठ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती फौजी कपिल से मिलने पहुंचे। बता दें कि 17 अगस्त की रात मेरठ में करनाल हाईवे के भूनी टोल प्लाजा पर मारपीट की गई थी। संगीत सोम शुक्रवार को मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने कहा कि जवानों के साथ ऐसा व्यवहार निंदनीय है और टोल कर्मियों को सबक लेना चाहिए। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने कपिल का हालचाल जाना और कहा कि जवान हमारी सरहदों की रक्षा करते हैं। उनके साथ टोल पर इस तरह का व्यवहार बेहद निंदनीय है। टोल कर्मियों को इस घटना से सीख लेनी चाहिए और प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

#### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के घुंघचाई क्षेत्र में शुक्रवार को हाइटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी दाताराम (32) घर की दीवार बरसात में ढह जाने के कारण शुक्रवार को टट्टर लगाने के लिए बांस काट रहे थे। बांस ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन से छू गया और दाताराम उसकी चपेट में आ गया।

#### बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**मेरठ।** रोहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी डेडबॉडी घर के अंदर कमरे में चारपाई पर पड़ी मिली है। बुजुर्ग के गले में गोली मारी गई है। मृतक कैंसर मरीज था उसका लंबे समय से इलाज चल रहा था। वहीं सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डालमपुर गांव में औचक निरीक्षण करने पहुंची सीडीओ

**मेरठ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। रोहटा ब्लॉक के डालमपुर गांव में सीडीओ नुपुर गोयल ने बीएसए आशा चौधरी के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गांव की कई व्यवस्थाओं में खामियां सामने आईं। सीडीओ ने इन पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान को कड़ी फटकार लगाई और सुधार के लिए अल्टीमेटम दिया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय परिसर में बना आंगनवाड़ी केंद्र बंद मिला। जब सीडीओ ने इसकी वजह पूछी तो शिक्षकों ने बताया कि यह अक्सर बंद ही रहता है। इस पर सीडीओ ने प्रधान वीरपाल सिंह को सख्त निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जाए। अधिकारियों ने जब गांव का निरीक्षण किया तो प्राथमिक स्कूल परिसर में बना आंगनवाड़ी केंद्र बंद मिला। सीडीओ ने जब इसका कारण पूछा तो स्कूल के अध्यापकों ने बताया कि अधिकतर समय यह बंद ही रहता है। इस पर प्रधान वीरपाल सिंह से सीडीओ ने कहा कि यहां ध्यान दे और अगर ऐसा है तो तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर उच्च अधिकारियों को सूचना दे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निष्कासित किया जाएगा । गांव में बना पंचायत सचिवालय 2020 से अधूरा पड़ा है। पांच साल बाद भी इसमें मुख्य द्वार नहीं लगाया गया, न ही परिसर में इंटरलॉकिंग का काम हुआ। चारों ओर घास और ईंटें पड़ी मिलीं। इस पर सीडीओ ने पंचायत सचिव को अल्टीमेटम दिया कि सचिवालय का सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। गांव के सरकारी स्कूल की एक बिल्डिंग जर्जर घोषित कर दी गई है। आश्चर्य की बात यह है कि 1979 में बनी बिल्डिंग आज भी ठीक है, लेकिन 2006 में बनी नई बिल्डिंग जर्जर पाई गई। इस पर सीडीओ ने सवाल उठाया कि आखिर कम उम्र की बिल्डिंग इतनी जल्दी कैसे खराब हो गई। पिछले दिनों गांव के स्कूल की एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें दावा किया गया था कि क्लासरूम की छत से सीमेंट गिर रहा है और बच्चे खतरे में हैं। इसी शिकायत की जांच के लिए सीडीओ और बीएसए गांव पहुंचे थे। लेकिन मौके पर स्थिति वैसी नहीं मिली जैसी वीडियो में दिखाई गई थी। अधिकारियों ने वीडियो को भ्रामक बताया और कहा कि स्कूल व गांव की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। सीडीओ और बीएसए ने कहा कि इस मामले में जांच की जाएगी और वीडियो बनाने वाले व फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## कृषि विवि में ऑपरेशन सिंदूर पर कार्यशाला



**मेरठ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज पशु चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में डिप्टी कमांडेंट आरबीसी के ब्रिगेडियर रविंद्र यादव ने संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई जिसमें सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के द्वौरान उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस दौरान पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रोफेसर तरुण सरकार अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर डीके सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल उमेश मार्गल, निदेशक ट्रेंनिंग प्लेसमेंट, डॉ आर एस सेंगर, अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी डॉक्टर रविंद्र कुमार, अधिष्ठाता टेक्नोलॉजी डॉक्टर जयवीर यादव, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. पंकज चौहान, डॉ निलेश कपूर, डॉ. रेखा दीक्षित, डॉ. पीके सिंह, डॉक्टर उत्कर्ष पुंडीर के अलावा लगभग 350 छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

## अंकित हत्याकांड का आरोपी रोहन मलिक ने मवाना पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

**मवाना,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र के बहुचर्चित अंकित हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोहन मलिक पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रजपुरा थाना गंगानगर, मेरठ को मवाना पुलिस ने दबोच लिया है। शनिवार को आरोपी ने थाने पहुंचकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त रोहन मलिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर 14 अगस्त की रात को अंकित पुत्र कमल सिंह निवासी न्यू मीना बाजार थाना गंगानगर, मेरठ की बेरहमी से हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस अब तक कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आत्मसमर्पण के दौरान अभियुक्त बोलेरो कार से थाने पहुंचा। तलाशी लेने पर उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक बेसबॉल बैट, चमकीला पीला डंडा, काले-सफेद कपड़े और हुड वाली लाइट बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अदालत के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अंकित हत्याकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से मामले की गुत्थी पूरी तरह सुलझ गई है। पुलिस अब घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## एस इंटर कॉलेज मवाना में मनोवैज्ञानिक द्वारा छात्रवृत्ति योजना पर विशेष कार्यक्रम

**मवाना,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। एस इंटर कॉलेज मवाना में मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र मेरठ से आए डॉ. शिवराज सिंह (मनोवैज्ञानिक) द्वारा कक्षा 8 के बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में छात्रवृत्ति फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे इस योजना का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने भी बच्चों को छात्रवृत्ति योजना में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं, जो पहले से छात्रवृत्ति का लाभ ले रहे हैं, से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना गया। विशेष रूप से एनएसपी पोर्टल पर क्लेम डाटा फीड करने में आ रही समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रों के अन्य प्रश्नों का उत्तर देकर समुचित समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय की कोर्डिनेटर अंजू सिंह, निष्ठा, निपेंद्र कुमार भटनागर, चीफ प्रॉक्टर विभा जैन, कृष्ण चंद, मीनाक्षी सहित शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में सरकारी योजनाओं के लंबित ऋण की समीक्षा



**मेरठ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं में योजनान्तर्गत प्रेषित आवेदन जो स्वीकृति/वितरण हेतु लम्बित है, क्षेत्रीय कार्यालय, मंगल पाण्डे नगर, गढ़ रोड, मेरठ पर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा उपस्थित विभिन्न शाखा प्रबन्धकों को उनके बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्रता शीघ्र स्वीकृत एवं वितरण कराने एवं स्पोन्सर आवेदकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके आवेदन ऑनलाईन कराना एवं स्वीकृत ध्वितरण कराने हेतु चर्चा की गई। बैठक में लोकेश कुमार, क्रेडिट मैनेजर, रीजन-1, शिल्पी सिंह, मीठू ढाका, हापुड रीजन, पंकज सिंह, शाखा प्रबन्धक, सरूरपुर, सुनिल तौमर, शाखा प्रबन्धक गोला कुआ, अनुपमा शाखा प्रबन्धक, सूरज कुण्ड, दीप्ति रानी, मुख्य प्रबन्धक, मेडीकल कॉलेज, विनीत कुमार, लोन मैनेजर, एडीबी सरधना एवं दीपेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उपस्थित थे।

### आयोजन — शोभित विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ

## जीवन में सफल होने के लिए स्पष्ट लक्ष्य होना जरूरीः नुपुर गोयल

**मेरठ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में नये शैक्षणिक सत्र के प्रथम बैच के विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारम्भदृक्पेबवअमतन' का शुभारम्भ गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस कार्यक्रम में 12 राज्यों से लगभग एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंची मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार त्यागी, प्रति कुलपति प्रो. जयानंद, विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

- **बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंची सीडीओ**
- **कार्यक्रम के दौरान परंपरा, संस्कृति और नवाचार का दिखा अद्भुत संगम**



नूपुर गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और सतत एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को अपने करियर माइलस्टोन तय कर धैर्य और अनुशासन के साथ उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने कई बार शोभित विश्वविद्यालय का दौरा किया है और हर बार यहाँ आकर अत्यंत सकारात्मक अनुभव प्राप्त किया है। यहाँ की प्रयोगशालाएँ, शिक्षण प्रणाली और छात्रों की सहभागिता देखकर यह महसूस होता है कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प पर हमेशा खरा उतर रहा है। विशेषकर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन जैसे नवाचार-उन्मुख आयोजनों में छात्रों की ऊर्जा और प्रतिभा देखकर गर्व होता है। शोभित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और प्रभावी शैक्षणिक दृष्टिकोण का प्रमाण है।

कुलपति ने कहा दीक्षारम्भ केवल एक ओरिएंटेशन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नई शैक्षणिक और सांस्कृतिक यात्रा की शुरुआत है। परंपरा, अनुशासन और आधुनिकता का यह संगम उन्हें जीवन की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर प्रो. जयानंद ने विश्वविद्यालय की 101 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस परंपरा का हिस्सा बनकर इसे और आगे बढ़ाएँ। प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार गुप्ता, डीन (अकादमिक) ने विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोभित विश्वविद्यालय ने शोध, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता अर्जित की है और यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी सशक्त होगी। सत्र के दौरान आईबीएम कॉर्पोरेट अधिकारियों द्वारा आईबीएम स्किल बिल्ड वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीनतम तकनीकों एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया। डॉ. अभिषेक कुमार डबास, डिप्टी चीफ प्रॉक्टर ने विद्यार्थियों को प्रॉक्टोरियल बोर्ड की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए कहा कि विवि में अनुशासन ही वह आधार है, जो छात्रों के व्यक्तित्व एवं सफलता को दिशा प्रदान करता है। साथ ही, विश्वविद्यालय के ईआरपी कोऑर्डिनेटर श्री जितेंद्र जादौन ने विद्यार्थियों को ईआरपी सिस्टम की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे उन्हें प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सहज बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और विशेषताओं को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, शनिवार, 23 अगस्त, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## दिल टूटे हुए आशिक के रोल में नजर आए हर्षवर्धन राणे

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की आने वाली फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' का टीजर जारी हो गया है। इसका फर्स्ट लुक गुरुवार को मेकर्स ने सबके साथ साझा किया था, तभी से ही इसके टीजर का इंतजार दर्शकों को था। टीजर में प्यार, नफरत और दिल टूटे आशिक की संवेदनाओं को दिखाया गया है। इसकी शुरुआत होती है एक शायरी से, 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं, ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।' 'एक दीवाने की दीवानियत' के टीजर में दिख रहा है कि हर्षवर्धन और सोनम दो लवर्स हैं जो शादी करने वाले होते हैं, लेकिन बाद में एक दूसरे से नफरत करने लगते हैं। टीजर में प्यार, धोखा और सस्पेंस दिखाई दे रहा है।

## परफेक्ट होना जरूरी नहीं, गलतियां भी ठीक हैं : अनन्या पांडे

**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि लगातार लोगों की नजरों में रहना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, लेकिन अपने चाहने वालों और लगातार काम पर ध्यान केंद्रित करने से वे संतुलन बनाए रखती हैं। अनन्या ने यह भी कहा कि उनका आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है और यह जानने से कि परफेक्ट होना जरूरी नहीं है-कभी-कभी गलतियां भी ठीक होती हैं।

समय के साथ उन्होंने यह सीख लिया है कि जिंदगी में सच्चे रिश्तों और पसंद के काम को अहमियत देना जरूरी है। अनन्या ने बताया कि मैं जमीन से जुड़ी रहने की कोशिश करती हूं और खुद को याद दिलाती हूं कि परफेक्ट न होना भी ठीक है। आत्मविश्वास तब आता है जब आप अपने अच्छे और बुरे दोनों में खुद को स्वीकार करते हैं। जैसा कि कहा जाता है, कोई भी परफेक्ट नहीं होता!

अनन्या ने हाल ही में 'एयरबीएनबी' के लिए एक खास अनुभव की मेजबानी की, जिसमें उनकी ए-टीम ने हिस्सा लिया। इस अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सबसे खास अनुभवों में से एक है, लेकिन मेरे लिए इसमें सबसे खास बात यह है कि यहां पर मेहमानों के अंदर आत्मविश्वास में बदलाव देखना। यह उनके लुक को बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि उनके असल रूप को सेलिब्रेट करने के बारे में है। ग्लैम सेशन के बाद, सभी के साथ समय बिताना, हंसी-मजाक, और मजेदार सेल्फी लेना इसे और भी यादगार बनाता है। अनन्या की आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कार्तिक और अनन्या इससे पहले 2019 में पति, पत्नी और वो में साथ नजर आ चुके हैं। करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंट्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म अगले साल 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है।



### औषधीय गुणों से भरपूर लौंग

## कफ और पित्त दोषों को संतुलित करने में सहायक

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। लौंग एक ऐसा खुशबूदार मसाला है जो न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में भी बहुत फायदेमंद है। इसके औषधीय गुण, जैसे कि एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण, पाचन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। चरक संहिता के अनुसार लौंग एक वातनाशक और पाचनवर्धक जड़ी-बूटी है, जिसका उपयोग गले की खराश, दांत दर्द, और पाचन विकारों के इलाज में किया जाता है। यह कफ और पित्त दोषों को संतुलित करने में भी सहायक है।

नियमित रूप से सुबह-शाम खाना खाने से पहले 1 लौंग का सेवन करने से मतली और उल्टी जैसी समस्याएं दूर होने लगती हैं। साथ ही, यह पेट में गैस, सूजन और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में मददगार है।


नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के एक शोध के अनुसार, लौंग में युजेनॉल नामक तत्व पाया जाता है, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। यह गले की खराश, सांस की बदबू और पाचन की समस्याओं को दूर करने में कारगर है। शोध बताते हैं कि लौंग दांतों की समस्याओं में भी राहत देती है। बस एक-दो लौंग चाय में डालकर या खाने में मसाले के रूप में इस्तेमाल करने से ये फायदे मिल सकते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है, जिस वजह से आयुर्वेदाचार्य गर्मियों में इसके सेवन से परहेज करने की सलाह देते हैं, ताकि इसकी उष्णता या गर्मी संतुलित हो। विशेषज्ञों के अनुसार, एक-दो लौंग चाय में डालकर या भोजन में मसाले के रूप में इस्तेमाल करने से गर्मियों में भी लाभ मिल सकता है। यह गले की खराश, सांस की बदबू और पाचन संबंधी समस्याओं में राहत दे सकता है। हालांकि, लौंग फायदेमंद है, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए, खासकर गर्मियों में। अगर आपको पित्त की समस्या या बहुत ज्यादा एसिडिटी रहती है, तो लौंग का उपयोग सावधानी से करें।



**1 लौंग का सेवन करने से मतली और उल्टी जैसी समस्याएं होंगी दूर**

### मुनक्का के सेवन से बाल की बढ़ती है चमक

*मुनक्का भले ही दिखने में छोटी-सी होती है, लेकिन इसके अनेक फायदे होते हैं। सोशल मीडिया और घरेलू नुस्खों में अक्सर बताया जाता है कि इसे भिगोकर खाने से त्वचा चमकदार होती है, खून की कमी दूर होती है और शरीर को ताकत मिलती है। 'मुनक्का' को काली किशमिश भी कहा जाता है, जो एक तरह का सूखा हुआ अंगूर है। यह विटामिन, फाइबर, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जिसका सेवन करने से बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (फरवरी, 2022) रिपोर्ट के मुताबिक, किशमिश (मुनक्का) में लिपिड (वसा) कम करने और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो स्किन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, रंगत में सुधार करने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। अगर आपके शरीर में खून की कमी है, तो एक गिलास पानी में 8 - 10 मुनक्के को भिगोकर सुबह उस पानी को पीने से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है।*



## पारुल सिंह ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के साथ बैठक की अगुवाई की

**नई दिल्ली** 22 अगस्त (एजेंसियां)। पैरा-एथलीटों के लिए संस्थागत सहयोग को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, पैरालंपिक समिति ऑफ इंडिया (दिल्ली स्टेट) और दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली की अध्यक्ष श्रीमती पारुल सिंह ने आज एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) के साथ बैठक की। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. हरविंदर सलुजा (मुख्य सलाहकार एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष), राहुल कसाना (महामंत्री), गौरव चौधरी (उपाध्यक्ष) और ललित (कोषाध्यक्ष) शामिल थे। बैठक में राजधानी में पैरा-एथलीटों के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा, प्रशिक्षण सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। श्रीमती सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि पैरा-स्पोर्ट्स को समान महत्व और पहचान मिलनी चाहिए तथा दिव्यांग खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती पारुल सिंह ने कहा, 'यह साझेदारी एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अहम कदम है, जहाँ पैरा-एथलीटों को वे सभी सुविधाएं, सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा जिसके वे वास्तव में हक़दार हैं। डीएसजीएमसी जैसी सामुदायिक संस्थाओं के सहयोग से हमें पूरा विश्वास है कि हम अपने खिलाड़ियों के लिए स्थायी बदलाव ला पाएंगे।'



## बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने एयरबीएनबी पर पेश किया 'फैशन और ग्लो-अप' का शानदार मौका

**नई दिल्ली** 22 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड की फैशन आइकन अनन्या पांडे एक अनोखे और एक्सक्लूसिव फैशन और ग्लो-अप एक्सपीरिएंस 'अनन्या की स्टाइल एडिट' की मेजबानी करने जा रही हैं, जो केवल एयरबीएनबी पर उपलब्ध होगा। फैशन के शौकीनों, ग्लैम के दीवानों और अनन्या के सबसे बड़े प्रशंसकों को उनकी सिग्नेचर स्टाइल की दुनिया के पीछे की खास झलक देने के लिए तैयार यह एक्सपीरिएंस, अधिकतम चार गेस्ट के लिए उपलब्ध होगा। इस अवसर पर मेहमानों को अनन्या के ड्रीम क्लोसेट और वैनिटी स्पेस के नए अंदाज़ में कदम रखने का मौका मिलेगा, जिसे दिल्ली के एक शानदार एयरबीएनबी होम में साकार किया गया है।। उनके वॉक-इन वार्डरोब से लेकर वैनिटी जोन तक, पूरे स्पेस को एक प्लेफुल फैशन प्लेग्राउंड में बदल दिया जाएगा।

अनन्या के साथ उनकी एक्सपर्ट ए-टीम भी मौजूद होगी, जो मेहमानों को अल्टीमेट ग्लो-अप का अनुभव देगी, जहां उन्हें उनके पसंदीदा स्टाइलिस्ट द्वारा स्टाइल किया जाएगा, भरोसेमंद ब्यूटी स्क्वॉड से ग्लैम लुक मिलेगा और पर्सनल फोटोग्राफ़र द्वारा कैप्चर किया जाएगा। सोचिए, जबरदस्त ग्लो-अप, भरपूर फैशन एनर्जी और पूरी तरह 'मेन कैरेक्टर' वाइब्स से कितना धमाल मचेगा!

## लावारिस कुत्ते को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राम गोपाल वर्मा ने उठाए सवाल

### कुत्तों का वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट किसी बच्चे को सड़क पर काटे जाने से कैसे बचाएगा?

**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। 'सत्या', 'डेंजरस', 'नेकिड', 'रंगीला', और 'डेंजरस' जैसी फिल्में बना चुके फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर दिए संशोधित आदेश पर कई सवाल उठाए हैं। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी किया, जिस पर उन्होंने लिखा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आवारा (सड़क पर घूमने वाले) कुत्तों को पकड़कर पहले उनका टीकाकरण किया जाए और फिर उन्हें उसी जगह वापस छोड़ा जाए जहां से पकड़ा गया था। उन्होंने सवाल किया कि कुत्तों का वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट किसी बच्चे को सड़क पर काटे जाने या मारे जाने से कैसे बचाएगा? (क्या कुत्ता अपनी मेडिकल फाइल को पढ़कर तय करेगा कि काटना है या नहीं? यानी, कुत्तों को कहीं और नहीं ले जाया जाएगा। उनका इलाज करके वहीं वापस छोड़ा जाएगा। (उन्होंने यह भी पूछा कि जो आक्रामक या रेबीज संक्रमित कुत्ते छोड़े नहीं जाएंगे, क्या उन्हें जांचने के लिए हमारे पास पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टाफ और बजट है? निर्देशक ने पूछा, क्या हर कुत्ते का मानसिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड किया जाएगा? अगर कोई कुत्ता एक पल काटे और अगले पल पूंछ हिलाए, तो वह आक्रामक है या दोस्ताना? क्या वकीलों, पशु प्रेमियों, डॉक्टरों और कुत्तों के साइकोलॉजिस्ट की टीम उनकी मानसिक स्थिति तय करेगी? उन्होंने आगे कहा कि क्या सुप्रीम कोर्ट हजारों विशेष अदालतें बनाएगा जो यह तय करेंगी कि किसी कुत्ते को छोड़ा जाए या नहीं? कोर्ट के पब्लिक प्लेस में डॉग फीडिंग प्रतिबंधित और निर्धारित स्थानों पर ही खाना देने के आदेश पर भी वर्मा ने सवाल खड़े किए।



## योग शरीर में रक्त संचार को बनाता है बेहतर

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भूख न लगना या कम लगना एक आम समस्या है जो कई कारणों से हो सकती है, जैसे तनाव, खराब पाचन या शारीरिक गतिविधि की कमी। अगर आप इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो योग एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका हो सकता है जिससे आपकी भूख को बढ़ाया जा सके। योग शरीर में रक्त संचार को बेहतर बनाता है, पाचन क्रिया को उत्तेजित करता है और मन को शांत रखता है। आइए, कुछ ऐसे योगासनों के बारे में जानते हैं जो भूख बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**धनुरासन :** आयुष मंत्रालय के मुताबिक, धनुरासन पाचन तंत्र को मजबूत करता है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती हैं। यह उन ग्रंथियों के कार्य को बेहतर करता है जो हार्मोन संतुलन में मदद करते हैं। यही नहीं, धनुरासन कोर मांसपेशियों को मजबूत करता है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ाता है। इससे तनाव और थकान कम होता है और भूख बढ़ाने में मदद मिलती है।



**वज्रासन :** यह एक ऐसी सरल योग मुद्रा है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती है। नियमित अभ्यास से आप न केवल पाचन तंत्र को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि अपने मन को शांत और ऊर्जावान भी बना सकते हैं। योग एक्सपर्ट बताते हैं कि इस आसन को करने से भूख बढ़ने में मदद मिलती है।

**पवनमुक्तासन :** यदि आप अपनी रोजाना की दिनचर्या में कब्ज, गैस, और एसिडिटी की परेशानी से जूझ रहे हैं और तमाम कोशिशों के बावजूद भी इन परेशानियों से छुटकारा पाने में विफल हो रहे हैं, तो आप 'पवनमुक्तासन' आसन करना शुरू करें। अगर नियमित रूप से पवनमुक्तासन योग किया जाए, तो पाचनतंत्र मजबूत बनता है और गैस, कब्ज, और एसिडिटी की समस्या से छुटकारा मिलता है।

**हलासन :** यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यह थायराइड ग्रंथि को भी सक्रिय करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन पाचन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार है। यह मस्तिष्क में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) को बेहतर बनाता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में रक्त पहुंच पाता है। इस आसन को करने से भूख न लगने की समस्या भी दूर होती है। यदि आपको कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, तो योग शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर या एक योग्य योग प्रशिक्षक से सलाह जरूर लें।

## मेरा पॉडकास्ट महिलाओं को बनाएगा सशक्त : सोहा अली

**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री सोहा अली खान फैंस के लिए एक नया पॉडकास्ट 'ऑल अबाउट हर' लेकर आ रही हैं। इस पॉडकास्ट की खास बात यह है कि इसमें महिलाओं से जुड़ी सेहत, पैसे की समझ, लाइफस्टाइल और दूसरे जरूरी विषयों पर बात की जाएगी। यह खासतौर पर महिलाओं की भलाई और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मैं चाहती हूं कि दर्शक पॉडकास्ट को अच्छे से सुनें और उससे कुछ जरूरी जानकारी लें। जब बातचीत बिना दिशा के होती है, तो कई बार हम कहीं और भटक जाते हैं और सुनने वालों को कुछ समझ में नहीं आता है। इसलिए हमने हर एपिसोड के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार की है, जिसमें अच्छी तरह से रिसर्च किए गए सवाल शामिल होंगे। उन्होंने एक खास एपिसोड का जिक्र किया, जिसमें कैंसर जैसे गंभीर विषय पर चर्चा होगी। इस एपिसोड में एक ऑन्कोलॉजिस्ट और एक ऐसी महिला मेहमान शामिल होंगी, जिन्होंने खुद कैंसर से जंग लड़ी है। सोहा ने कहा कि हम पॉडकास्ट में कैंसर जैसे विषयों पर भी बात करेंगे, जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और फेफड़ों का कैंसर, जो महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करते हैं। हम सवाल पूछेंगे कि कैंसर को कैसे रोका जा सकता है, इसके शुरुआती लक्षण क्या हैं, विभिन्न स्टेज क्या हैं, और इलाज के क्या विकल्प हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा, अक्सर लोग 'कैंसर' सुनते ही डर जाते हैं और सोचते हैं कि ये तो सबसे बुरी बीमारी है।



### जयंती विशेष

## फिजिक्स पढ़ना चाहती थीं, अन्ना मणि, बनीं 'वेदर वुमन ऑफ इंडिया'

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। आज का भारत मौसम से जुड़ी जानकारी देने के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में गिना जाता है। हवा की दिशा में बदलाव हो या तापमान में उतार-चढ़ाव, हर मौसम संबंधी अपडेट कुछ ही पलों में जनता तक पहुंच जाता है। यह सब इतनी सहजता से संभव हो पाया है तो उसके पीछे दशकों की मेहनत और वैज्ञानिक शोध हैं। इस क्रांति की एक प्रमुख वैज्ञानिक थीं अन्ना मणि, जिन्हें 'वेदर वुमन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। उनकी दूरदृष्टि, समर्पण और वैज्ञानिक योगदान के कारण ही भारत में सटीक मौसम पूर्वानुमान संभव हो पाया। 23 अगस्त 1918 में जन्मी मणि पूर्व त्रावणकोर (वर्तमान केरल) राज्य में पली-बढ़ीं। उन्होंने अपने बचपन के दिन किताबों में डूब कर बिताए। 12 साल की उम्र तक, मणि ने अपने सार्वजनिक पुस्तकालय की लगभग हर किताब पढ़ ली थी। वह जीवनभर एक उत्साही पाठक रहीं। हाई स्कूल के बाद, उन्होंने विमेंस क्रिश्चियन कॉलेज से इंटरमीडिएट साइंस की पढ़ाई की और फिर प्रेसीडेंसी कॉलेज, मद्रास से भौतिकी और रसायन विज्ञान में ऑनर्स के साथ विज्ञान स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

लेखक मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की विज्ञान इतिहासकार आभा सूर 'एन अप्रिशिएशन ऑफ अन्ना मणि' में लिखती हैं, 'अन्ना मणि चिकित्सा की पढ़ाई करना चाहती थीं, लेकिन जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने भौतिकी का विकल्प चुना क्योंकि संयोग से वह इस विषय में अच्छी थीं।

अन्ना मणि ने मद्रास (अब चेन्नई) के प्रेसीडेंसी कॉलेज में भौतिकी में ऑनर्स प्रोग्राम में दाखिला लिया। 1940 में, कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के एक साल बाद, अन्ना मणि को भारतीय विज्ञान संस्थान में भौतिकी में शोध करने के लिए स्कॉलरशिप मिली। मौसम विज्ञानी सी.आर. श्रीधरन ने मणि पर अपने एक निबंध में लिखा था, 'मणि ने इस अवसर का लाभ उठाया और एक सैन्य जहाज पर सवार होकर ब्रिटेन की यात्रा की।'

विदेश में अध्ययन करने के लिए सरकारी छात्रवृत्ति प्राप्त करने से पहले अगले पांच साल भारतीय विज्ञान संस्थान में नोबेल पुरस्कार विजेता सी.वी. रमन की प्रयोगशाला में हीरे के गुणों का अध्ययन करने में बिताए थे। आभा सूर 'एन अप्रिशिएशन ऑफ अन्ना मणि' में लिखती हैं, 'अन्ना मणि प्रयोगशाला में लंबे समय तक काम करती थीं, कभी-कभी रात भर भी काम करती थीं।'

आभा सूर लिखती हैं, 'अन्ना मणि को वह पीएचडी उपाधि कभी नहीं दी गई जिसकी वह हकदार थीं। मद्रास विश्वविद्यालय, जो उस समय भारतीय विज्ञान संस्थान में किए गए कार्यों के लिए औपचारिक रूप से उपाधियां प्रदान करता था, ने दावा किया कि अन्ना मणि के पास एमएससी की डिग्री नहीं है और इसलिए उन्हें पीएचडी प्रदान नहीं की जा सकती। 'एन अप्रिशिएशन ऑफ अन्ना मणि' में इस बात का जिक्र है कि अन्ना मणि को इस अन्यायपूर्ण घटना से कोई शिकायत नहीं थी और उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएचडी की डिग्री न होने से उनके जीवन में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। बल्कि मौसम संबंधी उपकरणों के अध्ययन के लिए थी। जब वह लंदन पहुंची थीं, तो वहां एकमात्र उपलब्ध इंटर्नशिप मेट्रोलॉजिकल इंस्ट्रूमेंटेशन में थी। अन्ना मणि ने इसे भी एक अवसर की तरह लिया और आगे चलकर मौसम विज्ञान के इसी क्षेत्र में खुद की पहचान बनाई। अन्ना मणि 1948 में स्वतंत्र भारत लौट आईं और पुणे स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में शामिल हो गईं। विभाग में, अन्ना मणि विकिरण उपकरणों के निर्माण की प्रभारी थीं। लगभग 30 साल के अपने करियर में, उन्होंने वायुमंडलीय ओजोन से लेकर अंतरराष्ट्रीय उपकरण तुलनाओं की जरूरत और मौसम संबंधी उपकरणों के राष्ट्रीय मानकीकरण जैसे विषयों पर कई शोधपत्र प्रकाशित किए।



## गुरेज घाटी में पर्यटकों की रिकार्ड आमद

**जम्मू,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा जिले की सुदूर गुरेज वैली, जिसे कभी तनावपूर्ण सीमा क्षेत्र माना जाता था, भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते के बाद एक उल्लेखनीय बदलाव का गवाह बन रही है। एलओसी पार से गोलाबारी बंद होने से लंबे समय से प्रतीक्षित शांति लौट आई है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक पुनरुत्थान का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

बांडीपोरा जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल 26,234 स्थानीय और 3,245 गैर-स्थानीय पर्यटकों सहित कुल 29,479 पर्यटक गुरेज आए, जिससे 2025 घाटी के लिए एक रिकार्ड तोड़ मौसम बन गया है। दशकों में पहली बार, गुरेज कश्मीर के सबसे जीवंत पर्यटन स्थलों में से एक के रूप में उभरा है, जो न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है।

कुछ महीने पहले ही, नियंत्रण रेखा पर लगातार गोलाबारी के कारण गुरेज के निवासियों को भूमिगत बंकरों में रातें बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भय के माहौल में दुकानें और बाजार बंद रहे। हालांकि, आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। जनजीवन सामान्य हो रहा है और अपनी प्राचीन सुंदरता के साथ यह घाटी अब हजारों पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।



**2025 में 29,000 से ज्यादा आए पर्यटक**

पर्यटक गुरेज के मनमोहक दृश्यों, बर्फ से ढके पहाड़ों और सांस्कृतिक समृद्धि की प्रशंसा कर रहे हैं। किशनगंगा नदी के किनारे शिविरों और ट्रैकिंग ट्रेल्स ने घाटी को साहसिक उत्साही और शांति चाहने वालों, दोनों के लिए एक केंद्र बना दिया है।

पर्यटकों ने लोगों के आतिथ्य की गहरी प्रशंसा की है। गुरुग्राम से आए पर्यटकों के एक समूह का कहना था कि वे स्थानीय लोगों के स्नेह से अभिभूत हैं और इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताया। बंगलोर की एक महिला पर्यटक, व श्री ने गुरेज को एक छिपा हुआ स्वर्ग बताया और विदेशी पर्यटकों सहित अधिक से अधिक लोगों से इसकी सुंदरता का आनंद लेने का आग्रह किया। एक अन्य पर्यटक ने घाटी को उसकी बर्फ से ढकी चोटियों, हरे-भरे घास के मैदानों और प्राचीन किशनगंगा नदी के लिए कश्मीर में एक दर्शनीय स्थल बताया। पर्यटकों ने भोजन और आवास की बेहतर सुविधाओं की भी सराहना की है। कई लोगों ने घाटी में फिर से आने का संकल्प लिया है, जबकि अन्य लोगों को घाटी घूमने के लिए प्रोत्साहित किया है। स्थानीय लोग भी आशावादी हैं। एक निवासी, एजाज डार कहते थे कि शांति की वापसी ने लोगों को पर्यटन से अपनी आजीविका कमाने का मौका दिया है। डार के बकौल, पहले हम डर में रहते थे और अक्सर बंकरों में शरण लेनी पड़ती थी। अब, बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं और इसने हमारे लिए नए अवसर खोले हैं। हम बस यही उम्मीद करते हैं कि यह शांति बनी रहे। गुरेज के लोग अब सतर्क आशावाद के साथ आगे देख रहे हैं, उम्मीद करते हैं कि एलओसी पर नाजुक शांति बनी रहेगी, जिससे घाटी अपने निवासियों के लिए एक शांतिपूर्ण घर और यात्रियों के लिए एक फलते-फूलते गंतव्य के रूप में फल-फूल सकेगी।

# [अर्थ जगत]

### संेचुरीप्लाई ने मटेसिया 2025 में भारत की पैनल प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री के भविष्य पर डाली रोशनी

**नई दिल्ली।** भारत में वुड पैनल और डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स की अग्रणी कंपनी सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स (इंडिया) लिमिटेड ने मटेसिया 2025 में भाग लिया। यह देश की प्रमुख आर्किटेक्चर, बिल्डिंग मटेरियल्स और इंटीरियर प्रोडक्ट्स प्रदर्शनियों में से एक है। इस प्रदर्शनी में कंपनी ने अपने नए वुड पैनल सॉल्यूशंस, लैमिनेट्स और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित की, जो न सिर्फ उद्योग में हो रहे बदलाव को दर्शाते हैं, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की उनकी सोच को भी सामने लाते हैं।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एम एंड एम | 0.79 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 0.65 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.20 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रॉनिक्स | 0.19 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.14 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट्स | 2.44 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 1.94 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.84 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.83 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.77 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 99,358 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,906 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7985.13 |
| मसूर काली | 8151.59 |
| उड़द दाल | 10483.56 |
| मूंग दाल | 10113.94 |
| अरहर दाल | 10831.37 |

## प्रतिस्पर्धी चिप मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा भारत

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। बड़े निवेश और रणनीतिक साझेदारी से भारत ग्लोबल चिप सप्लाई चेन में एक प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। इंडिया नैरेटिव की रिपोर्ट में कहा गया है कि 50 प्रतिशत तक राजकोषीय सहायता की पेशकश करने वाली सरकारी योजनाओं के समर्थन से, भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2024-25 में 45-50 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 100-110 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) सेमीकंडक्टर फैब्स स्कीम, डिस्प्ले फैब्स स्कीम, कंपाउंड सेमीकंडक्टर और एटीएमपी/ओएसएटी स्कीम और डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) स्कीम सहित कई योजनाएं चलाता है।

सेमीकंडक्टर फैब्स स्कीम और डिस्प्ले फैब्स स्कीम अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाली परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। डीएलआई योजना प्रत्येक चिप डिजाइन स्टार्टअप या एमएसएमई को 15 करोड़ रुपए तक का प्रोत्साहन प्रदान करती है और अब तक 22 चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को फंड किया जा चुका है। सरकार ने इस महीने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे कुल स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में घोषणा की कि 2025 के अंत तक भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप्स बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, माइक्रोन और फॉक्सकॉन जैसी दिग्गज कंपनियां गुजरात, उत्तर प्रदेश और असम में सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित कर रही हैं, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।



- भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2030 तक 100-110 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान
- अब तक 22 चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को किया जा चुका फंड

### इजमोमाइक्रो ने नेक्स्ट-जेन सेमीकंडक्टर तकनीक की विकसित



**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव रिटेलिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर इजमो के स्पेशल डिविजन, इजमोमाइक्रो ने हाई-डेंसिटी वाले सिलिकॉन फोटोनिक्स पैकेजिंग प्लेटफॉर्म डेवलप किया, जिसके बाद शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा। कंपनी की इस उपलब्धि के साथ देश की एंट्री नेक्सट-जनरेशन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज में हो गई है। इसी के साथ कंपनी के शेयर इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान 97.90 रुपए बढ़कर 587.55 रुपए के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने घोषणा की कि यह इनोवेशन एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और फ्यूचर टेलीकॉम नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह प्रगति हाइपरस्केल डेटा सेंटर, एआई क्लस्टर और नेक्सट जनरेशन 5जी और 6त्न नेटवर्क के लिए मापनीयता और दक्षता का समर्थन करती है। कंपनी ने एक हाई-डेंसिटी वाला सिलिकॉन फोटोनिक्स पैकेजिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो 32-चैनल फाइबर इनपुट और आउटपुट को सपोर्ट करता है, जिससे उद्योग में अग्रणी 2 डीबी से कम का इंसर्शन लॉस प्राप्त होता है।

## जांच के घेरे में सिबिल, बजाज फाइनेंस पर क्रेडिट स्कोर चेक करने के बाद आ रहे स्पैम कॉल

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीयों के लिए क्रेडिट स्कोर निर्धारित करने वाली कंपनी सिबिल, ऑनलाइन यूजर्स और संसद में सवाल उठने के बाद जांच के घेरे में है। तमिलनाडु के सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने बताया कि इस प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है और उधारकर्ताओं के पास अपने क्रेडिट इतिहास में गलतियों के विरुद्ध अपील करने का कोई रास्ता नहीं है। इसके साथ ही, कुछ यूजर्स ने शिकायत की है कि सिबिल स्कोर चेक करने के बाद, उन्हें बजाज फाइनेंश और पैसाबाजार आदि से बड़ी संख्या में स्पैम कॉल का सामना करना पड़ता है। चिदंबरम ने कहा कि कार लोन से लेकर होम लोन तक हर लोन आवेदन सिबिल स्कोर पर निर्भर करता है, लेकिन इस संस्था के काम करने के तरीके के बारे में बहुत कम जानकारी है। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में एक निजी कंपनी है, जिसका नाम ट्रांसयूनियन है। यह वह कंपनी है जो हम सभी की क्रेडिट हिस्ट्री के आधार पर रेटिंग करती है। लेकिन हमें नहीं पता कि वे हमारी क्रेडिट हिस्ट्री को ठीक से अपडेट कर रहे हैं या नहीं। इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। हमारे पास अपील करने का कोई रास्ता नहीं है। सांसद ने कहा कि कई किसानों और कर्जदारों को तब समस्याओं का सामना करना पड़ता है जब सब्सिडी या कर्ज निपटान के जरिए किए गए भुगतान उनके क्रेडिट रिकॉर्ड में अपडेट नहीं होते। उन्होंने कहा कि हर बार जब हम बैंक जाते हैं, तो हमें बताया जाता है कि हमारा स्कोर खराब है। इसमें अधिक पारदर्शिता होनी चाहिए। एक व्यक्ति ने ऑनलाइन लिखा कि अपना सिबिल स्कोर जांचने और दो क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने के बाद, उन्हें बजाज फाइनेंस से प्री-अप्रूव्ड लोन की पेशकश करने वाले लगातार कॉल आने लगे।




- यूजर्स ने की ऑनलाइन शिकायत

## सिंगल माल्ट को वैश्विक स्तर पर मिले प्रमुखता : राजेश चोपड़ा



**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सिंगल माल्ट व्हिस्की की पहचान और वैश्विक स्तर को आकार देने के एक निर्णायक कदम के रूप में, जुलाई 2024 में गठित भारतीयमाल्ट व्हिस्की एसोसिएशन (आईएमडब्ल्यूए), भारतीय माल्ट व्हिस्की एसोसिएशन की गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की वकालत करने वाली एक प्रमुख संस्था के रूप में उभरी है। केवल एक वर्ष के भीतर एसोसिएशन ने भारतीय सिंगल माल्ट व्हिस्की को घरेलू और वैश्विक स्तर पर एक प्रीमियम, लक्ज़री श्रेणी के रूप में स्थापित करने की नींव रखी है।

आईएमडब्ल्यूए के महानिदेशक (मेजर जनरल, सेवानिवृत्त) राजेश चोपड़ा ने बताया कि उनका एसोसिएशन स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन ऑफ स्कॉटलैंड आयरिश व्हिस्की एसोसिएशन और जापानी स्पिरिट्स एवं लिकर मेकर्स एसोसिएशन जैसे वैश्विक समकक्षों से प्रेरित है जिसका उद्देश्य भारतीय सिंगल माल्ट व्हिस्की जो भारत की विरासत है को संरक्षित, सुरक्षित और बढ़ावा देना है।


उन्होंने कहा कि सिंगल माल्ट को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता मिलनी चाहिए। चोपड़ा ने आगे कहा कि त्रि-आयामी दृष्टिकोण के तहत, एसोसिएशनने हितधारकों के लिए मजबूत अनुपालन और लेखा परीक्षा तंत्र सुनिश्चित करने के लिए FSSAI, APEDA (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय) जैसे नियामक प्राधिकरणों के साथ गंभीर बातचीत शुरू कर दी है।

## अगस्त में रिकॉर्ड तेजी से बढ़ रही भारत के निजी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, नए ऑर्डरों में वृद्धि और मजबूत मांग के कारण, भारत के निजी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था अगस्त में रिकॉर्ड तेजी से बढ़ी। एचएसबीसी के फ्लैश परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स सर्वे के अनुसार, एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स अगस्त में बढ़कर 65.2 हो गया, जो जुलाई में 61.1 था।

अगस्त के लिए फाइनल पीएमआई डेटा अगले महीने रिलीज होगा। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स विनिर्माण और सेवाओं में संयुक्त गतिविधि को मासिक आधार पर ट्रैक करता है। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2005 में सर्वे शुरू होने के बाद से इस वर्ष अगस्त के आंकड़े विकास की सबसे तेज गति को दर्शाते हैं। यह तेजी बिक्री की मात्रा में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण हुई, क्योंकि व्यवसायों ने घरेलू और विदेशी मांग में तेजी की जानकारी दी।

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि एशिया, मध्य पूर्व, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका से नए रोजगार के मजबूत प्रवाह ने इस तेजी को बढ़ावा दिया। इस बीच, एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई के 59.1 से बढ़कर अगस्त में 59.8 हो गया, जो जनवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है। यह सूचकांक फैक्टरी की स्थिति में तेजी से सुधार का संकेत देता है, जो नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, सप्लायर्स के डिलीवरी समय और इन्वेंट्री पर नजर रखता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बीच, एचएसबीसी फ्लैश इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स जुलाई के 60.5 से बढ़कर 65.6 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।



- अगले महीने रिलीज होगा अगस्त के लिए फाइनल पीएमआई डेटा

## सार संक्षेप

### पीएनबी का सीआरपीएफ से करार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी ऋण प्रदाता पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है जिसके तहत बल के सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों को विशेष बीमा कवरेज और अन्य लाभ दिये जायेंगे। पीएनबी ने शुक्रवार को बताया कि अपनी प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के अंतर्गत वह सीआरपीएफ के सभी सेवारत कर्मियों और पेंशनभोगियों को उन्नत बीमा कवरेज और अन्य लाभ प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, रक्षक खाताधारक के आश्रितों और परिवारों को भी कई लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। पीएनबी के कार्यकारी निदेशक बिभु प्रसाद महापात्रा और सीआरपीएफ के डीआईजी (प्रशासन) डी.एस. नेगी की उपस्थिति में यहां लोधी रोड स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय में गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस पर पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक बिनय कुमार गुप्ता और सीआरपीएफ महानिदेशालय के पुलिस महानिरीक्षक जकी अहमद ने हस्ताक्षर किए।

### कोझिकोड से विमान सेवा शुरू करेगी अकासा एयर

**नई दिल्ली।** नवोदित किफायती विमान सेवा कंपनी अकासा एयर आगामी 01 अक्टूबर से केरल के कोझिकोड (कालीकट) से मुंबई के लिए दैनिक विमान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइंस ने शुक्रवार को बताया कि कोझिकोड उसके नेटवर्क में जुड़ने वाला 24वां घरेलू और कुल मिलाकर 30वां शहर होगा। इसके लिए बुकिंग शुरू हो गयी है। इससे पहले वह केरल में कोच्चि के लिए सेवा प्रदान कर रही है। मूर्तियों का शहर कोझिकोड अपनी सांस्कृतिक विरासत, दर्शनीय स्थलों और व्यापार के लिए जाना जाता है। अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, प्रवीण अय्यर ने कहा कि हमें कोझिकोड को अपने नेटवर्क में 30वें शहर के रूप में जोड़कर खुशी हो रही है। यह अकासा एयर की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा और केरल में हमारी कनेक्टिविटी का विस्तार करेगा।

### भारत में निवेश दोगुना करने की योजना बना रहा जापान

**नई दिल्ली।** जापान सरकार अगले 10 वर्षों में निजी क्षेत्र के जरिए भारत में 10 ट्रिलियन येन (68 अरब डॉलर) का निवेश करने की योजना बना रही है। यह जानकारी टोक्यो की एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। जापान के द असाही शिंबुन अखबार में सूत्रों के हवाले से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त को टोक्यो में अपनी बैठक के दौरान इस नए लक्ष्य की पुष्टि कर सकते हैं। यह योजना जापान के वर्तमान लक्ष्य का विस्तार करेगी, जिसके तहत वह पांच वर्षों में 5 ट्रिलियन येन का निवेश किया जाना है। इसकी घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मार्च 2022 में अपनी भारत यात्रा के दौरान की थी।

## कंपनियों में बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट


**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में पिछले चार सत्रों से चल रही तेजी पर ब्रेक लग गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 693.86 अंक या 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,306.85 और निफ्टी 213.65 अंक या 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,870.10 पर था। बिकवाली का नेतृत्व मेटल शेयरों ने किया, जिसके कारण निफ्टी मेटल इंडेक्स 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक और पीएसयू बैंक इंडेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। केवल फार्मा, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर और डिफेंस इंडेक्स हरे निशान में बंद हुआ।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 79.20 अंक या 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 57,629.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 46.85 अंक या 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,919.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, मारुति सुजुकी, बीईएल, सन फार्मा, भारती एयरटेल और टाइटन टॉप गेनर्स थे।। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई, इटरनल, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स टॉप लूजर्स थे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे का कहना है कि लगातार तेजी के बाद, शुक्रवार को निफ्टी में गिरावट आई है। हालांकि, इंडेक्स 50 ईएमए से ऊपर बना हुआ है, जो दिखाता है कि छोटी अवधि में ट्रेंड सकारात्मक है। गिरावट की स्थिति में सपोर्ट 24,800 पर है। अगर इंडेक्स इस स्तर के ऊपर टिके रहता है तो 25,000-25,250 के स्तर आने वाले सत्रों में देखने को मिल सकते हैं।

वहीं, डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 25 पैसे की गिरावट के साथ 87.50 पर बंद हुआ। शेयर बाजार की शुरुआत लाल निशान में हुई थी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 290 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 81,709 पर निफ्टी 50 इंडेक्स 93 अंक या 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,990 पर था।

इन कंपनियों ने एम एंड एम 0.79 प्रतिशत, मारूति सुजुकी 0.65 प्रतिशत, सन फार्मा 0.20 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 0.19 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.14 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। वहीं एशियन पेंट्स 2.44 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.94 प्रतिशत, आईटीसी 1.84 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.83 प्रतिशत, एचसीएल टेक 1.77 प्रतिशत नुकसान में रहा।




- सेंसेक्स 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,306.85 अंक पर
- निफ्टी 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,870.10 अंक पर बंद

## अब विदेशों में भी खाए जाएंगे पौड़ी गढ़वाल के सेब

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, भारत सरकार के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल की ओर से दुबई के लिए गढ़वाली सेब (किंग रोट प्रजाति) की पहली खेप को रवाना कर दिया गया है। एपीडा की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा गया, उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के सेब अब विदेशों में भी खाए जाएंगे।

एपीडा ने इस पोस्ट में बताया कि संयुक्त अरब अमीरात में प्रचार के लिए 1.2 मीट्रिक टन गढ़वाली सेब की पहली परीक्षण खेप, एलयूएलयू ग्रुप के सहयोग से, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल द्वारा देहरादून से रवाना की गई। इससे पहले इस वर्ष जून में जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना की गई। केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने इस मौके पर कहा कि चेरी किसानों के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है और अब उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने पोस्ट किया कि बहुत खुशी की बात है। जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई है। मोदी सरकार भारत को प्रीमियम एग्री-प्रोडक्ट के ग्लोबल सप्लायर के रूप में स्थापित करने के लिए लॉजिस्टिक्स संबंधी कमियों को दूर कर रही है। इसे वोकल फॉर लोकल के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश के नागरिकों और दुकानदारों से वोकल फॉर लोकल पहल के तहत भारत में निर्मित वस्तुओं का समर्थन करने का आग्रह किया।



1.2 मीट्रिक टन 'गढ़वाली सेब' की पहली खेप देहरादून से दुबई के लिए रवाना : एपीडा

## राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने जुलाई में 2.72 करोड़ रुपए का रिफंड दिलवाया

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने जुलाई में 2.72 करोड़ रुपए का रिफंड दिलवाया और 27 क्षेत्रों में 7,256 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया गया।

ई-कॉमर्स क्षेत्र में रिफंड संबंधी शिकायतों की संख्या सबसे अधिक 3,594 रही, जिसके परिणामस्वरूप 1.34 करोड़ रुपए का रिफंड हुआ। इसके बाद यात्रा और पर्यटन क्षेत्र का स्थान रहा, जहां 31 लाख रुपए का रिफंड हुआ। हेल्पलाइन के तकनीकी परिवर्तन ने इसकी पहुंच और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है।

मंत्रालय ने बताया कि कॉल की संख्या दस गुना से भी अधिक बढ़ गई है, जो दिसंबर 2015 में 12,553 से बढ़कर दिसंबर 2024 में 1,55,138 हो गई है। इसी प्रकार, औसत मासिक शिकायत पंजीकरण 2017 में 37,062 से बढ़कर 2024 में 1,11,951 हो गए हैं।

मंत्रालय के अनुसार, डिजिटल माध्यमों को अपनाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में भी तेज़ी आई है और वॉट्सऐप के माध्यम से शिकायत पंजीकरण मार्च 2023 में 3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 में 20 प्रतिशत हो गया है।

एनसीएच उपभोक्ताओं, सरकारी एजेंसियों, निजी क्षेत्र की कंपनियों और नियामक निकायों को एक साथ लाने वाले एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता है। कन्वर्जेंस भागीदारों की संख्या 2017 में 263 से बढ़कर 2025 में 1,131 कंपनियों तक पहुंच गई।




- ई-कॉमर्स सेक्टर सबसे आगे

## भारत की मजबूत घरेलू मांग से टैरिफ का अर्थव्यवस्था पर कम होगा असर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का भारतीय कंपनियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा। टेक्सटाइल और जेम एवं ज्वेलरी उद्योग पर इसका असर देखने को मिल सकता है। वहीं, मजबूत घरेलू मांग और टैरिफ से छूट के कारण फार्मास्यूटिकल्स, स्मार्टफोन और स्टील सेक्टर पर इसका कोई असर नहीं होगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में कहा गया कि कैपिटल गुड्स, केमिकल, ऑटोमोबाइल्स, फूड और बेवरेज निर्यात को टैरिफ से कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का मानना है कि मॉस्को के साथ नई दिल्ली के तेल व्यापार के जवाब में, 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के अमेरिकी कदम के परिणाम एक समान नहीं होंगे। यह क्षेत्र में सबसे अधिक टैरिफ होगा और इससे भारत से अमेरिका जाने वाले कुल निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा।

रेटिंग्स एजेंसी ने आगे कहा कि हालांकि, टैरिफ में वृद्धि का व्यापक आर्थिक प्रभाव भारत के घरेलू बाजार के बड़े आकार से कम हो जाएगा। मॉर्गन स्टेनली की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ाने की धमकी से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एशिया में सबसे बेहतर स्थिति वाला देश है, क्योंकि देश का वस्तु निर्यात और जीडीपी अनुपात कम है।

फिच की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के घरेलू बाजार का बड़ा आकार, जो बाहरी मांग पर निर्भरता को कम करता है, देश को अमेरिकी टैरिफ वृद्धि से बचाए रखेगा, और वित्त वर्ष 26 में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा था कि भारत अमेरिका से लगातार कच्चे तेल की खरीद को बढ़ा रहा है। साथ ही, बताया कि हम रूस के सबसे बड़े क्रूड ऑयल खरीदार नहीं हैं।

मीडिया से बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं है, बल्कि वह चीन है।




- फार्मास्यूटिकल्स, स्मार्टफोन व स्टील सेक्टर पर टैरिफ का नहीं होगा असर

# खेल जगत

## भारतीय महिला क्रिकेटर गौहर सुल्ताना ने सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया है। बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना भारत की ओर से सीमित ओवरों के 87 मैच खेल चुकी हैं। गौहर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, वर्षों तक गर्व, जुनून और मकसद के साथ भारतीय जर्सी पहनने के बाद अब वक्त आ गया है कि मैं अपने क्रिकेट सफर के सबसे भावुक पल के बारे में लिखूं। यादों से भरे दिल और कृतज्ञता से भरी आंखों के साथ मैं सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा करती हूं। उन्होंने लिखा, हैदराबाद की धूलभरी गलियों से लेकर विश्व क्रिकेट के भव्य मंच तक, यह सफर किसी सपने से कम नहीं रहा। भारत का प्रतिनिधित्व करना, चाहे वो वर्ल्ड कप हो, दौरे हों या फिर ऐसे मुकाबले जिन्होंने कौशल और जज्बे दोनों की परीक्षा ली हो, मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।



# महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच अब नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में होगा



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। बेंगलुरू के एम चिन्नासवामी स्टेडियम के उपलब्ध न होने पर अब डीवाई पाटील स्टेडियम, नवी मुंबई आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के तीन लीग मैचों, एक सेमीफाइनल व संभवतः फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट के इन मैचों की तारीखें-30 सितंबर से 2 नवंबर तक अन्य मैच स्थलों एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम ( इंदौर), एसीसी-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापट्टनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो तक पूर्ववत वही रहेंगी। आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप 2025 का फाइनल कोलंबो अथवा नवी मुंबई

■ फाइनल कोलंबो या नवी मुंबई में, पहला सेमीफाइनल गुवाहाटी या कोलंबो

को 2 नवंबर को नवी मुंबई में खेला जाएगा।पहला सेमीफाइनल गुवाहाटी अथवा कोलंबो मे 29 अक्टूबर को और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को नवीं मुंबई में होगा। इसमें कुल आठ टीमें शिरकत करेंगी। उदघाटन मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को गुवाहाटी में खेला जाएगा। भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। भारत का पाकिस्तान के खिलाफ मैच कोलंबो में इसलिए रखा गया है क्योंकि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों मुल्क एक दूसरे की धरती पर नहीं खेल रहे हैं। पाकिस्तान की महिला टीम की फाइनल में पहुंचने की संभावना बेहद कम है और यदि वह फाइनल में पहुंचती है तो फिर वह कोलंबो में ही खेलेगी।

आईसीसी के अध्यक्ष श्री जय शाह ने मैच के नए स्थान की घोषणा पर संतोष जताते हुए इसे महिला क्रिकेट के आदर्श स्थान बताया। जय शाह ने कहा, 'नवी मुंबई हाल ही के वर्षों में महिला क्रिकेट का असल घर बनकर उभरा है। नवी मुंबई को अंतर्राष्ट्रीय मैचों और महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग मैचों के दौरान गजब का समर्थन मिला। इस मैदान का माहौल खिलाड़ियों और प्रशंसकों में जोश भर देने वाला था। मुझे पूरा विश्वास है कि यही ऊर्जा भारत में 12 बरस हो रहे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के बड़े मैचों में भी दिखेगी। हम महिला क्रिकेट की इस यात्रा के अहम मोड़ पर खड़े है। 2025 के इस महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप को उन निर्णायक मील के पत्थरों में से एक के रूप में याद किया जा सकता है, जिसने न केवल भारत में बल्कि पूरे क्रिकेट जगत में क्रिकेट के भविष्य को आकार दिया।

### आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैचों का कार्यक्रम (सभी मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद 3 बजे से)।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 सितंबर : | भारत वि श्रीलंका, गुवाहाटी, | 15 अक्टूबर : | इंग्लैंड वि पाकिस्तान, कोलंबो |
| 1 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि न्यूजीलैंड, इंदौर | 16 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि बांग्लादेश, विशाखापट्टनम |
| 2 अक्टूबर : | बांग्लादेश वि पाकिस्तान, कोलंबो | 17 अक्टूबर : | दक्षिण अफ्रीका वि श्रीलंका, कोलंबो। |
| 3 अक्टूबर : | इंग्लैंड वि दक्षिण अफ्रीका, गुवाहाटी | 18 अक्टूबर : | न्यूजीलैंड वि पाकिस्तान, कोलंबो। |
| 4 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि श्रीलंका, कोलंबो | 19 अक्टूबर : | भारत वि इंग्लैड, इंदौर। |
| 5 अक्टूबर : | भारत वि पाकिस्तान , कोलंबो। | 20 अक्टूबर : | श्रीलंका वि बांग्लादेश, नवी मुंबई। |
| 6 अक्टूबर : | न्यूजीलैंड वि दक्षिण अफ्रीका, इंदौर | 21 अक्टूबर : | दक्षिण अफ्रीका वि पाकिस्तान, कोलंबो। |
| 7 अक्टूबर : | इंग्लैंड वि बांग्लादेश, गुवाहाटी | 22 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि इंग्लैंड, इंदौर। |
| 8 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि पाकिस्तान, कोलंबो। | 23 अक्टूबर : | भारत वि न्यूजीलैंड, नवी मुंबई। |
| 9 अक्टूबर : | भारत वि दक्षिण अफ्रीका, विशाखापट्टनम | 24 अक्टूबर : | श्रीलंका वि पाकिस्तान, कोलंबो। |
| 10 अक्टूबर : | न्यूजीलैंड वि बांग्लादेश , गुवाहाटी | 25 अक्टूबर : | ऑस्ट्रेलिया वि दक्षिण अफ्रीका, इंदौर। |
| 11 अक्टूबर : | इंग्लैंड वि श्रीलंका, कोलंबो | 26 अक्टूबर : | इंग्लैंड वि न्यूजीलैंड, विशाखापट्टनम (सुबह 11 बजे से)। |
| 12 अक्टूबर : | भारत वि ऑस्ट्रेलिया, विशाखापट्टनम | 29 अक्टूबर : | पहला सेमीफाइनल, गुवाहाटी/कोलंबो। |
| 13अक्टूबर: | दक्षिण अफ्रीका वि बांग्लादेश, विशाखापट्टनम | 30 अक्टूबर : | दूसरा सेमीफाइनल, नवी मुंबई। |
| 14 अक्टूबर : | न्यूजीलैंड वि श्रीलंका, कोलंबो | 2 नवंबर : | फाइनल , नवी मुंबई/कोलंबो। |

# बीसीसीआई ने सीनियर पुरुष, महिला और जूनियर पुरुष चयन समितियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए



■ आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितंबर शाम 5 बजे तक है

■ महिला चयन समिति के सदस्य टीम इंडिया (सीनियर महिला) का चयन करेंगे

**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने पुरुष (सीनियर और जूनियर) तथा महिला चयन समितियों के लिए कई पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीसीसीआई की अधिसूचना के अनुसार, उसने सीनियर पुरुष चयन समिति के लिए दो राष्ट्रीय चयनकर्ता पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये चयनकर्ता टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) का चुनाव सभी प्रारूपों में करेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितंबर शाम 5 बजे तक है। चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। सभी पदों पर बीसीसीआई के नियमों और आचार संहिता का पालन जरूरी होगा।

सीनियर पुरुष चयनकर्ता बनने के लिए खिलाड़ी को कम से कम 7 टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले होने चाहिए। साथ ही, खिलाड़ी को खेल से कम से कम 5 साल पहले संन्यास लिया होना चाहिए। जो व्यक्ति बीसीसीआई की किसी क्रिकेट समिति का कुल 5 साल सदस्य रहा है, वह इस पद के लिए योग्य नहीं होगा। इस मानक के अनुसार, दक्षिण क्षेत्र से जुड़े चयनकर्ता श्रीधरन शरत का कार्यकाल खत्म हो सकता है। उन्होंने इससे पहले 2021 में जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था और 2023 की शुरुआत में उन्हें वरिष्ठ चयन पैनल में पदोन्नत किया गया था। उनके साथ सुब्रतो बनर्जी या शिव सुंदर दास को भी रिप्लेस किया जा सकता है।

महिला चयन समिति के सदस्य टीम इंडिया (सीनियर महिला) का चयन करेंगे। इसके अलावा, वे कोच और सपोर्ट स्टाफ की समीक्षा करेंगे, रिपोर्ट तैयार करेंगे, और नई खिलाड़ियों की बेंच स्ट्रेंथ बनाने पर ध्यान देंगे। महिला राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने वाली और कम से कम 5 साल पहले संन्यास ले चुकी खिलाड़ी इन पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं। यहां भी वही शर्त लागू है कि जो व्यक्ति बीसीसीआई की किसी क्रिकेट समिति का कुल 5 साल सदस्य रहा है, वह आवेदन नहीं कर सकता। वर्तमान चयनकर्ता नीतू डेविड, आरती वैद्य, रेणु मार्ग्रेट और वेंकटचर कल्पना के पद छोड़ने की संभावना है, क्योंकि उन्हें सितंबर 2020 में नियुक्त किया गया था और उनका पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। हालांकि, श्यामा शॉ अपनी जगह बरकरार रख सकती हैं, क्योंकि वह जून 2023 में समिति में शामिल हुई थीं। जूनियर पुरुष चयन समिति का काम अंडर-22 तक की टीमों का चुनाव करना होगा। इसमें कैम्प, टूर्नामेंट, कप्तान और सपोर्ट स्टाफ का चयन भी शामिल है। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों में अनुशासन और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना भी जिम्मेदारी का हिस्सा होगा। इस समिति में वही पूर्व खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिन्होंने कम से कम 25 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों और 5 साल पहले खेल से संन्यास लिया हो। कोई भी व्यक्ति जो किसी भी क्रिकेट समिति (जैसा कि बीसीसीआई के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और नियमों व विनियमों में परिभाषित है) का कुल 5 वर्षों तक सदस्य रहा हो, जूनियर क्रिकेट समिति का सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं होगा। मौजूदा सदस्यों में रानादेव बोस, हरविंदर सिंह सोढ़ी, पथिक पटेल और कृष्ण मोहन को रिप्लेस किया जा सकता है, क्योंकि वे 2021 से इस समिति में हैं।

# सेंट्रल दिल्ली किंग्स के खिलाफ वेस्ट दिल्ली लायंस की रोमांचक जीत

डीपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 (डीपीएल) के 29वें मैच को अपने नाम किया। टीम ने गुरुवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को तीन रन से करीबी अंतर से हराया। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 178 रन बनाए। लायंस महज तीन रन पर अंकित कुमार (1) का विकेट गंवा चुकी थी। सलामी बल्लेबाज कृष यादव ने मोर्चा संभाला, लेकिन टीम ने 65 के स्कोर तक चार विकेट खो दिए। यहां से कृष यादव ने ऋतिक शौकीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। कृष यादव ने 60 गेंदों में चार छक्कों और आठ चौकों की मदद से 85 रन बनाए, जबकि ऋतिक 20 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा रवनीत तंवर ने 12 गेंदों में 38 रन की तूफानी पारी खेली। विपक्षी टीम के लिए ग्रेवाल ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, जबकि अरुण पुंडीर और प्रांशु विजयरन के हाथ दो-दो विकेट लगे। इसके जवाब में सेंट्रल दिल्ली किंग्स निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर 175 रन ही बना सकी। सिद्धार्थ जून महज 1 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे, जिसके बाद यश ढुल ने युगल सैनी (11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। टीम 46 के स्कोर तक दो विकेट गंवा चुकी थी। यहां से यश ने कप्तान जोंटी सिद्धू के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में 2-0 से आगे हुई दक्षिण अफ्रीका

■ ऑस्ट्रेलियाई टीम लुंगी एनगिडी की घातक गेंदबाजी के सामने 37.4 ओवर में 193 रन पर ढह गई

■ नगिडी ने 8.4 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए



**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में वनडे सीरीज में मात दे दी है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 84 रन से मात दी। इस जीत के साथ अफ्रीकी टीम 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे हो गई है। पहला वनडे भी दक्षिण अफ्रीका ने 98 रन से जीता था। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। 23 के स्कोर पर दोनों ओपनर लौट गए थे। इसके बाद टोनी डे जॉर्जी और मैथ्यू ब्रीट्जके ने तीसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। जॉर्जी 38 रन बनाकर आउट हुए। स्टब्स ने मैथ्यू ब्रीट्जके के साथ चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की। मैथ्यू ब्रीट्जके 78 गेंद पर 2 छक्के और 8 चौके की मदद से 88 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 49.1 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। ट्रिस्टन स्टब्स ने 74, वियान मुल्डर ने 26 और केशव महाराज ने 22 रन बनाए। एडम जंपा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रहे। दाएं हाथ के इस स्पिनर ने 10 ओवर में 63 रन देकर 3 विकेट लिए। जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और मार्नस लाबुशेन ने 2-2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। 278 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम लुंगी एनगिडी की घातक गेंदबाजी के सामने 37.4 ओवर में 193 रन पर ढह गई। एनगिडी ने 8.4 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर और एस मुथुसामी ने 2-2 जबकि वियान मुल्डर ने 1 विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलिया का अपने घर में जीतना हुआ मुश्किल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम है, जो दुनिया के किसी भी देश में विपक्षी टीम को किसी भी फॉर्मेट में हराने की क्षमता रखती है। यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा विश्व कप जीतने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है। लेकिन, यह विश्व विजेता टीम अपने ही घर में कमजोर साबित हो रही है। पिछले चार घरेलू मैचों में ऑस्ट्रेलिया 200 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी है। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मैच खेला गया। दक्षिण अफ्रीका ने जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को 278 रन का लक्ष्य दिया था। लेकिन, कंगारू टीम 193 रन पर सिमट गई और 84 रन से मैच गंवा बैठी। इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज भी गंवा दी। सीरीज के पहले मैच में भी ऑस्ट्रेलिया 200 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थी। पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 297 रन का लक्ष्य मिला था। दक्षिण अफ्रीका की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया 198 रन पर सिमट गई। इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी और उस सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज का पहला मैच तो ऑस्ट्रेलिया ने जीता था, लेकिन दूसरे और तीसरे मैच में टीम 200 का आंकड़ा नहीं छू सकी थी। पर्थ में खेले गए सीरीज के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया 163 और तीसरे मैच में 140 पर सिमट गई थी। पिछले 4 वनडे मैच में 200 का आंकड़ा छूने में नाकाम रही ऑस्ट्रेलिया पिछले 8 वनडे मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल कर सकी है।

## सार संक्षेप

### अजय भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष, प्रमोद महासचिव चुने गए

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के गुरुवार को हुए चुनाव में अजय सिंह अध्यक्ष, प्रमोद कुमार महासचिव और पोन भास्करण कोषाध्य चुने गये। 34 राज्य संघों की भागीदारी से आयोजित इन चुनावों में 66 वोटों के साथ अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और उपाध्यक्षों पदों के लिए चुनाव हुआ। आज हुए चुनाव में अजय सिंह ने प्रतिद्वंद्वी जसलाल प्रधान को हराकर तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये। अजय सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी जसलाल प्रधान पर 26 के मुकाबले 40 वोटों से जीत दर्ज की। महासचिव पद के लिए हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार ने पूर्व कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को 36 के मुकाबले 30 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था, जिसमें पोन भास्करन ने 28 मतों के साथ अनिल कुमार बोहिदार और आर. गोपू को हराया। चुनाव जीतने के बाद श्री सिंह ने कहाकि यह जीत देश भर के मेरे साथियों द्वारा मुझ पर रखे गए विश्वास और भरोसे की पुष्टि है। यह केवल एक जनादेश नहीं है, बल्कि भारतीय मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने के लिए हमारे द्वारा मिलकर किए गए अथक परिश्रम की मान्यता है।

### काशी रुद्रास के सामने नोएडा किंग्स का समर्पण

**लखनऊ।** गोस्वामी (50) और कप्तान करन शर्मा (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद कार्तिक यादव (सात रन पर चार विकेट) और शिवा सिंह (आठ रन पर दो विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत काशी रुद्रास ने गुरुवार को यूपी टी20 लीग के एक मुकाबले में नोएडा किंग्स को 88 रनों से रौंद दिया। इकाना स्टेडियम पर काशी रुद्रास ने पहले खेलते हुये छह विकेट पर 173 रन बनाये जिसके जवाब में नोएडा सुपर किंग्स की पारी 12वें ओवर में 85 रन पर सिमट गयी। गोस्वामी और करन ने पहले विकेट के लिये 85 रन जोड़ कर अपनी टीम के लिये ठोस बुनियाद तैयार की जबकि शुभम चौबे ने मात्र 18 गेंदो में 30 रन बना कर स्कोर को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

# श्रीलंका के पास शानदार टीम, जो विपक्षी टीम को मजबूत चुनौती दे सकती है : थिसारा परेरा

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से होगी, जिसमें श्रीलंकाई टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर थिसारा परेरा के मुताबिक इस टूर्नामेंट में श्रीलंकाई खेमा विपक्षियों को मजबूत चुनौती दे सकता है। थिसारा परेरा ने आईएएनएस से कहा कि मुझे लगता है कि इस वक्त श्रीलंकाई टीम सही दिशा में है। उम्मीद करता हूं कि वह भविष्य में बेहतर करेंगे। मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं कि वह अपने देश के लिए शत प्रतिशत दें। मुझे लगता है कि हमारे पास शानदार टीम है, जो विपक्षी टीम को शानदार चुनौती दे सकती है। एशिया कप में श्रीलंका को ग्रुप-बी में रखा गया है। इस ग्रुप में श्रीलंका के साथ बांग्लादेश, हांगकांग और अफगानिस्तान की टीमें भी हैं। श्रीलंकाई टीम 13 सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम अबू धाबी में अपना पहला मैच बांग्लादेश के विरुद्ध खेलेगी। इसके बाद 15 सितंबर को श्रीलंका और हांगकांग के बीच दुबई में मुकाबला खेला जाना है। श्रीलंकाई टीम ग्रुप चरण का अपना तीसरा मुकाबला अबू धाबी में अफगानिस्तान के विरुद्ध खेलेगी। एशिया कप से पहले श्रीलंकाई टीम जिम्बाब्वे दौरे पर दो वनडे और तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेगी।

# बढ़ई के बेटे ने गोल्ड मेडल जीत कर जल-क्रीड़ा के प्रति अपने जुनून को बरकरार रखा

■ सुरेश एस डुग्गर--



■ अली को खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में पहला स्वर्ण पदक मिला

**जम्मू,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। 17 वर्षीय मोहसिन अली कंद, एक बढ़ई के बेटे हैं, जो अपने पिता की आर्थिक तंगी को देखते हुए बड़े हुए, उन्होंने कभी हार नहीं मानी और जल-क्रीड़ा के प्रति अपने जुनून को बरकरार रखा। मोहसिन के लिए यह पल बेहद भावुक कर देने वाला था।

युवा एथलीट अपने बढ़ई पिता की मदद करने, परिवार का भरण-पोषण करने और एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में अपनी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्कूल के बाद डल झील में शिकारा चलाते हैं। उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत रंग लाई और उन्हें खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में पहला स्वर्ण पदक मिला, जिससे उनके परिवार और उनके समुदाय को गर्व हुआ। डल झील में शिकारा चलाने से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रचने तक, 17 वर्षीय मोहसिन अली कंद ने जम्मू कश्मीर को जश्न मनाने का एक कारण दिया है। एसपी हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12 के छात्र ने गुरुवार को खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 का पहला स्वर्ण पदक जीता, पुरुषों की 1000 मीटर कयाकिंग स्पर्धा को 4.12.717 मिनट में पूरा किया। जैसे ही मोहसिन डल झील के पानी से बाहर निकले, उनकी आंखों से आंसू बह निकले और उन्होंने अपनी कोच, पूर्व अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक जज बिलकिस मीर को गले लगा लिया। डल झील के अंदर कंद मोहगा के निवासी, मोहसिन ने सात साल की उम्र में जल क्रीड़ा की शुरुआत की थी। वह अपनी सफलता का श्रेय न केवल अपने पिता को देते हैं, बल्कि महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए जम्मू और कश्मीर कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन को भी देते हैं।

# पीकेएल-12 : कोई ऐसा रेडर नहीं दिखता जो मुझे चुनौती दे सके : मोहम्मदरेजा शादलुई

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात जायंट्स ने पिछले सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस बार प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए एक मजबूत टीम बनाई है। इसमें कई बड़े खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से एक हैं ईरान के ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शादलूई, जो पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) रहे थे। शादलूई ने पिछले सीजन हरियाणा स्टीलर्स को उनका पहला खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उससे पहले वे पुनेरी पलटन के लिए भी खेल चुके हैं और पीकेएल सीजन 10 में 99 टैकल प्वाइंट और 27 रेड प्वाइंट हासिल कर टीम को चैम्पियन बनाया था। इस बार शादलूई गुजरात जायंट्स के कप्तान हैं। वे कहते हैं कि कोई भी रेडर उन्हें या उनकी टीम को चुनौती नहीं दे सकता। जियोस्टार द्वारा आयोजित पीकेएल 12 मीडिया डे पर शैडलोई ने कहा कि मैं अच्छा खेलूंगा, अच्छी टैकल करूंगा। यहां के खिलाड़ी मुझे प्यार करते हैं और मैं भी उन्हें। यह सीजन मेरे लिए बहुत अहम है।

# 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स की लोकप्रियता बढ़ रही : पीटी पॉलोज



■ 21 अगस्त से शुरू हुआ फेस्टिवल 23 अगस्त तक चलेगा।

■ फेस्टिवल में रोइंग, कैनोइंग, कयाकिंग, वॉटर स्कीइंग, शिकारा रेस और ड्रैगन बोट रेस जैसे छह खेल शामिल हैं

**श्रीनगर,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीनगर में आयोजित 'खेलों इंडिया कार्यक्रम' में 2004 में एथेंस में आयोजित ओलंपिक में नौकायन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पी टी पॉलोज उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जल्दी हमारे खिलाड़ी नौकायन में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 'खेलो इंडिया' कैलेंडर में एक नई एंट्री है। 21 अगस्त से शुरू हुआ फेस्टिवल 23 अगस्त तक चलेगा। श्रीनगर की मशहूर डल झील में चल रहे इस फेस्टिवल का आज दूसरा दिन है। फेस्टिवल में रोइंग, कैनोइंग, कयाकिंग, वॉटर स्कीइंग, शिकारा रेस और ड्रैगन बोट रेस जैसे छह खेल शामिल हैं। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाड़ी इस इवेंट में शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर में 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' के बाद दूसरा बड़ा आयोजन है। 2017-18 में शुरू हुए 'खेलो इंडिया' अभियान का मकसद जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना, टैलेंट की पहचान करना और खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

इस अवसर पर नौकायन में ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पी टी पॉलोज भी उपस्थित थे। आईएएनएस से बात करते हुए पॉलोज ने कहा कि मैं 2004 ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद 2005 से कोचिंग के क्षेत्र में सक्रिय हूं। मैं 2013 तक सर्विसेज की टीम को कोचिंग कर रहा था। 2013 में मैंने साई में कोच के रूप में ज्वाइन किया और फिलहाल मुख्य कोच के रूप में कार्य कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि नौकायन में खिलाड़ियों के लिए अभ्यास का विकल्प बहुत कम है। हर राज्य में ट्रेनिंग सेंटर नहीं हैं। श्रीनगर में आयोजित 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है। इसमें वॉटर स्पोर्ट्स इवेंट भी हैं। इस इवेंट के जरिए खिलाड़ियों को वाटर स्पोर्ट्स के बारे में जानकारी मिल रही है। यह अच्छा संकेत है और इससे इस खेल की लोकप्रियता बढ़ेगी।

# एसए20 : चौथे सीजन के लिए प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू की हुई घोषणा



■ सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर, वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालिफायर 2 का आयोजन करेगा

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) के चौथे सीजन की शुरुआत 26 दिसंबर से हो रही है। टूर्नामेंट के प्लेऑफ और फाइनल मुकाबले के लिए वेन्यू की घोषणा कर दी गई है।

केपटाउन स्थित न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड एसए20 सीजन-4 के फाइनल की मेजबानी करेगा। वहीं, किंग्समीड, सेंचुरियन और वांडरर्स प्लेऑफ मेजबानी करेंगे। यह पहला मौका है जब एसए20 का प्लेऑफ डरबन में खेला जाएगा। इस फैसले से डरबन के क्रिकेट फैंस को 21 जनवरी को क्वालिफायर 1 के दौरान प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच होने वाले रोमांचक और मनोरंजक मैच को देखने का अवसर मिलेगा। सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर, वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालिफायर 2 का आयोजन करेगा।

एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने पिछले सीजन की तरह ही फैंस की तरफ से शानदार प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि एसए20 सीजन 4 बेहद रोमांचक साबित होने वाला है, जो बॉक्सिंग-डे से शुरू होकर छुट्टियों तक चलेगा। डरबन पहली बार प्लेऑफ की मेजबानी करेगा। हमें उम्मीद है कि यह प्रशंसकों को उत्साहित करेगा। प्लेऑफ मैचों का शेड्यूल तैयार करना और उसे अच्छी तरह से तैयार करना हमारे लिए हमेशा एक दिलचस्प चुनौती होती है।